ARBIT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत


Metro

Rashtradoot

**And Then The Rhino Became The Hunter's Trophy** — The most outstanding representation of the animal is encountered on a gold coin issued by Kumaragupta (I)

**Mac Keyboard Shortcuts**

**Children's Day Ethnic Outfits** — Children are the real treasures




*ज़िम्बाबवे के सायरीन मिशन स्कूल के छात्रों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों का संग्रह 70 साल बाद स्वदेश लौटा है और हरारे में नैशनल गैलरी ऑफ ज़िम्बाब्वे में प्रदर्शित किया गया है। ये कलाकृतियां 1940 के दशक की हैं जब यह देश ब्रिटिश उपनिवेश था, और इसे साउथ रोडेशिया के नाम से जाना जाता था। एक स्कॉटिश पादरी एडवर्ड ''नैड'' पीटरसन ने 1940 में सायरीन मिशन स्कूल की स्थापना की। स्कूल का नाम ''साइमन ऑफ साइरीन'' के नाम पर रखा गया। मैथ्यू, मार्क एवं लूक की गॉस्पैल्स (ईसा चरित), जिन्हें सिनॉप्टिक गॉस्पैल्स कहते हैं, के अनुसार, यह वो व्यक्ति था जिसे रोमन्स ने ज़ीज़स ऑफ नैज़रैथ का क्रॉस (सलीब) उठाकर ले जाने को बाध्य किया था। वर्ष 1940 में देश में अंग्रेजों का राज था इसलिए स्थानीय अश्वेत नागरिकों के लिए शिक्षा के अवसर बहुत कम थे। सायरीन मिशन स्कूल में युवा कलाकारों को रोजमर्रा के जीवन और पाश्चात्य क्रिश्चियन कहानियों को अफ्रीकन परिदृश्य में चित्रित करने के लिए प्रेरित किया गया। इसका परिणाम यह हुआ कि, बहुत रंग बिरंगी कलाकृतियां बनीं। यहां तक कि, कई पेंटिंग्स में ईसा मसीह को भी अश्वेत दर्शाया गया। अंततः देश भर से अश्वेत बच्चे पढ़ने के लिए सायरीन आने लगे। सायरीन मिशन आर्ट के विशेषज्ञ वोती थेबे ने कहा कि, ''ये तस्वीरें उम्मीद, जीवन और भविष्य को दर्शाती हैं। ये कलाकृतियां ज़िम्बाब्वे की आजादी से 40 साल पहले की हैं, उस समय सायरीन मिशन में किसी तरह का अलगाववाद नहीं था।'' धीरे-धीरे यह स्कूल युवा कलाकारों के लिए आश्रय स्थल बन गया। इसके कुछ छात्र तो बड़े होकर नामचीन कलाकार बन गए तथा कुछ ने अपने स्वयं के स्कूल शुरु किये। उन्नीस सौ चालीस के दशक के मध्य में सायरीन के छात्रों का कौशल बढ़ा तथा छात्रों को नाम और पहचान मिलने लगी। यहाँ तक कि, सन् 1947 में ब्रिटेन के राजा जॉर्ज पंचम इस स्कूल को देखने आए। सन 1949 से 1953 के मध्य इन छात्रों की कलाकृतियों की कई प्रदर्शनियाँ भी लगीं। उस दौरान 1200 से ज्यादा पेंटिंग, वुड कार्विंग और मूर्तियाँ इंग्लैंड, अमेरिका और फ्रांस ले जाई गईं। वर्ष 1953 में अन्तर्राष्ट्रीय दौरा खत्म हुआ और ये कलाकृतियां लंदन के सेंट माइकल एवं ऑल एंजल्स चर्च की एक संलग्न इमारत में रख दी गईं, जहां वो 1978 तक छुपी रहीं। वर्ष 1978 में चर्च ऑफ इंग्लैंड ने इन्हें नीलामी के लिए रखा। तब एक प्राइवेट कम्पनी ने पूरा सायरीन कलैक्शन खरीद लिया, जिसे बाद में बैलवडियर ट्रस्ट को सौंप दिया गया। वर्ष 2020 में ट्रस्ट ने पहली बार इन कलाकृतियों का लंदन में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी का शीर्षक था ''द स्टार्स आर ब्राइट''। अब इनका प्रदर्शन ज़िम्बाब्वे में हो रहा है और कई लोगों का कहना है कि इन कलाकृतियों की असली जगह यही है।*

# उदयपुर में रेलवे ट्रैक पर डेटोनेटर से ब्लास्ट, बड़ी मात्रा में बारूद बरामद हुआ

## प्र.मंत्री मोदी ने 13 दिन पहले ही इस रेललाइन का उद्घाटन किया था, ब्लास्ट के कारण रेलवे ट्रैक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ

- **सबसे पहले स्थानीय लोगों ने यहां तेज धमाके की आवाज सुनी। धमाके के सिर्फ 4 घंटे पहले ही इस पुल से ट्रेन गुजरी थी। घटना के बाद अहमदाबाद से उदयपुर आ रही ट्रेन को डूंगरपुर में ही रोक दिया गया।**
- **प्रशासन ने इस घटना के पीछे गहरी आतंकी साजिश की आशंका जताई।**
- **जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा का कहना है कि, डेटोनेटर से पुल को उड़ाने की साजिश की गई है।**

उदयपुर, 13 नवम्बर। उदयपुर-अहमदाबाद रेल लाइन पर 13 दिन पहले बने पुल पर रात में विस्फोट की आवाज से हड़कंप मच गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार शनिवार देर रात अज्ञात लोगों ने ब्लास्ट कर दिया। सबसे पहले स्थानीय लोगों ने यहां तेज धमाके की आवाज सुनी। मौके पर बारूद भी मिला है। ब्लास्ट से पटरियों पर क्रैक आ गया है। इस घटना के संबंध में उदयपुर पुलिस ने कहा कि, इसके पीछे आतंकी साजिश भी हो सकती है। पूरी तरह योजना बनाकर इस ट्रैक पर ब्लास्ट करने की साजिश की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धमाके के सिर्फ 4 घंटे पहले ही इस पुल से ट्रेन गुजरी थी।

घटना के बाद अहमदाबाद से उदयपुर आ रही ट्रेन को डूंगरपुर में ही रोक दिया गया। इस मामले में जिला कलेक्टर का बयान आया है। जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा का कहना है कि डेटोनेटर से पुल को उड़ाने की साजिश की गई है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी इस संबंध में जांच के आदेश दिए गए हैं। उधर, विस्फोट के बाद स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर देखा तो नया ट्रैक क्षतिग्रस्त मिला। लोगों ने तुरंत रेलवे को इसकी सूचना दी। लोगों की सजगता से बड़ा हादसा टल गया।

दरअसल, यह रेल लाइन 31 अक्टूबर से ही शुरू हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस ट्रैक का उद्घाटन किया था। इसी बीच कलेक्टर घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे और पुलिस प्रशासन से घटना की जानकारी ली। इस घटना के बाद सी.एम. अशोक गहलोत ने कहा कि ओडा रेलवे पुल पर रेल पटरियों को नुकसान पहुंचाने का मामला चिंताजनक है। डी.जी. पुलिस को घटना की तह तक जाने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने बताया कि, हम इस मामले को लेकर सजगता से कार्य कर रहे हैं। आरोपियों को जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस घटना के बाद गांव के लोगों ने बताया कि, रात में धमाके की जोरदार आवाज सुनाई दी थी। जब स्थानीय लोग ट्रैक पर पहुंचे तो पटरी क्षतिग्रस्त दिखाई दी। तब वहां तुरंत लाल कपड़ा बांध दिया गया। साथ ही रेलवे प्रशासन को सूचना दे दी थी।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार हमें सुबह 8 बजे सूचना मिली थी कि जावर से खारवा चंदा के बीच में ट्रेक को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया गया है। सूचना मिलने पर मौके पर सिवलि पुलिस और रेलवे के अधिकारी पहुँच गए है, जो मामले की तहकीकात में जुट गए है। उन्होंने बताया कि मौके से एफ.एस.एल. सैंपल भी लिए गए है।

इधर, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी ट्वीट कर मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि उदयपुर से 35 किमी दूरी पर रेलवे ट्रैक पर जो विस्फोट की घटना हुई हे उसकी जांच ए.टी.एस., एन.आई.ए. व रेलवे आर.पी.एफ. करेगी। सुरक्षा एजेंसी मौके पर पहुंच जांच में जुटी है और आरोपियों पर कड़ी कारवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि रेलवे की एक टीम क्षतिग्रस्त पुलिया को ठीक करने में भी लगी हुई है।

जावर माइंस थानाधिकारी अनिल विश्नोई ने बताया कि माइनिंग ब्लास्ट में काम आने वाली सामग्री का उपयोग किया गया है। देसी विस्फोटक सामग्री मिली है।

फिलहाल हर एंगल पर जांच कर रहे है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा को डिटेल जांच के निर्देश दिए है।

## हवा में टकराकर दो प्लेन क्रैश, 6 की मौत

- **अमेरिका के टैक्सस शहर में एयर शो के दौरान दो विमान आपस में टकरा गये, जिससे वहां पर भयानक आग लग गई।**

टैक्सस, 13 नवम्बर। अमेरिका के टैक्सस शहर में द्वितीय विश्व युद्ध के समय के दो विमान एयर शो के दौरान हवा में ही टकरा गए। घटना के तुरंत बाद ही दोनों विमानों क्रैश हुए और आग लग गई थी। खबर है कि इस दौरान 6 लोगों की मौत हुई है। वहीं, मामले की जांच भी शुरू कर दी गई है।

घटना शनिवार को टेक्सास के डेलास की है। यहां द्वितीय विश्व युद्ध की यादगार के तौर पर आयोजित एयर शो के दौरान एक बोइंग बी-17 फ्लाइंग फोर्ट्रेस बॉम्बर और बेल पी-63 किंग कोबरा फाइटर टकरा गए। फेडरल एविएशन एडमिनिसट्रेशन ने बताया है कि घटना डेलास एग्जीक्यूटिव एयरपोर्ट पर दोपहर करीब 1.20 बजे हुई। सोशल मीडिया पर घटना के कई

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# इण्डोनेशिया में 45 घंटे बितायेंगे प्र.मंत्री, 10 देशों के राष्ट्र प्रमुखों से मीटिंग होगी

## इण्डोनेशिया में जी-20 सम्मेलन के दौरान प्र.मंत्री मोदी की मुलाकात ऋषि सुनक व जो बाइडन से भी होगी

- **जी-20 का 17वां सम्मेलन है। इसके समाप्त होते ही इण्डोनेशिया के राष्ट्रपति जी20 की अध्यक्षता भारत को सौंप देंगे।**

नई दिल्ली, 13 नवम्बर। जी-20 सम्मेलन में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री मोदी इण्डोनेशिया जा रहे हैं। उनका यह दौरा काफी व्यस्त रहने वाला है। वह इण्डोनेशिया में लगभग 45 घंटे का समय बिताएंगे और इस दौरान 20 वार्ताओं में हिस्सा लेंगे। दुनियाभर के 10 नेताओं के साथ वह द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। सोमवार को वह इंडोनेशिया जाने वाले हैं। 16 नवंबर को प्रधानमंत्री वापस आएंगे। जी20 का 17वां सम्मेलन है। इसके समाप्त होते ही इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जी20 की अध्यक्षता भारत को सौंप देंगे।

सरकार के सूत्रों के मुताबिक इस साल के जी20 सम्मेलन में तीन वर्किंग सेशन और कुछ अन्य कार्यक्रम होने हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी इंडोनेशिया में भारतीयों के कार्यक्रम में भी शिरकत कर सकते हैं। वे इंडोनेशिया में रहने वाले भारतीयों को संबोधित करेंगे। भारत 1 दिसंबर 2022 से जी20 की की अध्यक्षता स्वीकार कर सकता है।

विदेश मंत्री एस जयशंकरी ने जी20 की बैठक में कहा था की दुनियाभर को मिलकर वैश्विक समस्याओं का सामना करना है। उन्होंने कहा था, रिकवर टुगेदर, रिकवर स्ट्रॉन्गर। जी20 सम्मेलन के दौरान जो तीन वर्किंग सेशन होंगे उनका अजेंडा रहेगा, फूंड ऐंड एनर्जी सिक्योरिटी. स्वास्थ्य और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के दौरान होने वाले इस सम्मेलन को अहम माना जा रहा है।

जी20 के जरिए दुनिया के बड़े नेता एक ही मंच पर आने वाले हैं। भारत के रुख की बात करें तो भारत हमेशा से ही युद्ध का विरोध करता रहा है। हालांकि इस विवाद को लेकर भारत ने संतुलन बनाकर रखा है। इससे पहले तजाकिस्तान के दौरे पर प्रधानमंत्री ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से कहा था कि यह युग युद्ध का नहीं है। हालांकि इस बार पुतिन ने जी20 सम्मेलन से किनारा कर लिया है। बताया जा रहा है कि जो बाइडन के वजह से पुतिन जी20 सम्मेलन में शिरकत नहीं करेंगे।

वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ हो सकती है। वे आपसी सहयोग और साझेदारी को और मजबूत करने के बारे में चर्चा कर सकते हैं।

# चुनाव आते ही कांग्रेस नेताओं की जुबान फिसलनी शुरु हुई!

## कांग्रेस महासचिव मधुसूदन मिस्त्री ने कहा, वे आने वाले चुनाव में प्र.मंत्री को उनकी औकात बताएंगे

- **रविवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने केन्द्र सरकार की नीतियों पर बात करते हुये प्रधानमंत्री मोदी को यू-टर्न उस्ताद बता दिया।**
- **सबसे अहम बात है कि, तमाम कांग्रेसी नेताओं ने प्रधानमंत्री के खिलाफ गलत शब्दों का इस्तेमाल अहम मौकों पर किया है। इससे भी अहम यह है कि, ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करने के बाद कांग्रेस को इसका खामियाजा भी उठाना पड़ा है। प्रधानमंत्री के खिलाफ कांग्रेसी नेताओं के गलत शब्दों को भाजपा राजनीतिक तौर पर भुना लेती है। प्रधानमंत्री पर अटैक होता है तो भाजपा इसे कांग्रेस की मानसिकता बताने लगती है।**

नई दिल्ली, 13 नवम्बर। कांग्रेस भी लगातार एक गलती दोहरा रही है और यह गलती है उसके बड़े नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ गलत शब्दों का इस्तेमाल। इससे भी ज्यादा हैरानी की बात यह है कि इन शब्दों का इस्तेमाल बेहद अहम मौकों पर किया गया। अब जयराम रमेश ने मोदी को यू-टर्न उस्ताद बता दिया है।

साल 2017 के गुजरात विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने प्रधानमंत्री के खिलाफ गलत शब्दों का इस्तेमाल किया था। एक बार फिर गुजरात विधानसभा के चुनाव हैं और इस बार जुबान फिसली है कांग्रेस के सीनियर लीडर मधुसूदन मिस्त्री की। कल गुजरात में मधुसूदन मिस्त्री ने गुजरात चुनाव के लिए कांग्रेस के घोषणापत्र का ऐलान किया। इसके बाद उन्होंने कुछ ऐसा कहा जो आने वाले चुनाव में उनकी पार्टी के लिए घाटे का सौदा साबित हो सकता है। मिस्त्री ने कहा कि, वे आने वाले चुनाव में प्रधानमंत्री को औकात बताएंगे। वहीं, आज जयराम रमेश ने फूड सिक्योरिटी को लेकर केंद्र सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर हलफनामे पर तंज कसते हुए पी.एम. को यू-टर्न उस्ताद बता दिया।

सबसे अहम बात है कि, तमाम कांग्रेसी नेताओं ने प्रधानमंत्री के खिलाफ गलत शब्दों का इस्तेमाल अहम मौकों पर किया है। इससे भी अहम यह है कि ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करने के बाद कांग्रेस को इसका खामियाजा भी उठाना पड़ा है। पी.एम.

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## हिमाचल में निजी वाहन से ई.वी.एम. बरामद हुई

- **पुलिसकर्मी निजी वाहन में रखकर ई.वी.एम. को दूसरी जगह ले जा रहे थे, इस घटना में शामिल छः पुलिसकर्मियों को सस्पैंड कर दिया गया है।**

शिमला, 13 नवंबर (वार्ता)। हिमाचल प्रदेश में दत्तानगर मतदान केन्द्र पर नियुक्त छह पुलिसकर्मियों को इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ई.वी.एम.) के निजी वाहनों से बरामद होने के बाद चुनाव ड्यूटी के उल्लंधन के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। निर्वाचन अधिकारी एवं एस.डी.एम. सुरेन्द्र मोहन ने बताया कि मतदान दल नम्बर 146 निजी वाहन से ई.वी.एम. मशीन लेकर जा रहा था। यह चुनाव आयोग के निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन था।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अमेरिका में मिड टर्म चुनाव में डॉनल्ड ट्रम्प की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा

## नतीजों में सत्तारूढ़ डैमोक्रेटिक पार्टी ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी पर भारी पड़ी, डैमोक्रेटिक पार्टी के पास बहुमत बरकरार रहा

- **डॉनल्ड ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई है। इन परिणामों के बाद 100 सदस्यीय सीनेट में डैमोक्रेटिक पार्टी के पास 50 सीटें होंगी जबकि रिपब्लिकन पार्टी के पास वर्तमान में 49 सीटें हैं। जॉर्जिया के चुनाव परिणाम अभी नहीं आए हैं।**
- **अमेरिकी सीनेट के मध्यावधि चुनाव में बढ़त नहीं मिलने पर पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प के लिए 2024 की राह मुश्किल हो सकती है। ट्रंप 2024 में दोबारा चुनाव लड़ना चाहते हैं। वहीं यह चुनाव बाइडन की नीतियों और अब तक उनकी ओर से कराए गए कार्यों और शासन का सोशल ऑडिट जैसा होगा।**

वॉशिंगटन, 13 नवम्बर। अमेरिका के मिड टर्म पोल यानि मध्यावधि चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई है। अमेरिका में अब तक आए मध्यावधि चुनाव के नतीजों के मुताबिक अमेरिका में सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी सीनेट में ट्रंप की पार्टी पर भारी पड़ रही है। इसे ट्रंप के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। क्योंकि वर्ष 2024 के लिए डोनल्ड ट्रंप अभी से राष्ट्रपति पद के दौर में शामिल होने का संकेत दे चुके हैं।

चुनावी विशेषज्ञों के अनुसार भले ही अभी कुछ सीटों के नतीजे आने बाकी हैं, लेकिन प्रथमदृष्टया डेमोक्रेटिक पार्टी ने बढ़त बना ली है। ऐसो में वह सीनेट में बहुमत बरकरार रखेगी, क्योंकि उसके दो उम्मीदवारों के रिपब्लिकन पार्टी उम्मीदवारों के खिलाफ जीत दर्ज करने का अनुमान है। नेवाडा में सीनेटर कैथरीन कोर्टेज मैस्टो के अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी एडम लैक्सेट को हराने की उम्मीद है, जिन्हें पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन हासिल था। जबकि एरिजोना में सीनेटर मार्क केली रिपब्लिकन पार्टी उम्मीदवार ब्लैक मास्टर्स को हराने की ओर बढ़ रहे हैं। इन परिणामों के बाद 100 सदस्यीय सीनेट में डेमोक्रेटिक पार्टी के पास 50 सीटें होंगी जबकि रिपब्लिकन पार्टी के पास वर्तमान में 49 सीटें हैं। जॉर्जिया के चुनाव परिणाम अभी नहीं आए हैं।

अमेरिकी सीनेट में कुल 100 सीटें हैं, जिनमें से डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी के 50-50 सदस्य थे। मुकाबला बराबर रहने पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस सीनेट की प्रमुख की हैसियत से अपना वोट डालती थीं। इससे पहले सीनेट के नेता सदन चक शूमर ने शनिवार रात जीत हासिल करने का दावा किया। उन्होंने ट्वीट किया, सीनेट में डेमोक्रेटिक पार्टी को बहुमत। अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के दो सदनों सीनेट और प्रतिनिधि सभा के लिए आठ नवंबर को मतदान हुआ था। वहीं, प्रतिनिधि सभा की बात करें तो शनिवार तक रिपब्लिकन पार्टी 213 सीटों पर जीत हासिल कर चुकी थी या फिर आगे चल रही थी। डेमोक्रेटिक पार्टी 203 सीटों पर आगे थी या जीत हासिल कर चुकी थी। इस बीच, डेमोक्रेटिक पार्टी के सिस्को एग्वीलर को नेवाडा का 'सेक्रेटरी ऑफ स्टेट' चुन लिया गया है। उन्होंने रिपब्लिकन पार्टी उम्मीदवार जिम मर्चेंट को हराया।

अमेरिकी सीनेट के मध्यावधि चुनाव में बढ़त नहीं मिलने पर पूर्व

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मुंबई एयरपोर्ट पर 61 किलो सोना बरामद

- **भारत में यह रिकॉर्ड है कि, एक दिन में एक ही एयरपोर्ट से इतनी बड़ी मात्रा में सोना बरामद किया गया है, इसकी बाजार कीमत करीब 32 करोड़ रू. है।**

मुंबई, 13 नवम्बर। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कस्टम अधिकारियों ने एक दिन में सबसे ज्यादा सोना जब्त करने का रिकॉर्ड बनाया है। यहां रविवार को दो अलग-अलग ऑपरेशन्स में 61 किलो सोना बरामद किया गया जिसकी कीमत 32 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस मामले में कम से कम सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें पांच पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं।

मुंबई के कस्टम अधिकारियों ने कहा कि यह एक दिन में होने वाली सबसे बड़ी जब्ती है। पहले ऑपरेशन में तंजानिया से लौटने वाले कुछ भारतीयों के पास से 1-1 किलो की सोने की ईंटें बरामद हुईं। उसने अपने शरीर पर ए बेल्ट बांध रखी थी और उसमें कई पॉकेट लगी थीं। इसी में 53 किलो सोने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**उत्साह मनुष्य की भाग्यशीलता का पैमाना है। –तिरुवल्लुवर**

# यह किताब हमारी पर्यावरणीय समझ को बेहतर बनाती है!

दीप नारायण पाण्डेय के नाम से इस प्रकाशन का कोई भी नियमित पाठक अपरिचित नहीं होगा। विगत कई वर्षों से वे हर रविवार इसी स्थान पर अपने आयुर्वेद के विशद एवं प्रामाणिक ज्ञान से हमें लाभान्वित कर रहे हैं। पाठकों को उनके अतिथि संपादकीय की व्याकुलता से प्रतीक्षा रहती है क्योंकि उसे पढ़कर हम एक अपेक्षाकृत स्वस्थ जीवन शैली की ओर अग्रसर होते हैं। मुझे उनके ये लेख इसलिए भी आकर्षित करते हैं कि वे अतीत की बात तो करते हैं लेकिन उसे केवल भावुकता या मोह के भरोसे नहीं छोड़ देते, उसे तथ्यों और प्रमाणों से पुष्ट भी करते चलते हैं। श्री पाण्डेय का एक परिचय और है। वे राजस्थान में पदस्थापित भारतीय वन सेवा के सर्वोच्च अधिकारी हैं। लेकिन यह परिचय मात्र इतने से ही पूर्ण नहीं हो जाता है। उनके इस परिचय को पूर्ण करने के लिए मैं आज उनकी सद्य प्रकाशित और बहुत तेज़ी से लोकप्रिय हो गई किताब की चर्चा करना चाहता हूं। इस किताब का शीर्षक है–'घर से वन तक।' इसका उप शीर्षक है–'ट्रॉपिकलड्रायफॉरेस्टरेस्टोरेशन', अर्थात उष्ण कटिबंधीय शुष्क वनों का पुनर्स्थापन। लगभग तीन सौ पृष्ठों की यह किताब प्रतिष्ठित प्रभात प्रकाशन से आई है। इस किताब से गुज़रते हुए हमें डॉ पाण्डेय की अपने काम के प्रति गहरी निष्ठा, उनके गहन अध्ययन, उनकी सूक्ष्म निरीक्षण क्षमता और अपने परिवेश से उनके बहुत गहरे लगाव का जो परिचय मिलता है, वह उनके परिचय को पूर्णता की तरफ ले जाता है। इतना और जोड़ दूं कि यह पुस्तक उनकी योग्यता और प्रतिभा का मात्र एक आयाम है। उम्मीद करें और आग्रह भी कि बहुत जल्दी हमें उनकी प्रतिभा और विशेषज्ञता के अन्य पक्षों से भी लाभान्वित होने का अवसर मिलेगा।

स्वाभाविक ही है कि इस किताब के बारे में कुछ और जानने से पहले हम यह जानने को उत्सुक हों कि आखिर उष्णकटिबंधीय शुष्क वन होते क्या हैं? हमारी इस जिज्ञासा को डॉ पाण्डेय इस तरह शांत करते हैं:– "उष्णकटिबंधीय शुष्क वन दुनिया में मुख्यतः उष्णकटिबंधीय पट्टी के तीनों क्षेत्रों – अमेरिका, अफ्रीका और एशिया – में ट्रॉपिकललैटीट्यूड की उस पट्टी में मिलते हैं जहां उच्च तापक्रम होता है, तीन-चार महीने मौसमी वर्षा होती है और शेष महीनों में मौसम सूखा रहता है। सभी प्रकार के उष्णकटिबंधीय वनों का तीस प्रतिशत से अधिक क्षेत्रफल उष्णकटिबंधीय शुष्क वन के रूप में है।" भारत के संदर्भ में डॉ. पाण्डेय बताते हैं कि "भारत में पाए जाने वाले मुख्य 16 प्रकार के वनों में उष्णकटिबंधीय शुष्क पर्णपाती वन सबसे अधिक क्षेत्र में पाए जाते हैं। देश के कुल वन क्षेत्र का 40.86 प्रतिशत उष्णकटिबंधीय शुष्क पर्णपाती वनों से आच्छादित है तथा इनका कुल क्षेत्रफल 3,13,617 वर्ग किमी है। भारत में यही वन सर्वाधिक संकटापन्न हैं और संकट इतना बड़ा है कि भारी प्रयत्नों के बावज़ूदउष्णकटिबंधीय शुष्क पर्णपाती वन क्षेत्रों में स्थित दो बाघ अभयारण्यों – सरिस्का और पन्ना से बाघ का स्थानीय विलोपन हुआ था।" डॉ. पाण्डेय ने बहुत महत्वपूर्ण बात यह कही है कि जहां लोग अपनी आजीविका के लिए वनों की तरफ देखते हैं और स्थानीय लोगों और उष्णकटिबंधीय वनों के बीच आदि काल से ही पारस्परिक अंत:क्रिया का रिश्ता रहा है, वहीं वे ही लोग अपनी अनेक गतिविधियों जैसे कृषि, पशु पालन, कटान, अतिक्रमण, खनन आदि से इन वनों को दुष्प्रभावित भी करते हैं। उन्होंने बताया है कि इन शुष्क वनों का लगभग 90 प्रतिशत इन गतिविधियों से दुष्प्रभावित हुआ है। डॉ. पाण्डेय के शब्दों में, "समकालीन स्थिति यह है कि उष्णकटिबंधीय वन जहां भी हैं, वहां पहले से अधिक और जटिल मानवीय हस्तक्षेप भुगत रहे हैं।"

दीर्घकालीन अनुभवों और व्यापक अध्ययन के आधार पर रचित इस पुस्तक में डॉ पाण्डेय ने बहुत अफसोस के साथ यह बात कही है कि हालांकि भारत में वनों की पुनर्स्थापना का बहुत पुराना और समृद्ध इतिहास है, आज या तो इस विज्ञान की उपेक्षा होती है या फिर अर्जित अनुभवों से लाभ नहीं उठाया जाता है और जो लोग वनों से दीर्घकाल से जुड़े हुए हैं उनकी ज़रूरतों और अपेक्षाओं की अनदेखी की जाती है। विद्वान लेखक ने बताया है कि भारत में यूएनडिकेडऑनईकोसिस्टमरेस्टोरेशन 2021-2030 के अंतर्गत व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण और वन पुनर्स्थापन प्रस्तावित है। भारत पारिस्थितिक तंत्रों के पुनर्स्थापन के माध्यम से पारिस्थितिक और आर्थिक लाभ को बढ़ाने के लिए बॉनचैलेंज और संयुक्त राष्ट्र संघ के पारिस्थितिक तंत्र पुनर्स्थापन दशक 2021-2030 का एक सदस्य है और वर्ष 2030 तक 26 मिलियन हेक्टेयर बिगड़ी भूमि को सुधारने का लक्ष्य सामने रखे हुए है। लेकिन दिक्कत की बात यह है कि भारत में वनों के पुनर्स्थापन की बजाय वृक्षारोपण पर ज़ोर दिया जा रहा है और वृक्षारोपण भी तकनीकी रूप से ठीक तरह से नहीं हो रहा है जिससे आर्थिक संसाधन बरबाद हो रहे हैं।

> **एक बहुत ही ख़ास बात यह है कि डॉ. पाण्डेय स्थितियों को बेहतर बनाने के लिए केवल पेड़-पौधों की ही बात नहीं करते हैं। वे इनके विकास व विस्तार में वन्य प्राणियों की भूमिका को भी उजागर करते हैं और इस बात पर हमारा ध्यान आकर्षित करते हैं कि वन्य प्राणियों का क्षरण भी हमारे पारिस्थितिक तंत्र में आने वाले असंतुलन का एक बड़ा कारण है।**

इस किताब में डॉ. पाण्डेय अपने विशद अध्ययन के आधार पर वर्तमान स्थितियों को ध्यान में रखते हुए और आज की ज़रूरतों को समझते हुए प्रकृति और मानव के बीच के रिश्तों को बेहतर बनाने के लिए पुनर्स्थापन (रेस्टोरेशन) और पुनर्वन्यकरण (रीवाइल्डिंग) की बात करते हैं। वे समग्रता में पुनर्स्थापन की बात करते हैं, जो बहुत व्यावहारिक है। उनका यह भी विचार है कि ये सारे काम केवल वनों में ही नहीं, घरों में भी होने चाहिएं, तभी अपेक्षित परिणाम मिल सकेंगे। एक बहुत ही ख़ास बात यह है कि डॉ. पाण्डेय स्थितियों को बेहतर बनाने के लिए केवल पेड़-पौधों की ही बात नहीं करते हैं। वे इनके विकास व विस्तार में वन्य प्राणियों की भूमिका को भी उजागर करते हैं और इस बात पर हमारा ध्यान आकर्षित करते हैं कि वन्य प्राणियों का क्षरण भी हमारे पारिस्थितिक तंत्र में आने वाले असंतुलन का एक बड़ा कारण है। क्योंकि यह एक विशेषज्ञ द्वारा लिखित पुस्तक है, इसमें बहुत सारी सूक्ष्म तकनीकी चर्चा भी है, जैसे डॉ. पाण्डेय यह सवाल उठाते हैं कि वन पुनर्स्थापन अच्छा है या वृक्षारोपण? हममें से शायद ही किसी का ध्यान इस बारीक बात की तरफ गया हो। वे अनेक प्रामाणिक अध्ययनों का हवाला देकर बताते हैं कि केवल वृक्षारोपण अपने आप में पर्याप्त नहीं है, इसकी बजाय हमें सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय लाभों के लिए बहु-क्रियात्मक वन पुनर्स्थापन पर ध्यान देना चाहिए। लेकिन इससे यह भी समझ लेना ग़लत होगा कि वृक्षारोपण को त्याग ही दिया जाए। दोनों का अपना-अपना महत्व है और इनके बीच संतुलन बनाए रखना ज़रूरी है।

डॉ. पाण्डेय अपनी बात कहते हुए यथार्थ से कभी मुंह नहीं मोड़ते हैं। मसलन वे स्वीकार करते हैं कि वृक्षारोपण कोई सस्ता काम नहीं है, इसके लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन ज़रूरी होते हैं। इसी तरह वे वृक्षारोपण की बात करते हुए रोपित पौधों की उत्तरजीविता की बात करना भी नहीं भूलते हैं। इतना पर्याप्त नहीं होता है कि वृक्षारोपण करके आंकड़े बढ़ा दिये जाएं। यह भी देखा जाना चाहिए रोपित वृक्ष जीवित भी रहता है या नहीं। विद्वान लेखक का कहना है कि सुमात्रा के उष्णकटिबंधीय वर्षा वनों में जहां औसत वर्षा 2,456 मिलीमीटर प्रतिवर्ष होती है वहां भी रोपित पौधों की उत्तरजीविता मात्र 41 प्रतिशत है। इसलिए वे हमें समझाते हैं कि वन पुनर्स्थापन के लिए वृक्षारोपण को अंतिम विकल्प के रूप में ही अपनाया जाना चाहिए।

मुझे इस किताब की सबसे ख़ास बात यह लगी कि डॉ. पाण्डेय जो बात कहते हैं उसे प्रमाणों से पुष्ट करते चलते हैं और वे अतिरंजना और अतार्किक आशावाद से बचाते हैं। मसलन वे कहते हैं कि अगर बिगड़े वनों को उसी स्थिति में लाना है जैसे प्राकृतिक वन होते हैं तो इस काम में कम से कम 120 साल लगेंगे और तब भी यह काम 90 प्रतिशत ही हो सकेगा। वे इस बात को स्वीकार करते हैं कि मनुष्य और प्रकृति के रिश्ते में अनेक विकृतियां आई हैं और आज प्रकृति का विदोहन पहले से कहीं अधिक हो रहा है। समस्याएं अनेक हैं और उनके कोई सीधे-सरल समाधान नहीं हैं। "उदाहरणार्थ वन पुनर्स्थापन के समय स्थानीय समुदाय पर लगाई गई पाबंदियां आजीविका को संकटग्रस्त कर देती हैं, लेकिन पाबंदियों के बिना दीर्घकालीन पुनर्स्थापन और आजीविका सुधार सम्भव नहीं है।" मुझे इस किताब का निष्कर्ष बहुत शानदार लगा। डॉ. पाण्डेय कहते हैं, "यदि मनुष्य प्रकृति के साथ अपने दुर्व्यवहार को व्यक्तिगत स्तर पर व्यवहार परिवर्तन करते हुए सुधार ले तो वह उस पर्यावरण को नष्ट करने से बचेगा, जिसका वह स्वयं एक अंतर्निहित घटक है।"

यह किताब बहुत सरल नहीं है। इसकी शब्दावली भी तकनीकी है। किताब के लिए जो संदर्भ काम में लिये गए हैं उनमें से अधिकांश विदेशी हैं लेकिन इसके बावज़ूद डॉ. पाण्डेय ने ख़ुद को अंग्रेज़ी मोह से बचाते हुए यह किताब हिंदी में लिखी है, इस बात की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। मेरा विचार है कि हर ज़िम्मेदार नागरिक को इसे पढ़ना चाहिए ताकि वह अपने परिवेश की जटिलताओं को समझ सके, उसके बिगाड़ को रोक सके और उसे बेहतर बनाने की दिशा में सक्रिय हो सके।

डॉ. दीप नारायण पाण्डेय इस शानदार काम के लिए हमारे अभिवादन और कृतज्ञता के पात्र हैं!

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# भारत के मीडिया में एससी, एसटी एवं ओबीसी वर्ग की भागीदारी



डॉ.रमेश बैरवा

- **न्यूजलॉन्ड्री की रिपोर्ट के अनुसार मीडिया के 121 महत्वपूर्ण पदों में से 106 पर उच्च जाति के व्यक्ति हैं**
- **आदिवासी तबके का एक भी व्यक्ति मीडिया के बड़े पदों पर नहीं है**
- **खास चर्चा कार्यक्रम के 70 प्रतिशत पैनलिस्ट उच्च जाति के हैं**

जयपुर, (कासं)। विश्व प्रसिद्ध सामाजिक संस्था ऑक्सफैम इंडिया ने पिछले दिनों भारतीय मीडिया में वंचित जाति समूहों के प्रतिनिधित्व की मौजूदा स्थिति के बारे में " हू टेल्स अवर स्टोरीज मैटर्स : रिप्रेजेन्टेशन ऑफ मारजेनेलाइज्ड कास्ट ग्रुप्स इन इंडियन न्यूजरूम" नामक एक खास रिपोर्ट प्रकाशित की है। यह रिपोर्ट न्यूजलॉन्ड्री नामक प्रसिद्ध डिजिटल मीडिया चैनल ने तैयार की है। रिपोर्ट का मकसद मीडिया में जातिगत वंचना और भेदभाव की स्थिति पर गंभीर विमर्श शुरू करना और मीडिया को समावेशी बनाना है। यह रिपोर्ट बताती है कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी भारत के मीडिया में ब्राह्मण,क्षत्रिय,वैश्य जैसी उच्च जातियों का वर्चस्व कायम है। आदिवासी तबके का प्रतिनिधित्व नगण्य है। दलित तबके के पत्रकार भी बहुत ही कम हैं और जो भी हैं वे अकसर सामाजिक कार्य या राजनीति से जुड़े हैं,व्यावसायिक पत्रकार नहीं के बराबर हैं। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को भी कोई खास जगह नहीं मिल पाई है।

न्यूजलॉन्ड्री की यह रिपोर्ट भरपूर सबूतों के साथ बताती है कि दलित, आदिवासी,अन्य पिछडा वर्गों की पहुंच मीडिया में समुचित नहीं है, वह मीडिया जो जनमत तैयार करता है। रिपोर्ट अंग्रेजी एवं हिंदी अखबारों, जिनकी रीडरशिप ज्यादा है, में प्रकाशित खबरों तथा 7 अंग्रेजी टीवी चैनल और इतने ही हिंदी चैनलों पर होने वाले डिबेट पर केंद्रित है। रिपोर्ट बताती है कि प्रधान संपादक,प्रबंध संपादक, कार्यकारी संपादक,ब्यूरो चीफ जैसे 121 महत्वपूर्ण पदों में से 106 पर उच्च जाति के व्यक्ति हैं। दलित, आदिवासी तबके का एक भी व्यक्ति मीडिया के इन बड़े पदों पर नहीं है। खास चर्चा के 4 में से 3 एंकर उच्च जाति के हैं। कोई भी दलित,आदिवासी एवं ओबीसी से नहीं है। खास चर्चा कार्यक्रम के 70 प्रतिशत पैनलिस्ट उच्च जाति के हैं। अंग्रेजी अखबारों में मुश्किल से 5 प्रतिशत एवं हिंदी अखबारों में करीब 10 प्रतिशत लेख दलित,आदिवासियों द्वारा लिखे जाते हैं। जाति के बारे में लिखने वाले आधे से ज्यादा उच्च जाति के हैं। करीब 72 प्रतिशत लेख उच्च जाति के व्यक्तियों द्वारा लिखे जाते हैं। 12 पत्रिकाओं के कवर पेज के 972 लेखों में से मात्र 10 लेख ही जाति के बारे में पाए गए हैं।

सीएनएन न्यूज 18, इंडिया टुडे, मिरर नाउ, एनडीटीवी, राज्यसभा टीवी, रिपब्लिक टीवी, टाइम्स नाउ जैसे इंग्लिश टीवी चैनल के बड़े पदों पर करीब 90 प्रतिशत उच्च जाति के व्यक्ति हैं। 75 प्रतिशत एंकर उच्च जाति के हैं। इंडिया टुडे के 65, सीएनएन न्यूज 18 के 66 प्रतिशत,एनडीटीवी के 71, राज्यसभा टीवी के 89 प्रतिशत पैनलिस्ट उच्च जाति के हैं। औसतन करीब 55 प्रतिशत पैनलिस्ट उच्च जाति, 6 प्रतिशत दलित, 8 प्रतिशत ओबीसी के हैं। आदिवासी तबके से एक प्रतिशत पैनलिस्ट भी नहीं है। डिबेट के लिए आमंत्रित पैनलिस्ट में शैक्षिक जगत के उच्च जाति के 52 प्रतिशत, दलित 4 प्रतिशत, ओबीसी 21 प्रतिशत हैं। राजनीतिक विश्लेषकों में 49 प्रतिशत उच्च जाति के, 7 प्रतिशत दलित, 11 प्रतिशत ओबीसी हैं। धार्मिक क्षेत्र के पैनलिस्ट में 49 प्रतिशत उच्च जाति के, 4 प्रतिशत दलित, ओबीसी 1 प्रतिशत हैं। पैनलिस्ट में सामाजिक कार्यकर्ता 52 प्रतिशत उच्च जाति के, 3 प्रतिशत दलित, एक प्रतिशत आदिवासी, 5 प्रतिशत ओबीसी हैं। थिंक टैंक के रूप में आमंत्रित पैनलिस्ट में 81 प्रतिशत उच्च जाति के हैं। पैनलिस्ट में स्वयंसेवी संस्थाओं के 50 प्रतिशत एवं पार्टी प्रवक्ताओं में 63 प्रतिशत उच्च जाति के हैं,जबकि दलित 3 प्रतिशत,ओबीसी 5 प्रतिशत तथा आदिवासी शून्य के करीब हैं। हिंदी टीवी चैनलों में से बड़े पदों पर 100 प्रतिशत उच्च जाति के हैं। एंकरों में उच्च जाति 80 प्रतिशत उच्च जाति के एवं ओबीसी के 7 प्रतिशत हैं। आज तक में 73, न्यूज़18 में 64, इंडिया टीवी में 76, एनडीटीवी में 65, राज्यसभा टीवी में 89,रिपब्लिक इंडिया में 74, ज़ी न्यूज़ में 70 प्रतिशत एंकर उच्च जाति के हैं।

औसतन 60 प्रतिशत पैनलिस्ट उच्च जाति,6 प्रतिशत दलित,एक प्रतिशत से भी कम आदिवासी और 8 प्रतिशत ओबीसी के हैं। टीवी चैनल्स पर आमंत्रित राजनीतिक विश्लेषकों में 58 प्रतिशत उच्च जाति, 6 प्रतिशत दलित, 6 प्रतिशत ओबीसी के हैं। डिबेट में आमंत्रित पार्टी प्रवक्ताओं में 60 प्रतिशत उच्च जाति,4 प्रतिशत दलित, 9 प्रतिशत ओबीसी एवं सिर्फ आधा प्रतिशत आदिवासी हैं। शिक्षा जगत से आए पैनलिस्ट में 55 प्रतिशत उच्च जाति, 4 प्रतिशत दलित, 3 प्रतिशत ओबीसी एवं सिर्फ एक प्रतिशत ही आदिवासी हैं। डिबेट में बुलाए सामाजिक कार्यकर्ताओं में से 42 प्रतिशत उच्च जाति, 7 प्रतिशत दलित,10 प्रतिशत ओबीसी एवं सिर्फ 2 प्रतिशत आदिवासी हैं। हिंदुस्तान टाइम्स, इकनॉमिक टाइम्स, द हिंदू, इंडियन एक्सप्रेस, टाइम्स ऑफ इंडिया, टेलीग्राफ जैसे बड़े अंग्रेजी अखबारों के बड़े पदों पर 92 प्रतिशत उच्च जाति एवं 8 प्रतिशत ओबीसी तबके के हैं। दलित और आदिवासी को कोई जगह नहीं मिल पाई है। इन अखबारों में पैनलिस्ट में 53 प्रतिशत उच्च जाति, 6 प्रतिशत दलित, 8 प्रतिशत ओबीसी एवं सिर्फ एक प्रतिशत आदिवासी हैं।

जाति के मुद्दों पर लिखने वालों में टाइम्स ऑफ इंडिया के 100 प्रतिशत उच्च जाति के हैं। हिंदुस्तान टाइम्स में 24 प्रतिशत उच्च जाति,40 प्रतिशत ओबीसी, 15 प्रतिशत दलित हैं। ऐसे ही इंडियन एक्सप्रेस में 50 उच्च जाति, 20 प्रतिशत ओबीसी, टेलीग्राफ में 86 उच्च जाति एवं 20 ओबीसी हैं। औसतन देखा जाए तो इन अखबारों में लिखने वाले 51 प्रतिशत उच्च जाति, 7 प्रतिशत दलित एवं 6 प्रतिशत ओबीसी के हैं। आदिवासियों की स्थिति शून्य के बराबर है।

दैनिक भास्कर, हिंदुस्तान, पंजाब केसरी, राजस्थान पत्रिका, अमर उजाला, प्रभात खबर जैसे बड़े हिंदी अखबारों के बड़े पदों पर 87 प्रतिशत उच्च जाति, 12 प्रतिशत ओबीसी तबके से हैं। दलित, आदिवासी को कोई स्थान नहीं मिल पाया है। इन अखबारों में 56 प्रतिशत पैनलिस्ट उच्च जाति, 8 प्रतिशत दलित,10 प्रतिशत ओबीसी एवं सिर्फ एक प्रतिशत आदिवासी समुदाय से हैं। जाति के मुद्दों पर लिखने वाले अमर उजाला में 100 प्रतिशत उच्च जाति के हैं। लेखकों में दैनिक भास्कर में 44 प्रतिशत उच्च जाति, 16 प्रतिशत ओबीसी हैं एवं 10 प्रतिशत दलित हैं। हिंदुस्तान टाइम्स में 23 प्रतिशत उच्च जाति,13 प्रतिशत ओबीसी एवं 10 प्रतिशत दलित हैं। नवभारत टाइम्स के लिए लिखने वालों में 76 प्रतिशत उच्च जाति, 8 प्रतिशत दलित, 15 प्रतिशत ओबीसी हैं। राजस्थान पत्रिका के लेखकों में 90 प्रतिशत उच्च जाति एवं 10 प्रतिशत ओबीसी हैं। कुल औसतन 52 प्रतिशत लेखक उच्च जाति, 6 प्रतिशत दलित, 4 प्रतिशत आदिवासी एवं 12 प्रतिशत ओबीसी हैं।

फर्स्टपोस्ट, न्यूजलॉन्ड्री, स्क्रॉल डॉट इन, स्वराज्य, द केन,न्यूज मिनिट,द प्रिंट,द क्विंट, द वायर, न्यूजलॉन्ड्री हिंदी एवं सत्याग्रह जैसे डिजिटल मीडिया के वेब चैनल के अध्ययन से ज्ञात हुआ है कि डिजिटल मीडिया में भी बड़े पदों पर 84 प्रतिशत उच्च जाति एवं 5 प्रतिशत ओबीसी के हैं। इन चैनल पर पैनलिस्ट में 55 प्रतिशत उच्च जाति, 5 प्रतिशत दलित, 8 प्रतिशत ओबीसी तथा 1 प्रतिशत से भी कम आदिवासी हैं। इनमें जाति के मुद्दों पर लिखने वाले 56 प्रतिशत उच्च जाति, 5 प्रतिशत दलित एवं 10 प्रतिशत ओबीसी हैं। आदिवासी एक भी प्रतिशत नहीं है।

इंडिया टुडे, फ्रंटलाइन, कारवां, फेमिना, बिजनेस टुडे, आउटलुक, स्पोर्ट्स स्टार, तहलका, ऑर्गेनाइजर जैसी पत्रिकाओं के नेतृत्वकारी पदों पर 73 प्रतिशत उच्च जाति, 13 प्रतिशत ओबीसी हैं। दलित, आदिवासी का प्रतिनिधित्व नगण्य है। इनके पैनलिस्ट में 52 प्रतिशत उच्च जाति, 7 प्रतिशत दलित,9 प्रतिशत ओबीसी तथा करीब आधा प्रतिशत ही आदिवासी हैं। डिजिटल मीडिया के इन वेब चैनल्स पर जाति के मुद्दे पर लिखने वालों में करीब 36 प्रतिशत उच्च जाति,10 प्रतिशत दलित,16 प्रतिशत ओबीसी हैं। आदिवासी का प्रतिनिधित्व नगण्य है।

न्यूजलॉन्ड्री द्वारा तैयार की गई तथा ऑक्सफैम इंडिया द्वारा प्रकाशित यह खास रिपोर्ट एक बार फिर साबित करती है कि भारत की मीडिया आबादी के छोटे से हिस्से का ही प्रतिनिधित्व करता है। दलित, आदिवासी और अन्य पिछड़ा वर्ग को समुचित प्रतिनिधित्व नहीं है। आज भी उच्च जातियों का वर्चस्व है। अतः भारत को एक समावेशी, समतामूलक समाज बनाने एवं लोकतंत्र को बेहतर बनाने के लिए यह स्थिति बदलनी चाहिए। उम्मीद है इस दिशा में हम गंभीर मंथन करेंगे, फैसले लेंगे और आगे बढ़ेंगे।

**डॉ.रमेश बैरवा**
**समाज वैज्ञानिक एवं राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर**

# परिजनों ने अशोक जैन की पार्थिव देह झालावाड़ मैडिकल कॉलेज को दान की

- **सगी दो बहनों ने अपने भाई का देहदान कराया**

भवानीमंडी (निसं)। रविवार सुबह महाराव भीमसिंह अस्पताल में कोटडी गोरधनपुरा निवासी अशोक कुमार जैन का आकस्मिक निधन हुआ। उन्होंने संस्था शाइन इंडिया फाउंडेशन के साथ अपने नेत्रदान का संकल्प पत्र भरा था। जैसे ही उनका निधन हुआ।

बहन सत्यवती ने सुबह चार बजे शाइन इंडिया फाउंडेशन संस्था को संपर्क कर अपने भाई के नेत्रदान का कार्य संपन्न कराया। उसके उपरांत छोटी बहन सावित्री जैन और मौसेरे भाई जगदीश गुप्ता,भांजे गिरीश गुप्ता की सहमति लेकर देहदान करने का विचार बनाया। देहदान के लिए उन्होंने मेडिकल कॉलेज कोटा की विभागाध्यक्ष डॉ प्रतिमा जायसवाल से अनुरोध किया। परिजनों से बात करने के उपरांत उन्होंने चिकित्सकीय कारण बता कर देहदान के लिए मना कर दिया। परंतु परिजन चाहते थे कि उनके भाई प्रारंभ से ही काफी सेवाभावी रहे हैं उनकी देह मेडिकल कॉलेज को दान की जाए। डॉ. प्रतिमा जायसवाल के मना करने के उपरांत, सत्यवतीजी के अनुरोध पर शाइन इंडिया के डॉ कुलवंत गौड ने झालावाड मेडिकल कॉलेज के डॉ मनोज कुमार शर्मा को देहदान के बारे में पूरी जानकारी दी।

डॉ मनोज ने प्रधानाचार्य डॉ शिव भगवान शर्मा से सहमति लेने के उपरांत संस्था सदस्यों को अशोक जी का पार्थिव शव झालावाड़ लाने के लिये अनुमति दे दी। अनुमति मिलने के उपरांत परिजनों ने शाम चार बजे अशोक जी का पार्थिव शव झालावाड मेडिकल कॉलेज को सौंप दिया गया।

# मैडिकल कॉलेज की घोषणा के तीन वर्ष बाद भी नहीं निकले टेंडर

- **चिकित्सा अधिकारियों की उदासीनता से अटकी कार्यवाही**

जैसलमेर, (नि.सं.)। चिकित्सा के क्षेत्र में पिछड़े सरहदी जिले में मुख्यमंत्री बजट घोषणा में मैडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की गई थी। जैसलमेर के लिहाज से मेडिकल कॉलेज बहुत बड़ी घोषणा थी। जिससे एक बारगी चिकित्सा व्यवस्था से प्रताड़ित लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई।


जिसके बाद करीब तीन साल पहले मुख्यमंत्री द्वारा अन्य जिलों के साथ जैसलमेर में भी मेडिकल कॉलेज की घोषणा की गई। जिससे आमजन में चिकित्सा व्यवस्था सुधरने की उम्मीद जगी लेकिन ना तो अब तक मेडिकल कॉलेज का काम शुरू हुआ और ना ही चिकित्सा व्यवस्थाएं सुधरी। जैसलमेर के जवाहर अस्पताल में पिछले लंबे समय से व्यवस्थाएं बेपटरी है। ग्रामीणों को पहले जिला मुख्यालय और बाद में यहां से रैफर होना पड़ता है। यहां गंभीर बीमारियों से ग्रसित सभी मरीजों का इलाज जोधपुर, अहमदाबाद व जयपुर में चलता है। जैसलमेर में मैडिकल कॉलेज खुलने की स्थिति में यहां पर चिकित्सा संबंधी सभी समस्याएं खत्म हो जाएंगी। चिकित्सा विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के कारण मेडिकल कॉलेज का टेंडर घोषणा के तीन वर्ष बीत जाने के बाद निकालने की तैयारी हो रही है। गौरतलब है कि राज्य

# यूरोपियन स्टर्लिंग पक्षी के परिवार ने मोरेल बांध में डेरा डाला

- **कई पक्षियों की आवाज निकालने में माहिर यह पक्षी बहुत सुंदर दिखाई देता है**

लालसोट, (निसं)। विभिन्न प्रकार के संकटग्रस्त श्रेणी सहित ख्यातनाम देसी -विदेशी पक्षियों की शरण स्थली बना मोरेल बांध इन दिनों लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। यूरोपियन स्टर्लिंग द्वारा मोरेल बांध में डेरा डालने के चलते पक्षी प्रेमियों में विशेष उत्साह नजर आ रहा है। यह पक्षी यहां आने वाले पर्यटकों को खुद की ओर आकर्षित कर रहा है।

मोरेल बांध पर पक्षियों पर शोध कार्य कर रहे एसोसिएट प्रोफेसर एवं पक्षिविद डा सुभाष पहाड़िया ने बताया कि यूरोपियन स्टार्लिग को कॉमन स्टर्लिंग भी कहा जाता है। ये पक्षी हजारों की संख्या में एक साथ एक स्थान से दूसरे स्थान की तरफ उड़ते हैं। प्रवासी कॉमन स्टर्लिंग यूरोप, कजाकिस्तान, पाकिस्तान से




**लालसोट फोटो 1 व 2 मोरेल बांध पर मोजुद आकर्षक रंग-रूप वाला यूरोपियन स्टर्लिंग।**

भारत में प्रवेश करते हैं। कॉमन स्टर्लिंग पक्षी के शरीर का रंग चमकीला काला व चमकीले धातु की चमक जैसा दिखता है। इस पक्षी के पंजे गुलाबी रंग और चोंच का रंग सर्दियों में काला व गर्मियों में पीला हो जाता है। विभिन्न पक्षियों की आवाज निकालने में माहिर यह पक्षी बहुत सुंदर दिखाई देता है।

स्थानीय प्रमुख पक्षी विद डा पहाड़िया ने बताया कि मोरेल बांध के आस-पास अच्छी फसल होने का कारण यह भी की यहां रोजी स्टर्लिंग कॉमन स्टर्लिंग हजारों की संख्या में आती है जो फसलों पर लगने वाले कीट पतंगों को खाती है। देखा जाए तो मोरेल बांध इस समय हजारों ऐसे दुर्लभ पक्षी जो कि इस बांध में सुरक्षित वातावरण के चलते प्रवास कर रहे हैं का गवाह बना हुआ है। यह बांध पक्षी प्रेमियों एवं इन देश-विदेश से आने वाले पक्षियों पर शोध कर रहे लोगों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। स्थानीय लोगों की मानें तो अगर इस बांध को संरक्षित श्रेणी में लाते हुए इसमें पानी के रिजर्व कैटेगरी को बढ़ा दिया जाए तो यहां पूरे साल देसी -विदेशी प्रवासी पक्षियों का जमावड़ा रहेगा एवं स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो सकेंगे।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 14 नवम्बर, 2022**

मार्गशीष मास, कृष्ण पक्ष, षष्ठि तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2079, पुर्नवसु नक्षत्र दिन 1:15 तक, शुभ योग रात्रि 11:42 तक, गर करण दिन 2:08 तक, चन्द्रमा मंगलवार प्रातः 6:30 से कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-तुला, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-वृष, बुध-वृश्चिक, गुरू-मीन, शुक्र-वृश्चिक, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज कुमार योग सूर्योदय से 1:15 तक, सर्वार्थ सिद्धि योग 1:15 से सूर्योदय तक है। रवियोग दिन 1:15 से आरम्भ होगा। भद्रा रात्रि 3:24 से मंगलवार 4:37 तक रहेगी। आज छीट छठ, पं.जवाहरलाल नेहरू जयन्ती, बाल दिवस है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 8:10 तक, शुभ 9:10 से 10:51 तक, चर 1:31 से 2:52 तक, लाभ-अमृत 2:52 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:49, सूर्यास्त 5:33

### मेष
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों और मित्रों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

### वृष
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### मिथुन
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी और प्रतिष्ठित व्यक्तियों से व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

### कर्क
व्यक्तिगत परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है और भागदौड़ बनी रहेगी।

### सिंह
आर्थिक/वित्तीय मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

### कन्या
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### तुला
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। धार्मिक-सामाजिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

### वृश्चिक
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### धनु
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

### मकर
अपने आवश्यक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

### कुंभ
महत्वपूर्ण कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आवश्यक कार्यों के संबंध में उचित परामर्श मिलेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।

# आधुनिक भारत के निर्माण में ब्राह्मण समाज की अग्रणी भूमिका : राज्यपाल

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान गौड़ ब्राह्मण महासभा की ओर से रविवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय ब्राहमण सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें देशभर के 15 प्रदेशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी ने ब्राह्मण समाज को एकजुट होकर काम करने की जरूरत जताई। सम्मेलन में समाज का विजन डाक्यूमेंट तैयार किया गया। इसके तहत विप्र बैंक और ब्राह्मण शिक्षा निधि कोष का गठन किया जाएगा। हर जिला व तहसील स्तर पर परशुराम लाइब्रेरी का गठन होगा।



राजस्थान गौड़ ब्राह्मण महासभा की ओर से रविवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय ब्राहमण सम्मेलन में राज्यपाल कलराज मिश्र ने संबोधित किया।

- राजस्थान गौड़ ब्राह्मण सम्मेलन में 15 प्रदेशों के प्रतिनिधि जुटे, विजन डॉक्यूमेंट तैयार
- 'जरूरतमंदों की मदद के लिए विप्र बैंक और ब्राह्मण शिक्षा निधि कोष का होगा गठन'

मुख्य अतिथि राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि आधुनिक भारत के निर्माण में ब्राह्मण समाज की अग्रणी भूमिका रही है। समाज में अंधकार और भ्रम पैदा होने पर ब्राह्मणों ने आगे आकर समाज को आलोकित करने का कार्य किया है। वही समाज विकास करता है, जो उदात्त जीवन मूल्यों से जुड़ा हो और मानव मात्र के कल्याण के लिए कार्य करने की सोच से जुड़ा हो, ब्राह्मण समाज ऐसा ही समाज है।

यूपी के पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि सभी समाज को जोड़ कर सुसंस्कारों का जागरण और संस्कृति का रक्षण करना ब्राह्मण समाज का दायित्व होता है, जिसके लिए सभी को संकल्पित होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि समाज में एकता, सौहार्द्र व सम्बद्धता को लेकर एक नया सूरज उगे। साथ ही समाज की संकल्पना के लिए एक सूत्र में बंधने, समाज को दिशा देने की जरूरत भी जताई।

शिक्षा मंत्री बी. डी. कल्ला ने कहा कि परस्पर सहयोग की भावना और संस्कारों के निर्माण से ही समाज का व्यापक स्तर पर उत्थान संभव है। उन्होंने कहा कि वैदिक ज्ञान के प्रचार-प्रसार के लिए प्रदेश में वेद विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। वेदों की लुप्त हो रही ऋचाओं के संरक्षण के लिए भी सरकार के स्तर पर पहल की गई है।

युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया एडवोकेट बताया कि कार्यक्रम में राजस्थान खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष बृज किशोर शर्मा, विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा, सांसद रामचरण बोहरा, विधायक अभिनेष महर्षि सहित बड़ी संख्या में समाज बन्धु उपस्थित रहे। राज्यपाल ने आरम्भ में उपस्थितजन को संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन भी करवाया।

# वन रक्षक परीक्षा भविष्य भक्षक कांग्रेस सरकार की भेंट चढ़ी : सतीश पूनिया

- गहलोत सरकार की नाकामी का उदाहरण है और समूचे परीक्षा तंत्र पर सवालिया निशान है : राजेन्द्र राठौड़
- अब अति हो चुकी है : किरोड़ी लाल मीणा

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने ट्वीट करते हुए लिखा कि एक बार फिर पेपर लीक, वन रक्षक परीक्षा भविष्य भक्षक कांग्रेस सरकार की भेंट चढ़ गई। राजस्थान के इतिहास में ऐसी सरकार कभी नहीं आई, भत्ते के नाम सत्ता में आए लोग युवाओं को केवल धक्के खिला रहे हैं।

वहीं उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि वनरक्षक भर्ती परीक्षा से पूर्व आंसर शीट सोशल मीडिया पर वायरल होने पर दूसरी पारी का पेपर निरस्त होना गहलोत सरकार की नाकामी का उदाहरण है और समूचे परीक्षा तंत्र पर सवालिया निशान है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सदन में राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के उपाय) विधेयक-2022 भी पारित किया था लेकिन दुर्भाग्य है कि सत्ता के संरक्षण व गठजोड़ से बेखौफ पेपर माफियाओं ने कानून को धता बताकर फिर से पेपर लीक कर सरकार को सीधी चुनौती दे डाली। राठौड़ ने कहा कि एक बार फिर गहलोत सरकार की विफलता से लाखों युवाओं की मेहनत पर पानी फिर गया है।

उन्होंने कहा कि गहलोत राज में पेपर माफियाओं ने सरकार में अपनी जड़ें इतनी गहरी जमा ली कि कोई भी परीक्षा पारदर्शिता के साथ संपन्न होना संभव ही नहीं है। राठौड़ ने कहा कि गहलोत सरकार इतनी वीक हो गई है कि रीट, एसआई, लाइब्रेरियन, पटवारी व जेईएन के बाद वनरक्षक परीक्षा का पेपर भी लीक हो गया, जो सरकार के माथे पर कलंक है।

राज्यसभा सांसद डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि मुखिया जी आखिर क्या राज है? राजस्थान में आए दिन पेपर लीक की घटनाएं हो रही हैं? आखिर क्यों आप एक भी भर्ती परीक्षा की पवित्रता को बचा नहीं पा रहे हैं? क्या मुखिया जी प्रदेश के बेरोजगार यह समझें कि यह सब खेल आपके इशारे पर सीएमओ से चल रहा है? आखिर आप प्रदेश के बेरोजगारों से चाहते क्या हो? एक के बाद एक पेपर लीक हो रहे हैं, आज वनपाल और वनरक्षक भर्ती परीक्षा में भी यही देखने को मिला, ऐसा क्यों? मुखिया जी जरा नींद से जाग जाओ, नहीं तो यह बेरोजगार आपकी सरकार की ईंट से ईंट बजा देंगे।

## जयपुरिया अस्पताल का किया निरीक्षण

जयपुर, (कासं)। जिला प्रभारी सचिव सुधांश पंत ने रविवार को रुकमणी देवी बेनी प्रसाद जयपुरिया अस्पताल का औचक निरीक्षण किया जहां पर मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना के तहत वितरित की जाने वाली दवाईयों के स्टॉक के बारे में जानकारी लेकर संबंधित फार्मासिस्ट को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये।

अस्पताल परिसर में संचालित इंदिरा रसोई योजना का भी निरीक्षण किया जहां पर प्रभारी सचिव ने 8 रुपये का टोकन लेकर भोजन किया। इस दौरान उन्होंने भोजन की गुणवत्ता एवं रसोई की व्यवस्थाओं के बारे में खाना-खाने पहुंचे व्यक्तियों से फीडबैक लिया। जिस पर आमजन ने बताया कि टोकन लेते समय सर्वर की समस्या आ जाती है जिसकी वजह से टोकन समय पर नहीं कटता हैं जिसे लेकर भोजन लेने में देरी हो जाती है जिसको लेकर प्रभारी सचिव ने समस्या का निराकरण हेतु निर्देश दिये। उन्होंने इंदिरा रसोई में कार्य कर रहे कार्मिक से जानकारी ली कि प्रतिदिन कितने व्यक्ति भोजन करने आते हैं।

# 'तम्बाकू विक्रेताओं के लिए लाइसेंस जरुरी हो'

- युवा पीढ़ी को तंबाकू मुक्त बनाने के लिये तम्बाकू विक्रेताओं की भूमिका और वेंडर लाइसेंस प्रणाली लागू करने के लिये चर्चा हुई

जयपुर, (का.सं.)। तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत रविवार को जयपुर के होटल आंगन में एस. आर. के. पी. एस., राजस्थान एवं पान यूनियनो के संयुक्त तत्वाधान में तंबाकू मुक्त युवा पीढ़ी बनाने में तम्बाकू विक्रेताओं की भूमिका व वेंडर लाइसेंस प्रणाली लागू करने के लिए समीक्षा बैठक की गई जिसमें जयपुर पान मर्चेंट यूनियन, दी राजस्थान पान मर्चेंट यूनियन व पिंकसिटी पान यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जयपुर पान मर्चेंट यूनियन के प्रधान पवन शर्मा ने बताया कोटपा 2003 कानून की पालना यूनियन के सदस्यों द्वारा शत-प्रतिशत की जा रही है मगर जो अनाधिकृत तंबाकू की दुकानें हैं उनके द्वारा कोटपा-2003 की पालना नहीं की जा रही है। साथ ही यूनियन अध्यक्ष रमेशचंद्र तंबोली ने बताया तंबाकू बिक्री के लिए वेंडर लाइसेंस होता है तो अच्छा प्रयास होगा साथ ही अनाधिकृत दुकाने बंद हो जाएंगी और किराना की दुकानों सहित दुग्ध डेयरीओ से तंबाकू की बिक्री पर रोक लगेगी जिससे तंबाकू बिक्री को नियंत्रित किया जा सकता है व युवा पीढ़ी की पहुँच तम्बाकू तक नहीं होगी।

पिंकसिटी पान मर्चेंट यूनियन के अध्यक्ष गुलाबचंद खोड़ा ने बताया अगर राजस्थान में वेंडर लाइसेंस प्रणाली लागू होती है तो अन्य जगह जैसे रिक्शा, साइकिल व अस्थायी दुकानों पर भी तम्बाकू बिकने पे रोक लगेगी। यह दुकाने कोटपा-2003 कानून की पालना भी नहीं करती हैं। साथ ही उन्होंने बताया की 2017 में भारत सरकार द्वारा तम्बाकू बिक्री के लिए लाइसेंसिंग प्रणाली लागू करने के लिए आदेशित किया गया था लेकिन राजस्थान में कहीं भी वेंडर लाइसेंस नहीं दिए गए हैं।

राजस्थान कैंसर फाउंडेशन के अध्यक्ष व विषय विशेषज्ञ डॉ राकेश गुप्ता ने बताया तंबाकू से युवा पीढ़ी को बचाने के लिए वेंडर लाइसेंस प्रणाली जरूरी है व इससे हम स्वस्थ युवा पाढ़ी का निर्माण कर सकते हैं। एस.आर.के.पी.एस. से राजन चौधरी ने तम्बाकू विक्रेताओं को लाइसेंस की जरूरत बताते हुए कहा की वर्तमान में तम्बाकू कम्पनीया विक्रेताओं के माध्यम से कानून का उल्लंघन करती है जीससे विक्रेताओं को वित्तीय नुकसान होता और कोर्ट तक भी जाना पड़ता है अत: तम्बाकू कम्पनीयों की मनमानी खत्म करने के लिए यह कारगर कदम होगा।

## बाल मेले में बच्चों ने उत्साह से भाग लिया

जयपुर, (का.सं.)। पिंकसिटी प्रेस क्लब एवं डीबीएम के संयुक्त तत्वावधान में बाल दिवस से पूर्व रविवार को "बाल मेला" आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों ने बड़े उत्साह से हिस्सा लिया। पण्डित चाचा नेहरू बनकर बच्चों ने बच्चों के प्रति नेहरू के प्यार को याद किया।

क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा ने बताया कि मेले में बाल दिवस विषय पर पेंटिंग, योग, मार्शल आर्ट, डांस, नाटक, गायन, स्पीकिंग के साथ ही फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता हुई। मंच पर बच्चों ने फैन्सी ड्रेस एवं डांस प्रतियोगिता में एक से बढ़कर एक परफार्मेन्स दी। इस दौरान बच्चों के मनोरंजन के लिए मिक्की माउस एवं रंग बिरंगें गुब्बारों की सजावट की गई। बच्चों ने मिक्की माउस पर उछल-कूद कर आनन्द उठाया। बच्चों को डीबीएम संस्थान की ओर प्रशस्ति-पत्र एवं गिफ्ट देकर उत्साहवर्धन किया। क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा ने कहा कि दिसम्बर माह में बच्चों के लिए विंटर फेस्टिवल आयोजित किया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक बच्चे भाग लेंगे।

# यूनानीपैथी के विकास व उत्थान का लिया संकल्प

- राजपूताना ओल्ड बॉयज एसोसिएशन के समारोह में जुटे यूनानी चिकित्सक

जयपुर, (का.सं.)। राजपूताना ओल्ड बॉयज एसोसिएशन के जलसा-ए-रोबा एलुमिनियम मीट कम इनॉग्रल सेरिमनी में प्रदेशभर के यूनानी चिकित्सक एवं राजपूताना युनानी मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के पूर्व विद्यार्थियों ने शिरकत कर यूनानी पैथी के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। वहीं मुख्य अतिथि यूनानी के निदेशक डॉ. फैयाज अहमद ने रोबा के कार्यक्रम की सराहना करते हुए सरकारी स्तर पर यूनानी पैथी के लिए किए जा रहे विकास एवं कार्य योजना पर विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि यूनानी की पहचान गांव-गांव तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। आने वाला वक्त यूनानी का है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जाकिर गुडएज ने उपस्थित जनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे अपने वालिद के अधूरे सपनों को पूरा करेंगे और कॉलेज अपनी खुद की बिल्डिंग में जल्द शिफ्ट होगा। वहीं उन्होंने राजपूताना युनानी मेडिकल कॉलेज में यूनानी पैथी के लिए अपना हर संभव सहयोग देने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। गुडएज ने कहा कि रक्तदान महादान है और इस ओर भी हमें लोगों को जागरूक करना होगा। कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी हाजी अनीस अहमद अल्वी ने यूनानी पैथी के समक्ष आ रही समस्याओं एवं चुनौतियां पर बताते हुए हर स्तर पर समाधान के लिए अग्रणी भूमिका में रहने का सभी से आव्हान किया। वही और रोबा के अध्यक्ष डॉ. फरहत अली खान ने सभी अतिथियों एवं आगंतुकों का स्वागत करते हुए रोबा के बारे में विस्तार से बताया। वहीं एसोसिएशन का उद्देश्य एवं कार्य प्रणाली को बताते हुए राजपूताना यूनानी मेडिकल कॉलेज प्रबंधक कार्यकारिणी की कार्यप्रणाली की सराहना की।

जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के ऑडिटोरियम में आयोजित एवं मौलाना सआदत हुसैन की तिलावत ए कुरान से शुरू हुए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संयोजक डॉ. नाज मियां जैदी ने यूनानी महाविद्यालयों की समस्याओं को बताते हुए कहा कि इन संस्थानों और यूनानी पैथी के लिए हर संभव सहयोग के लिए वे सदैव अग्रणी रहेंगे। रोबा के महासचिव डॉ. फैयाज मलिक ने संगठनात्मक संरचना तथा इस दौरान आए उतार-चढ़ाव के बारे में विस्तार से बताया और यूनानी पैथी के विकास पर बल दिया। संगठन के संरक्षक डॉ. गुलाम कुतुब चिश्ती ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से काम करते हुए यूनानी पैथी के विकास एवं उत्थान के लिए अग्रणी रहेंगे। वहीं एसोसिएशन के बैनर से सभी समस्याओं के लिए सदैव अग्रिम पंक्ति में रहकर काम करेंगे।


## शोक सन्देश



अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि
समाज की वरिष्ठ सदस्या

**श्रीमती गुणमाला जैन**

**धर्मपत्नी देवेंद्र कुमार जैन**
**(ओसवाल सोप ग्रुप)**

का स्वर्गवास दिनांक 13.11.2022, रविवार को हो गया है।
**अंतिम संस्कार** के लिए शवयात्रा आज दिनांक 14.11.2022, सोमवार को दोपहर 1.00 बजे निवास स्थान- 18, मनवा जी का बाग, एम.डी. रोड से आदर्श नगर मोक्षधाम के लिए रवाना होगी।

**सुरेन्द्र-मधु, यतेन्द्र-स्वीटी, वीरेन्द्र-वीना** (देवर-देवरानी), **हर्ष-शाईना, अजय-प्रीति, संजय-मोनिका** (पुत्र-पुत्रवधू), **अचल-आरती, गौरव-शिवाली, सौरभ-विभा, श्रेणिक-नेहा, हेमांक-पंखुड़ी** (भतीजे-भतीजेवधू), **ध्रुव-अक्षिता** (पौत्र-पौत्रवधू), **प्रियंका, अमोल, आदित्य, प्रभात, छवि, भविका, महिका, हर्षिल, सांची, दैविक, मान्या, ध्वज, धैर्य, मन्नत, स्वयं** (पौत्र, पौत्री), **निर्वि** (पड़पौत्री)।

**समस्त ओसवाल सोप परिवार, जयपुर**


# प्रदेश में 22 नए करोना संक्रमित मिले रविवार को

## अजमेर व जयपुर में 5-5 नए संक्रमित पाए गए हैं

- प्रदेश में 42 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 214 रह गए हैं

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। प्रदेश में रविवार को नए करोना संक्रमितों की संख्या में थोड़ी और कमी आई है। इस दौरान राज्य में 22 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं 42 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 214 रह गए हैं।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में 7 जिलों में 22 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शनिवार को इनकी संख्या 26 रही थी। इधर आज राज्य में सबसे ज्यादा अजमेर व जयपुर में 5-5 नए मरीज सामने आए हैं। इसके अलावा जोधपुर में 4, पाली में 3, कोटा व बीकानेर में 2-2 तथा सीकर में एक नया संक्रमित मिला है। इस बीच राज्य में 4549 जांचे की गई है।

प्रदेश में रविवार को भी नए संक्रमितों से अधिक रिकवरी हुई है। इस दौरान 42 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 214 रह गए हैं। राजधानी जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में 15 मरीजों के रिकवर होन से एक्टिव केस घटकर 59 रह गए हैं। प्रदेश में रविवार को भी करोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि राज्य में अब तक इस बीमारी से 9648 लोगों की मौत हो चुकी है।

राजधानी जयपुर में रविवार को 5 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें जगतपुरा, झोटवाड़ा, मालवीय नगर और वैशाली नगर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं एक संक्रमित का पता सही नहीं पाय गया है।

## होटल में तोड़फोड़ करने वाले गिरफ्तार

जयपुर, (का.सं.)। मानसरोवर के रीको एरिया स्थित होटल जागृति में घुसकर गत 10 नवम्बर को गाड़ियों व होटल में तोड़फोड़ करने वाले पांच बदमाशों को शिप्रा पथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन बदमाशों ने जयपुर शहर में वैश्यावृत्ति के लिये ऑनलाइन जयपुर एस्कॉर्ट के नाम से वैबसाइट भी चला रखी है जिस पर ग्राहकों को अलग-अलग लड़कियों की फोटो भेजकर रकम ठगते थे। पुलिस ने इस मामले में आरोपी लोकेंद्र सिंह, अशोक नायक, दीपू सिंह, सलीम मोहम्मद और विशाल सिंह तंवर को गिरफ्तार किया है।


**NAME CHANGE**

I have changed my son name from Rohan Agarwal to Ruhan Agarwal for all purpose. Vishnu Kumar Gupta (Father), Resi.: B-27-28, Gokul Vatika, Near Jawahar Circle, Jaipur

**खोया पाया**

मेरे आवास संख्या 46/225 रजत पथ मानसरोवर का कब्जा पत्र कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें। मो.8949441107

मेरे आवास संख्या 42/32/4, मानसरोवर का आवंटन पत्र स्वर्ण पथ पर कहीं गिर गया है मिलने पर सूचित करें। मो.8619422544

मेरे आवास संख्या 31/23/1, मानसरोवर का आवंटन पत्र, कब्जा पत्र स्वर्ण पथ पर गिर गये है मिलने पर सूचित करें। मो. 9509676345

मेरे आवास संख्या 31/8/12, मानसरोवर का आवंटन पत्र व कब्जा पत्र कहीं गिर गये है मिलने पर सूचित करें। मो.9829394800

मेरा मकान संख्या 50/446 आर.एच.बी. प्रताप नगर, जयपुर द्वारा जारी आवंटन पत्र, संशोधित आवंटन पत्र एवं डिक्लेरशन/कब्जा पत्र मुझसे कहीं गुम हो गई है मिलने पर सूचित करें। मो.7790993398

**नम्बर मिलाइए 9587884433**

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# किड्स मैराथन में पांच सौ बच्चों ने भाग लिया



जयपुर, (का.सं.)। रोटरी क्लब जयपुर सिटी के तत्वाधान में रविवार को शानदार किड्स मैराथन का आयोजन किया गया जिसमें 500 से ज्यादा बच्चों ने भागीदारी की। जयपुर शहर के जाने-माने विद्यालयों के बच्चों ने इस मैराथन में भाग लिया। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री बी.डी. कल्ला एवं समाज कल्याण संस्थान की अध्यक्ष अर्चना शर्मा ने भी शिरकत की।

शिक्षा मंत्री ने शिक्षा को सर्वांगीण विकास का आधार बताते हुए स्वस्थ मन और स्वस्थ तन के मूल मंत्र पर बल दिया। अध्यक्ष शिखा सोनी एवं सचिव चेरी गोयल ने बताया कि इस प्रकार की मैराथन से बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया गया। क्लब के चार्टर प्रेसिडेंट दीपक गुप्ता ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रोजेक्ट डायरेक्टर अनीता शर्मा एवं कीर्ति ने बताया कि कार्यक्रम का संदेश रन फॉर हेल्दी फ्यूचर है। जयपुरिया विद्यालय की प्रधानाचार्य गीता का कार्यक्रम संयोजन में विशेष सहयोग रहा। उल्लेखनीय है कि रोटरी क्लब जयपुर सिटी की अध्यक्ष शिखा सोनी विभिन्न सामाजिक सरोकारों से जुड़े काम करती रहती हैं। इसी क्रम में बच्चों को हेल्दी, फिट और पर्यावरण के प्रति प्रेम करने का संदेश देने के लिए इस मैराथन का आयोजन किया गया।

ARBiT it happens here...

राष्ट्रदूत
MONDAY
14 November 2022
A-B



## World Diabetes Day

With more than 10% of the Indian population having been diagnosed with Diabetes, this day is certainly an important one. Diabetes is the cause of a myriad of dangerous health issues and building awareness is the key to lowering these problems. Inspiring conversations around health, wellness and prevention of disease, Diabetes Day offers the perfect opportunity to get more educated and connected around the cause.Raise awareness of this common condition, "go blue" to show your support and make lifestyle changes that improve your health on World Diabetes Day.

#COMPUTING

# Mac Keyboard Shortcuts

Make your life easier with these underrated Command keyboard shortcuts on MacOS.




No matter what you're doing on your Mac, whether you're working or streaming your favourite TV show, you're most likely using the modifier keys on your keyboard. Those are keys like Command and Option, which are arguably the most important keys on your keyboard, because they can perform shortcuts that are impossible with only a single key.

The most basic and common examples are copy (Command-C) and paste (Command-V), but these keyboard shortcuts also allow you to do more complicated things like force-close an app (Option-Command-Esc) or quickly take a screenshot (Command-Shift-4).

And the most important modifier key of them all? Command.

With it, you can copy and paste text, undo typing, select all your items at once, open a new window and so on. And in addition to all the routine shortcuts it's known for, the Command key is much more powerful than you might think.




Even if you're a MacOS power user, you may not be acquainted with everything the Command key has to offer, such as the ability to quickly hide windows cluttering up your desktop or search for anything stored on your computer.

Check out six not so commonly known keyboard shortcuts that use the Command key below.

**1. Cycle through all the open windows on your desktop**
The keyboard shortcut Command-Tab allows you to quickly step through every app window open on your desktop. As long as the window is open on your desktop and not minimized in your dock, holding down the Command-Tab combination will bring up a window with all your open apps. Continue holding down Command as you tap the Tab key to cycle through the apps and let go when the app you want brought to the front is highlighted.


**2. Hide the window that's currently open on your desktop**
Instead of minimizing your window with the yellow minus button up in the top left corner, you can quickly hide any window that's open on your desktop with the Command-H shortcut. Unlike minimizing, the hide keyboard shortcut hides the window from both your desktop and dock, without closing it completely. To open the window back up, simply click the app icon in either your dock or elsewhere. And if you want to hide all app windows except for the one in front, you can use Option-Command-H.

**3. Bring up Spotlight to search for files and apps on your computer**
Spotlight search is one of the Mac's most powerful features. Bring up the search bar and type whatever you want to search for, such as text messages, emails, documents, applications, notes, music, settings, movies or locations. You can use the magnifying glass in the menu bar to bring up Spotlight search, but this keyboard shortcut is at your fingertips: Command-spacebar.

**4. Highlight the URL in your web browser to quickly share it**
Usually, if you're sharing a web address you double-click in the search bar and then copy the selected text to your clipboard. However, there's a faster way to do this: use Command-L. This will immediately highlight whatever is in the address bar in Safari, Chrome or another web browser, whether it's something you typed or the URL of the website you're on. You can then hit Command-C to copy it so you can paste it elsewhere.

**5. Reopen any closed tabs in the Safari web browser**
You may be familiar with Command-T in Safari, which opens a new tab, but there's also a shortcut that can reopen an accidentally closed tab. Simply hit Command-Shift-T and you'll recover whatever tab you most recently closed. And if you've closed several tabs and want to recover all of them, you can continue pressing the Command-Shift-T shortcut to open multiple closed tabs.

**6. Open something new in various native Apple applications**
The Command-N keyboard shortcut is not nearly used enough. While it's almost universally known for opening up a new window in many popular applications, on your Mac the Command-N shortcut can open a new email in Mail, a text message in iMessage, a window in Safari, a note in Notes, an event in Calendar and more. Try it out in your favourite apps and see what Command-N can open for you.



# And Then The Rhino Became The Hunter's Trophy

Classified as the rhinoceros-slayer type, the use of mega herbivore as a symbol on the coin by the sixth scion of the Gupta dynasty stands out as an innovation against the tiger-slayer type of Samudragupta (circa 350-370 CE) with the legend vyaghraparakramah, and the lion-slayer type of Chandragupta II (circa 376-413/415 CE). The obverse of the rhino-slayer coin shows Kumaragupta with a sword drawn in his right hand, mounted on a fully caparisoned horse. The spotlight however, seems to rest on the rhinoceros being pursued by the emperor. As the animal turns its head around to see the imminent danger trailing it, the alarmed look on its face is unmistakable. What also cannot be missed are the attempts to delineate its anatomy.



Shibani Bose
writetoarbit@rashtradoot.com


#THE WILD

There is more about the rhino that evokes reflection. What is perplexing, for instance, is that, despite being the second-largest and mammal after the elephant, the rhinoceros figures but rarely in early Indian sculpture. Art historian Joachim Bautze observes that the animal is shown mainly in the earlier periods, but its importance could never rival that of the elephant. What is being emphasized here is not an absence of representations, but a gradual petering out of the tradition, particularly as we approach the historical period in India. This seems peculiar in the context of an animal which had enjoyed relative eminence in the visual records of prehistoric and protohistoric India.

It is equally strange that, despite its impressive size, famed ferocity and legendary association with divinities, the rhino never got assimilated in Hindu Mythology and iconography as the vehicle or vahana of any major deity in the pantheon (the goddess Dhavdi Ma whose temple is at Dhrangadhra in Gujarat has a rhinoceros vahana). An attempt to explain this anomaly speculates if an "ugly" animal befits a God. But a quick look at common mounts like the tiny mouse accompanying the elephant-headed Ganesha, or the buffalo with Yama, the God of death, calls for a reconsideration of this view that underlines a charming exterior as a prerequisite for qualifying as a vahana. One wonders if this had something to do with the rhino's infrequent encounters with humans as also the fact that the animal was neither domesticated nor ridden, nor did it induce mortal fear of the kind that the big carnivores did.

Having dwelt upon the chequered past of the animal, we return to see what the archaeological record holds for us as we enter the early historical and historical periods in ancient Indian history. The rhinoceros figures in popular imagination during the Northern Black Polished Ware period. The realistic modeling of the terracotta figurine of the animal in deep red ochre paint retrieved from sub-period 1B of Period II (Circa 600 to the 2nd century BCE) at Kausambi in Allahabad district of Uttar Pradesh clearly indicates the familiarity of the potter with this creature.

We meet our hero again during a survey of the gamut of Mauryan and late Mauryan art objects. Although largely confined to the 3rd and 2nd centuries BCE, some of them are believed to be a century or so later. These include a red and grey soapstone seal dated to about the 3rd century BCE, from Bhita in Allahabad district of Uttar Pradesh, showing a rhinoceros. The mega mammal also figures on a stone disc of the Murtaziganj-Patna group.



Pillar 24a at Sanchi Stupa 2, medallion with rhino. *Photograph: American Institute of Indian Studies. AIIS : 311.98. Acc. No. 39438.*




> It is equally strange that, despite its impressive size, famed ferocity and legendary association with divinities, the rhino never got assimilated in Hindu Mythology and iconography as the vehicle or vahana of any major deity in the pantheon (the goddess Dhavdi Ma whose temple is at Dhrangadhra in Gujarat has a rhinoceros vahana).

Sri Dhavdi Mataji print sold in Dhrangadhra market. *Courtesy Ranmal Jhala, Dhrangadhra.*

It was, however, the sculptors at Sanchi who firmly ensconced the animal in the enduring medium of stone. Amidst the reliefs of the ground balustrade of Stupa 2 (sculptures dating from the last quarter of the 2nd century BCE). We find the rhinoceros. Compared to the care taken in carving the elephant, for instance, amidst a range of other animal, it is not a very successful attempt. What provides a suitable pretext for the presence of the animal on the lower half-medallion on Pillar 24a, is perhaps, the oft-repeated entreaty in Buddhist texts to emulate the solitary behaviour of the rhinoceros.

A lesser-known tryst with the animal in on a coping stone assigned to circa 100 BCE from Mathura, where "a little rhinoceros strides along with stocky stiff legs". The mega herbivore also figures on an ayagapata (votive tablet) belonging to the same period at the site. What deserves mention is that the rhinoceros appears in later Jain iconography as the chinha (symbol) of the elephant Jina, Shreyansnath.

We can also turn to the eastern part of the subcontinent, where the discovery of terracotta plaques depicting the animal amongst the antiquarian finds at Chandraketugrah and Dum Dum, in the North 24 Parganas district of West Bengal, suggests its presence in this region in the early centuries of the Common Era. At Chandraketugarh, approximately 37 kilometres northeast of Kolkata, the terracotta plaque under consideration depicted a standing rhinoceros, chronologically placed between circa 1st century BCE and 1st Century CE. This has been assigned to the Kushana period on stylistic grounds. Similarly assigned to the Kushana period, the animal on the plaque from Dum Dum gives away its identity by characteristically displaying a horn on the snout, folds on the skin, and tubercles on the shoulder, thighs and rump. The emphasis on such details makes it a realistic rendition, suggesting the familiarity of the artist with the species.

By far the most outstanding and dramatic representation of the animal in the historical period is encountered on a gold coin issued by the Gupta ruler Kumaragupta I (circa 413/415-455 CE). Classified as the rhinoceros-slayer type, the use of mega herbivore as a symbol on the coin by the sixth scion of the Gupta dynasty stands out as an innovation against the tiger-slayer type of Samudragupta (circa 350-370 CE) with the legend vyaghraparakramah, and the lion-slayer type of Chandragupta II (circa 376-413/415 CE). The obverse of the rhino-slayer coin shows Kumaragupta with a sword drawn in his right hand, mounted on a fully caparisoned horse. The spotlight however, seems to rest on the rhinoceros being pursued by the emperor. As the animal turns its head around to see the imminent danger trailing it, the alarmed look on its face is unmistakable. What also cannot be missed are the attempts to delineate its anatomy.

Pompous legends are used to accentuate the prowess of the ruler. On the obverse is bharta khadgatrata Kumaragupta jayatyanisam, while on the reverse is Sri Mahendrakhadga. What deserves to be underlined here is the use of the word khadga which can be interpreted as a rhinoceros as well as a sword, both of which are seen on the coin. One translation would be: "Ever victorious is the Lord Kumaragupta who is khadgatrata, that is, a protector by the sword from the rhinoceros". The legend on the reverse has been interpreted as "Sri Mahendra, the slayer of rhinoceros".

The significance of this coin has been a matter of much deliberation, with suggestions ranging from political and military ones to those that have attributed a religious significance to it. Then there are others that have perceived the coin simply as another of the mrigaya or hunting type issued by the Gupta rulers, celebrating their love for big game.


Notwithstanding such interventions, what can perhaps be safely presumed is that the tiger and the lion having already been appropriated by his illustrious predecessors, it was Kumaragupta's quest for a new symbol which led him to the rhinoceros. The sovereign, evidently, seems to have been more amities as well as eager to augment the numismatic legacies of his forerunners. The attempt, therefore, was not only to integrate old symbols but also to introduce new ones and the burly unicorn readily offered itself for adoption. The elephant of course would have been a more obvious choice but, given the centrality accorded to the creature, both as a war and as a state animal, it was probably considered prudent to portray it as a mount aiding access to the game rather than as the game itself. It has been argued that although the coin of Kumaragupta depict the rhino, these are aberrations since they are not popular representations. Rather, they are clearly in exaltation of the ruler slaying the animal and overpowering its might. While that may be one perspective, the depiction of the animal on the coin should not be merely seen as a device employed to assert the prowess of the ruler vis-a-vis forces to be reckoned with. It is also an indication on the animal having been sufficiently present to be encountered during hunts, at least in the Ganga valley.

> The mega mammal also figures on a stone disc of the Murtaziganj-Patna group. It was the sculptors at Sanchi who firmly ensconced the animal in the enduring medium of stone.

Even as late as the 9th and 10th centuries, the rhinoceros found a place in the terracotta assemblage retrieved during excavations at Shyam Sundar Tilla in South Tripura district. This comes as no surprise as, even in the 18th century, northern Bengal and Assam were known to be so rich in rhinoceros that a French map of India describes that area as "Contree dee Rhinoceros", and late medieval temples in Bengal, approximately from the same period as the map, are decorated with terracotta panels showing rhinoceros hunts (see chapter 5). Notwithstanding this evidence, we have to acquiesce that with the dawn of the historical period, there is a gap in the archaeological record. This can primarily be attributed to historical archaeology's preoccupation with prehistory and protohistory. The drying up of archaeological evidence is, however, made up for by the vivid imageries derived from texts and textual tradition. In what follows, we run through some principle texts of ancient India in search of the mega herbivore. These glimpses are merely illustrative and not exhaustive. The intention is not to convey a linear progression from one corpus to the other, but to carve out a narrative of the fortunes of the animal within religious and secular traditions separated in time and space.

**Acknowledgement**

1. **The Book:** 'The story of India's Unicorns'
2. **Authors:** Divyabhanusinh, Asok Kumar Das & Shibani Bose.
3. **Publisher:** The Marg Foundation.
4. **For Purchase:** The book is available for purchase on www.marg-art.org



Red and grey soapstone seal from Bhita, Allahabad, circa 3rd century BCE. *Photograph: American Institute of Indian Studies. AIIS : 86-13 Acc. No. 84070.*

#J'ADORE

# Children's Day Ethnic Outfits

Your children are the real treasures, so make them feel special on this Children's Day.

Children's day observance is a remembrance date observed annually in consideration of children, whose participation of remark differs according to the country. It is registered with grand enthusiasm across India on 14th November. The born day of the initial Prime Minister of India, Jawaharlal Nehru is also observed as Children's Day because of his affection towards the kids.

On this day, parents and teachers give presents to the children, and schools and academies hold several ceremonies including questionings, competitions, and games, and dancing performances on this day. One of the best ways to commemorate Children's Day is to buy and dress up your kids in ethnic clothes.

We have picked ethnic yet stylish kids' clothes for your little ones. Here, have a look at them.



**Kids Sharara Suits**

It comes in vibrant colours like fuchsia pink, turquoise blue, sunflower yellow, bottle green, etc. to seal the show. It comes in many varieties with the top designer patterns.



**Designer Kurtas**

Kurta is a very comfortable outfit, they are not just comfortable and elegant. There are lots of assortments in kurta likewise pathani kurta, long kurtas, short kurta, asymmetric kurta, waistcoat with kurta, jodhpuri kurta, etc.



**Colourful Palazzo Suits**

This wear comes in immense cool and comfortable fabric, they are light in weight and can wear in any weather conditions. The best part is it enhances looks and gives a desi feeling which is really unbelievable. As for your little angle can consider palazzo suits in high demand.



**Designer Waistcoat Set**

Our Indian culture has a lot of assortments for boys likewise, kurta pajama, kurta suit, waistcoat suit, sherwani suit, Nehru jacket, jackets, Indo-western outfits, and pathani suits, etc. The waistcoat is a symbol of our Indian ethnic wear. Kids' fashion involves the same as those in men wear.



**Dhoti Pattern Salwar Kurtis Set**

Dhoti pattern is very much in trend, especially at festivals. It surely attracts eye candy activity for kids and they love to wear it. It comes in many varieties with gorgeous colours, prints, and fabrics that give a soothing effect.



**Indian Sherwani**


Sherwani is the symbol of Indian culture. Sherwani enhances your little one's look with a touch of the heritage of our Indian culture. A sherwani for boys comes in different patterns, hues, styles, designs, and fabrics. It is one of the fabulous outfits when it comes to ethnic wear.

**Vivacious Lehenga Choli**

It is a mixture of Indo-western wear. It comes in many patterns and colours which come in modern designs which added the true essence and flavours of India to help explore its deep-rooted culture.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# कोल्ड स्टोरेज गोदाम से 15 लाख रुपए के काजू-बादाम चोरी

## मालिक ने मजमदूरों पर जताया शक

**अजमेर,** (कासं)। ब्यावर रोड स्थित कृषि उपज मंडी के कोल्ड स्टोरज से पन्द्रह लाख रुपए की कीमत के काजू-बादाम चोरी करने का मामला सामने आया है। कोल्ड स्टोरेज मालिक ने रामगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई, रिपोर्ट में मालिक ने गोदाम से 12 बोरी काजू, 7 काजू कार्टुन, 8 बोरी बादाम, 20 बादाम कट्टे चोरी होने के साथ ही कोल्ड स्टोरेज में काम करने वाले पांच मजदूरों पर चोरी का शक जताया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सुखधाम रामनगर पुष्कर रोड अजमेर निवासी संजय अरोडा ने रामगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया कि ब्यावर रोड स्थित कृषि उपज मंडी दौराई में शुभ लक्ष्मी कोल्ड स्टोरेज एंड आईस फैक्ट्री प्राइवेट लिमिटेड के नाम से उनकी फर्म संचालित है। जांच में पता चला कि यहां काम करने वाले कुछ मजदूरों द्वारा ही कोल्ड स्टोरेज की पिछली खिडकी से माल को रात के अंधेरे में पीछे की तरफ बाहर फेंक दिया जाता है और



ब्यावर रोड स्थित कृषि उपजमंडी के गोदाम में रखे जिंस।

उनके साथी माल को उठाकर जाते हैं, जिसे सोमलपुर गांव के आस -पास कहीं छुपाया जाता है।

रिपोर्ट में पुलिस को बताया कि यहां काम करने वाले सोमलपुर के मजदूरों के बारे में जांच करवाई तो

■ थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट, पुलिस जांच में जुटी

पता चला कि सोमलपुर निवासी रोजादीन, मुश्ताक, फिरोज, सद्दाम तथा सेठिया पर चोरी करवाने का शक है। वारदात का पता उस समय चला जब मालिक अरोड़ा के निर्देश पर मैनेजर हेमेन्द्र सिंह चौहान व जितेन्द्र सिंह नरूका ने स्टॉक की जांच की तो पाया कि कोल्ड स्टोरेज से 47 नग चोरी किए जा चुके हैं , जिसमें 12 बोरी काजू, 7 काजू कार्टून, 8 बोरी बादाम, 20 बादाम के कट्टे हैं, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 15 लाख रुपए है। कोल्ड स्टोरेज के मालिक ने पुलिस से माल की बरामदगी कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर नामजद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एटीएम कार्ड से रुपए निकालने वाले दो गिरफ्तार

## दरगाह थाना पुलिस ने 17 हजार 500 रुपए और दो एटीएम कार्ड बरामद किए



दरगाह थाना पुलिस ने एटीएम कार्ड चोरी कर रूपए निकालने वाले आरोपियों को पकड़ा।

**अजमेर,** (कासं)। जिला पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट के दिशा निर्देशों पर चोरी, नकबजनी लूट सहित अन्य वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रविवार को दरगाह थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एटीएम कार्ड चोरी कर रुपए निकालने के मामले में दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 17 हजार 500 रुपए व दो एटीएम कार्ड भी बरामद किए हैं।

दरगाह थानाधिकारी अमर सिंह भाटी ने बताया कि शहर में चोरी, नकबजनी, लूट सहित अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु एसपी चूनााम जाट द्वारा दिए गए निर्देशों पर कार्यवाही करते हुए शातिर आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। थानाधिकारी भाटी ने बताया कि परिवादी मोहसीम शेख पुत्र गफ्फार कनोजे निवासी वार्ड नम्बर 2 लक्ष्मीनगर दुर्गा माता मन्दिर के पीछे तहसील सेलू पुलिस थाना सावगीलेगे जिला वर्धा महाराष्ट्र ने 10 नवंबर को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसमें बताया कि दरगाह शरीफ में जियारत व फूल चढ़ाने के दौरान अज्ञात व्यक्ति ने कुर्ते की जेब में से पर्स चुरा लिया, जिसमें दो एटीएम इलहाबाद बैंक व बैंक आफ इंडिया व 2500 रुपए पर्स में रखे, जिसमें इलहाबाद बैंक एटीएम से बाद में चोरों ने 5 हजार व 10 हजार रुपए निकाल लिए है।

भाटी ने बताया कि आरोपियों की तलाश व गिरफतारी के लिए टीम का गठन किया। गठित टीम ने सीसीटीवी, एटीएम बूथ व मार्केट में लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन व चैक कर विश्लेषण और मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में आफताब पुत्र शमशुद्दीन घोसी निवासी नाजीमन दूध डेयरी के पीछे पुरानी बकरा मंडी देहली गेट अजमेर व मकान नम्बर 16 किशन गुरनानी मोहल्ला बाबूगढ़ गंज निवासी शफीक खान उर्फ नाडा पुत्र जमील खान है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो एटीएम कार्ड सहित 17 हजार 500 रुपए बरामद किए है।

आरोपियों को गिरफ्तार करने वाले टीम में पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी दरगाह अमर सिंह भाटी, कानि. पप्पी राम, जयनारायण, महावीर, प्रेमा राम (विशेष योगदान), दिनेश व भरत शामिल थे।

# वसुंधरा राजे ने जाने पूर्व विधायक सुंदरलाल के हाल-चाल

**चिड़ावा,** (निसं)। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे आज करीब साढ़े तीन बजे अचानक चिड़ावा पहुंची। वे यहां सूरजगढ़ बाईपास के पास पूर्व विधायक सुंदरलाल की कोठी पहुंची। यहां पर पूर्व प्रधान कैलाश मेघवाल व पूर्व पालिकाध्यक्ष सुभाष शर्मा के नेतृत्व में पूर्व पालिकाध्यक्ष मधु शर्मा, पालिका उपाध्यक्ष अभय सिंह, पूर्व पार्षद सुरेश जलिंद्रा, महेंद्र मोदी, रमेश स्वामी, रजनीकांत मिश्रा, पार्षद सत्यपाल जांगिड़, रजनीकांत मान सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

इसके बाद वे पूर्व विधायक काका सुंदरलाल से मिली। काका सुंदरलाल ने उनको तलवार भेंट की। इस दौरान राजे ने काका की सेहत के हाल जाने। उन्होंने इसके बाद पार्टी के अन्य साथ आए लीडरों को लेकर अंदर कमरे में करीब 15 मिनट तक गुप्त मंत्रणा की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजे ने शेखावाटी में टिकटों को लेकर सभी की राय जानी और पार्टी को अगले चुनावों में सत्ता में लाने को लेकर विचार विमर्श हुआ। क्षेत्र के कुछ प्रमुख नेताओं को राजे ने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए हैं। राजे क्षेत्र में अपनी पसंद के नेताओं को टिकट दिलाकर विधानसभा में ले जाना चाहती है।

इसके लिए उन्होंने पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव सिंह, सुभाष शर्मा, जालोर सांसद देव जी पटेल, पूर्व सांसद रामनारायण डूडी, पूर्व सांसद जसवंत बिश्नोई, पूर्व विधायक अशोक परनामी आदि के साथ मिलकर पूर्व प्रधान कैलाश मेघवाल को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने के लिए बूथ लेवल पर अधिक मेहनत पर बल दिया। इस दौरान सुनीता स्वामी, शीशराम डांगी, सुरेश थाकन, संदीप मान, किशोरीलाल, दयाराम ओजटू, संजय शास्त्री, विक्की सोलंकी सहित काफी भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पदयात्रियों का सूरौठ में स्वागत

**सूरौठ,** (निस)। देश की एकता व अखंडता और विश्वशांती का संदेश लेकर अलीगढ़ से सोमनाथ की 16 सौ किलोमीटर की पैदलयात्रा पर निकले पदयात्री आज शाम को जब सूरौठ कस्बे में पहुंचे तो उनका स्वागत सत्कार किया गया।

पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे शिवम् नारायनपुर ने बताया कि वह पांच दिन पूर्व उत्तरप्रदेश के अलीगढ़ शहर से पैदल चलकर आज सूरौठ पहुंचे है और अब धंधावली, ढिंढोरा, मिल्कीपुरा, जटनंगला, हिण्डौन व कोटा होते हुए उज्जैन के ओंकारेश्वर धाम और वहां से गुजरात के सोमनाथ मंदिर पहुंचकर विश्वशांती व देश की एकता व अखंडता और विश्वशांती की कामना करते हुए यात्रा विसर्जित करेंगे।



यात्रा पर निकले पदयात्री।

# नकदी से भरा एटीएम तोड़ ले गए बदमाश

**उदयपुर,** (कासं)। डबोक कस्बे में हाइवे पर सर्विस लाईन पर स्थित एसबीआई एटीएम के चौकीदार को बंधक बना कर बदमाश दस मिनट में नकदी से भरा एटीएम पिकअप वाहन में डाल ले गए।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार रात में डबोक थान क्षेत्र कस्बे में हाइवे पर स्थित सर्विस लाईन पर एसबीआई बैंक एटीएम पर तैनात चौकीदार वल्लभनगर निवासी शंकरलाल डांगी को बदमाश बंधक बना एटीएम तोड़ कर पिकअप वाहन में डाल ले गए। एटीएम में करीब दस लाख रूपये से अधिक की नकदी थी। रात में चौकीदार शंकर अपने कुर्सी पर बैठा था।

इस दौरान अचानक दौड़ कर चार बदमाश आए तथा उसे वहीं बंधक बना दिया तथा सीसीटीवी केमरे तोड़ दिए। बंधक बनाते ही गति से आया पीकअप वाहन ने एटीएम कॉच तोड दिए तथा बदमाश अंदर घुस कर दस मिनट में एटीएम उखाड कर ले गए। एटीएम में करीब दस लाख से अधिक की नकदी थी। घटना की सूचना मिलने पर डबोक थानाधिकारी चेलसिंह मय जाप्ता ने मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण कर बदमाशों की तलाश शुरू की। इस मामले में एसबीआई बैंक डबोक के मैनेजर हिरणमगरी सेक्टर चार निवासी हनी जरोली पुत्री राकेश जारोली की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# वनरक्षक परीक्षार्थियों के लिए ऑटो फ्री किये

## एडमिट कार्ड की फोटोकॉपी भी फ्री निकाली



करौली में ई-मित्र प्लस संघ की ओर से फ्री किये टेंपू में बैठकर परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचते परीक्षार्थी।

**करौली,** (नि.स.)। करौली में शनिवार और रविवार को आयोजित हुई वनरक्षक परीक्षार्थियों के लिए रोडवेज बस स्टैंड से सेंटरो पर आने जाने के लिए मामचारी निवासी ई मित्र प्लस संघ के जिलाध्यक्ष भंवर सिंह मीना की ओर से निशुल्क टेंपूओ की व्यवस्था की गई।

ई-मित्र प्लस संघ के जिला अध्यक्ष भंवर सिंह मीना ने बताया कि बस स्टैंड से परीक्षार्थियों के सेंटरों के लिए आने-जाने के लिए शनिवार और रविवार को निशुल्क टेंपूओ की व्यवस्था की गई। टेंपू चालकों ने सभी परीक्षार्थियों को समय पर अपने-अपने सेंटरों पर पहुंचाया । तथा अपने गांव में परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड भी फ्री निकाले । उन्होंने बताया की गत जुलाई माह में आयोजित हुई रीट की परीक्षा में भी इन्होंने 2 दिन ऑटो तथा फ्री परीक्षार्थियों के लिए एडमिट कार्ड निकाले थे। इस प्रकार की पहल से सभी परीक्षार्थियों ने आभार व्यक्त किया।

# शादी समारोह में बच्चों से चोरी कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**राजसमंद,** (निसं)। शादी पार्टी समारोह में ट्रेंड बच्चों से चोरी कराने के अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने गिरोह की एक महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एसपी सुधीर चौधरी एवं एएसपी शिवलाल बैरवा ने बताया कि पुलिस ने कबीर भानेरिया (38) पुत्र बेगसिंह निवासी कडिया थाना बोडा जिला राजगढ मध्यप्रदेश, अमित सिसोदिया (31) पुत्र तख्तसिंह सिसोदिया एवं महिला रेखा सिसोदिया (52) पत्नी तख्तसिंह निवासी गुलखेडी थाना बोडा जिला राजगढ मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि 6 नवम्बर को प्राथी बिहारीलाल विजयवर्गीय पुत्र अर्जुनलाल विजयवर्गीय निवासी स्वास्तिक सीनेमा के पीछे गली नम्बर एक कांकरोली ने कांकरोली थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। जिसमें बताया कि कुमावत वाटिका में आयोजित उनके पारिवारिक कार्यक्रम में बने अपरान्ह तीन बजे अज्ञात बदमाश ने समारोह स्थल में बने कमरे में घुर कर वहां मेहमानों द्वारा दिए गए करीब 13 हजार नकदी के लिफाफे, एक एनड्रोईड मोबाई फोन सहित बेग में रखी लगभग एक तोला सोने की सीढी, ढाई तोला दो सोने की चेन, एक ग्राम सोने के टॉप्स कुल मिलाकर 36



पुलिस ने मध्यप्रदेश के गिरोह को गिरफ्तार किया।

ग्राम सोने के जैवरात, पर्स में रखे 6 हजार रुपये नकद आदि चुरा लिए। पूरी वारदात वाटिका में लगे सीसी टीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। जिसमें संदिग्ध बैग लेकर जाता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन करते हुए एसपी सुधीर चौधरी, एएसपी शिवलाल बैरवा के निर्देशन पर बेनी प्रसाद मीणा के सुपरवीजन में थानाधिकारी डीपी दाधीच के नेतृत्व में टीम का गठन कर बदमाश की तलाश प्रारंभ की।

पुलिस टीम ने शहर के करीब 50 सीसी टीवी फुटेज की जांच कर संदिग्ध कार की जानकारी एकत्रित की। वहीं दूसरी टीम ने कार का पीछा करते हुए उदयपुर, भीलवाडा, विजयनगर अजमेर आदि जगहों पर तलाश करते हुए ब्यावर में कार को डिटेन किया। पुलिस ने संदिग्ध कार में सवार दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए लाया गया। ईधर, तलाश में जुटी तीसरी पुलिस टीम ने अन्य साथियों की तलाश करते हुए वारदात में सहयोग करने वाली एक महिला को डिटेन किया गया। आरोपियों ने 1० से 11 वर्ष के बच्चों को समारोह में भेजा। वहीं बच्चों की सहायता के लिए 17 से 18 वर्ष के लडके को साथ भेजा। जबकि अन्य लोग कार लेकर समारोह स्थल से करीब आधा किलो मीटर दूर बच्चों के आने के इंतजार में खडे रहे। वारदात को अंजाम देते ही सभी कार में सवार होकर उदयपुर की ओर रवाना हो गए। आरोपी एक जगह से चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद अन्य जगहों पर शिकार के लिए घुमते रहते है।

# बदमाशों ने पेट्रोल पम्प पर की लूट

**अनूपगढ़,** (निस)। स्टेट हाईवे नंबर 94 पर गांव 68/2 जीबी के पास स्थित अनूपगढ़ पंचायत समिति के पूर्व प्रधान हरीराम मेघवाल के तनुश्री पेट्रोल पंप पर आज देर शाम तीन नकाबपोश युवकों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। पूरा मामला पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। जानकारी के अनुसार मामला देर शाम करीब 6:30 बजे का है।

घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया घटना के वक्त पेट्रोल पंप का मालिक महेश मेघवाल किसी काम से श्रीविजयनगर गया हुआ था। इस दौरान पेट्रोल पंप पर काम करने वाले कर्मचारियों के ने लूट की सूचना पेट्रोल पंप के मालिक महेश मेघवाल और उसके पिता पंचायत समिति के पूर्व प्रधान हरी राम मेघवाल को दी। जिस पर महेश भाई कमलेश मेघवाल पेट्रोल पंप पर पहुंचा। सूचना मिलने पर पुलिस उपाधीक्षक जयदेव सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी गई।

जानकारी के अनुसार तीनों बदमाश मोटरसाइकिल पर पेट्रोल पंप पर पहुंचे। इस दौरान उनमें से एक टॉयलेट के बहाने बाथरूम चला गया। इस दौरान पंप पर खड़े दोनों बदमाशों ने सेल्समैन को बातों में लगा लिया। बाइक पर बैठे युवक ने सेल्समैन से ?200 का पेट्रोल बाइक में डलवाया। पेट्रोल डलवाते समय बाथरूम गया हुआ युवक मुंह पर कपड़ा बांधकर आ गया और सेल्समैन के हाथ से लगभग 50000 रूपए छीनकर सेल्समैन को नीचे गिरा कर भाग गया। इस दौरान पास ही में खड़े दोनों युवक भी मौके से फरार हो गए।

पेट्रोल पंप के मालिक महेश मेघवाल के भाई कमलेश मेघवाल ने बताया कि यह तीनों युवक कुछ देर तक पेट्रोल पंप पर खड़े होकर रैकी कर रहे थे और सेल्समैन में की गतिविधियों को ध्यान में रख रहे थे। कमलेश मेघवाल ने बताया कि यह तीनों युवक सेल्स में के हाथों से लगभग 40 से 50 हजार रुपये छीनकर श्रीविजयनगर की ओर फरार हो गए हैं।

पेट्रोल पंप पर हुई लूट की सूचना मिलने पर पुलिस उपाधीक्षक जयदेव सियाग,अनूपगढ़ थानाधिकारी फूलचंद शर्मा और रामसिंहपुर थाना अधिकारी दोलाराम पुलिस जाब्ते के साथ पेट्रोल पंप पर पहुंचे। पुलिस उपाधीक्षक जयदेव सियाग ने जानकारी देते हुए बताया कि लूट की घटना सीसीटीवी में कैद हो चुकी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीनों युवकों की तलाश की जा रही है।युवकों को पकड़ने के लिए क्षेत्र में नाकाबंदी करवा दी गई है।

# प्रेमी युगल तालाब में कूदा, मौत

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के समीप बडी तालाब में प्रेमी युगल ने कूद कर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर एसडीआरफ एवं गौताखोर की टीम ने दोनों मृतको को बाहर निकाला। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार सांय शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र कालबेलिया कॉलोनी 80 फीट मस्जिद के पास रहने वाली नसरीन बानू पुत्री मोहम्मद असलम ने तथा रिमझीम वाटिका के पास 80 फीट रोड़ निवासी साहिल खां पुत्र सलीम खां ने बडी तालाब में कूद कर आत्महत्या कर ली।

नसरीन व साहिल ने 2020 में शादी की थी। कुछ समय साथ रहने के बाद किसी बात को लेकर विवाद होने पर छह माह पूर्व दोनें का तलाक हो गया उसके बावजूद दोनों संपर्क में थे। इसके चलते शनिवार को नसरीन स्कूटी तथा साहिल अपनी बाइक लेकर दोनों घर से निकल कर बडी तालाब पहुंचे। जहांसे नसरीन ने परिजनों को फोन कर जानकरी दी। इस पर परिजन व पुलिस मौके पर पहुंचे जहं दोनों के वाहन व मोबाईल, बैग मौके पर पडे थे। तलाश की लेकिन सुराग नही लगा। रविवार सवेरे हेडकांस्टेबल संजय मय जाप्ता ने दुबारा मौके पर पहुंच कर एसडीआरएफ की टीम व गोताखोर की मदद से साढ ग्याहर बजे करीब नसरीन को बाहर निकाला तथा कुछ ही देर बाद साहिल को बाहर निकाल मोर्चरी पहुंचाया।

# पेयजल योजना के लिए संघर्ष कर रहे मीना का ग्रामीणों ने घोडी पर बैठाकर स्वागत किया

## भामाशाह ने नलकूप लगवा जैसनी में पेयजल समस्या का किया समाधान

**हिण्डौन सिटी,** (निस)। समीप के गांव जैसनी में आयोजित महिला सुड्डा दंगल के दौरान मुख्य अतिथि भामाशाह रामनिवास मीना का ग्रामीणों ने शानदार तरीके से अभिनंदन किया। इस मौके पर मीना ने गांव के मन्दिर की छत व श्मशान की चारदीवारी का निर्माण कराने के साथ गांव के विकास की विभिन्न घोषणाएं की।

गांव जैसनी में भामाशाह रामनिवास मीना ने ग्रामीणों की पेयजल समस्या का समाधान कराने के लिए अपनी ओर से नलकूप लगवाया था। नलकूप से पानी मिलने की खुशी में ग्रामीणों ने गांव में महिला सुड्डा दंगल आयोजित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि बतौर आमंत्रित किए गए भामाशाह रामनिवास मीना को ग्रामीण घोड़ी पर बैठा डीजे और कलश यात्रा के साथ गांव के मन्दिर से डेढ़ किलोमीटर दूर आयोजन स्थल तक ले गए। इस दौरान रास्ते में 100 से ज्यादा स्थानों पर भामाशाह मीना का पुष्प वर्षा कर एवं साफा पहनाकर भव्य स्वागत सम्मान किया। सुड्डा दंगल में भामाशाह मीना का 51 किलो फूलों की माला और 101 मीटर लंबा साफा पहनाकर सर्वसमाज के लोगों ने अभिनंदन किया।



हिण्डौन के गांव जैसनी में महिला सुड्ढा दंगल के दौरान मुख्य अतिथि रामनिवास मीणा का स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि भामाशाह रामनिवास मीना ने उपस्थित लोगों को ईआरसीपी के बारे में विस्तार से जानकारी दी और राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के लिए सरकार को ताकत दिखाने के लिए कहा। इस मौके पर भामाशाह मीना ने कलश यात्रा में शामिल 105 महिलाओं को 500-500 रुपए, सुड्डा दंगल में शमिल

■ भामाशाह मीना का पुष्प वर्षा कर एवं साफा पहनाकर स्वागत किया

महिलाओं को 1100-1100 रुपए प्रदान किए तथा आयोजन समिति को 31 हजार रुपए का सहयोग दिया। भामाशाह मीना ने ग्रामीणों की मांग पर मंदिर की छत व श्मशान की चारदीवारी का निर्माण कराने सहित गांव के विकास की विभिन्न घोषणाएं की। कार्यक्रम में सरपंच रूपसिंह सहित अन्य पंच पटेलों ने भामाशाह मीना के साथ मौजूद पूर्व सरपंच कैलाश मीना धवान, सुमंत मीना, रूपे राजोली, दिनेश नांगल, सोहन सिंह पेंचला आदि का भी सम्मान किया। महिला सुड्डा दंगल में संतरा देवी मीना सीमाला, सुमन देवी उदयपुरा बालाजी, निहाली देवी गांवड़ी श्रीमहावीरजी, रुकमणि देवी कैमला आदि पार्टियों ने सुड्डा गीत प्रस्तुत किए।

## संक्षिप्त

### विहिप की बैठक आयोजित

**कोटपूतली।** विहिप के स्थानीय कार्यालय पर जिलाध्यक्ष रामविलास सिंघल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें विहिप के राजस्थान क्षेत्र संगठन मंत्री राजाराम ने आह्वान किया कि हित चिन्तक अभियान जिले की सभी ग्राम ईकाई तक पहुंचे एवं हिंदू समाज का प्रत्येक अंग इस अभियान से न छूटे। अभियान में समाज के हर बन्धु को जोडकर समरस समाज का लक्ष्य पूरा करना है। उन्होंने परिषद कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान भी किया। सम्पूर्ण जिले का लक्ष्य 25 हजार से अधिक हित चिंतक बनाने का तय करें। इस दौरान प्रान्त उपाध्यक्ष पूरणमल भरगड़, प्रांत सहमंत्री राजेंद्र प्रसाद, जिला सहमंत्री आशीष भारतीय, जिला कोषाध्यक्ष रामसिंह सैनी, प्रखण्ड सह संयोजक देवेंद्र भरगड़, प्रखण्ड गौरक्षा प्रमुख प्रहलाद राम सैनी, प्रदीप अग्रवाल, वेदप्रकाश कुमावत व सचिन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### दौलत सागर बांध से नहरों में छोड़ा पानी

**निवाई, (निसं)।** पीपलू के सोहेला, हाडीकलां, हाडीखुर्द के किसानों की फसलों में सिंचाई के लिए रविवार को दौलतसागर बांध की नहर से पानी छोड़ा गया। सरपंच ममता चौधरी, भोलूराम चौधरी, सिंचाई विभाग की कनिष्ठ अभियंता शिवांगी गोयल, जल उपयोक्ता संगम अध्यक्ष कजोड़ जाट, हनुमान जाट, पवन सेन, सांवरमल जाट, श्योजी बैरवा, रामअवतार जाट, किशनलाल बैरवा, भैरूलाल गुर्जर, रईस खां ने विधिवत पूजा अर्चना करते हुए बांध की मोरी से नहर पानी छोड़ा। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता कानाराम गुर्जर ने बताया कि दौलतसागर बांध की नहरों से सोहेला, हाडीकलां, हाडीखुर्द की करीब 1600 बीघा भूमि की सिंचाई होगी। जैसे ही बांध की मोरी का वाल्व खोलकर नहरों में पानी छोड़ा तो क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। ।

### अलवर जिले को मिलेगा राष्ट्रीय पुरस्कार

**अलवर, (निसं)।** जिला प्रशासन अलवर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 3 दिसंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम में इस वर्ष के दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु उत्कृष्ट कार्य करने पर सर्वश्रेष्ठ जिले का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी दिव्यांजन सशक्तिकरण हेतु सर्वश्रेष्ठ जिले का प्रमाण पत्रा प्राप्त करेंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रविकान्त ने बताया कि भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा जारी वर्ष 2022 के पुरस्कार विजेताओं की सूची में अलवर जिले को शामिल किया है। यह पुरस्कार प्रतिवर्ष दिव्यांगजन के लिए सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले देशभर में केवल एक जिले को प्रदान किया जाता है।

### सड़क निर्माण कार्य शुरु कराया

**टोंक, (निस)।** शहर के सिविल लाईन-मामू भांजा रोड पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य में बाधा में पैदा होने के मामले में सभापति अली अहमद ने मौके पर पहुंच कर लोगों से समझाईश कर सडक निर्माण कार्य शुरु कराया। नगर परिषद सभापति अली अहमद ने रविवार को सिविल लाईन, मामू भांजा रोड पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य को लेकर कुछ लोगो द्वारा आपत्ति जताई जाने पर रोड कार्य बाधा पैदा होने पर सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे। जिस पर सभापति अली अहमद ने स्थानीय लोगों से समझाइश की गई और पुनः सड़क निर्माण कार्य को शुरू करवाया गया। इस दौरान साथ में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता दीन मोहम्मद, पीडब्ल्यूडी एईएन व जेईएन, पार्षद रामदेव गुर्जर, शैलेंद्र शर्मा, पार्षद राहुल सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

### खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**निवाई, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली में चल रही जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान रामअवतार लागंडी एवं विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य रामजीलाल बैरवा, उपप्राचार्य दीपेन्द्र सिंह राजावत, पंचायत समिति सदस्य शंकर लाल अटल, खेलकूद प्रतियोगिता प्रभारी श्रवणलाल जाट, मुकेशकुमार बोहरा रहे। कार्यक्रम अध्यक्षता सरपंच फूलादेवी मीना ने की।

# गांव धतूरी में हुए ब्लाईंड मर्डर का पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार

■ प्रेम प्रसंग के शक में की थी हत्या



गांव धतूरी में हुए ब्लाईंड मर्डर का पर्दाफाश कर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**निवाई, (निसं)।** गांव धतूरी में हुए ब्लाईंड मर्डर का पर्दाफाश कर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गत तीन नवम्बर को विजय सिंह राजपूत ने थाना मामला दर्ज करवाया था कि एक नवम्बर को उसका भाई कमल सिंह राजपूत निवासी गुगड़ोद अपने खेत टोरडी बडागॉव में स्थित उसकी झोपडी में रोजाना की तरह सो रहा था। मध्यरात्रि में सोते हुये उसके भाई कमल सिंह पर अज्ञात व्यक्तियों ने लकड़ी से वार कर अधमरा कर दिया। कमल सिंह को उन्होंने निवाई सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहॉ उसकी चिंताजनक स्थिती होने पर उनको एसएमएस अस्पताल जयपुर के लिये रेफर कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज करके अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। अनुसंधान के दौरान गांव के लोगों, आस पडोसियों से पूछताछ करके आपसी झगड़े की जानकारी ली गई। इसी दौरान 9 नवम्बर को एमएमएस अस्पताल जयपुर में उपचार के दौरान कमल सिंह की मौत हो गई। पुलिस की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस वृत्ताधिकारी संदीप सारस्वत के सुपरविजन में थानाधिकारी नाहर सिंह के नेतृत्व में थाना व साईबर सैल से विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा ब्लाईंड मर्डर का खुलासा करने के लिये मृतक के परिवारजनों, रिस्तेदारों, दोस्तों व संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई व बारीकी से तकनीकी विश्लेषण किया जिससे इस मामले का पर्दाफाश हुआ। पुलिस ने बताया कि मृतक कमल सिंह ग्राम धतूरी में स्थित अपनी झोपड़ी में परचूनी दुकान की आड़ में अवैध शराब बेचता था। मृतक का पड़ोस में रहने वाले रामसहाय गुर्जर के घर आना जाना था। रामसहाय का चाचा श्योजी राम मृतक के पास ही झोपड़ी में सोता था। रामसहाय एवं उसके पुत्रो बबलू गुर्जर एवं युवराज गुर्जर को मृतक कमल सिंह एवं बबलू की पत्नी के बीच अवैध संबंध होने का शक था जिसके चलते उनके घर में आये दिन कलह होती थी। इसी से आवेषित होकर रामसहाय गुर्जर, उसके चाचा श्योजीराम गुर्जर एवं उसके छोटे पुत्र युवराज गुर्जर ने कमल सिंह को रास्ते से हटाने का षडयंत्र रचाकर रात्रि में लगभग 1 बजे कमल सिंह के बगल में सो रहे श्योजीराम तथा योजना के तहत वहा आये रामसहाय गुर्जर एवं युवराज गुर्जर ने लकड़ी तब तक निर्ममतापूर्वक से वार किये तथा योजना के तहत कमल सिंह के परिजनो को लगभग 3:15 बजे कमल सिंह पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हमले के संबंध में सूचित किया। उक्त मामले में रामसहाय पुत्र छीतर लाल गुर्जर, श्योजीराम पुत्र नाथूलाल गुर्जर, युवराज पुत्र रामसहाय गुर्जर तीनो निवासी गुगड़ोद जिला सवाईमाधोपुर को गिरफ्तार किया हैं।

## विकास की संदिग्ध मौत की गुत्थी नहीं सुलझी

**कोटपूतली, (निसं)।** शिल्प एवं माटी कला बोर्ड अध्यक्ष राज्यमंत्री डूंगरराम गेदर ने कहा है कि मृतक विकास प्रजापत के हत्यारों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि मृतक विकास के शरीर पर चोट के निशान मिलना, अंडर गारमेंट्स, जूते व मोबाइल गायब होना जैसे तथ्यों को लेकर क्षेत्रीय विधायक व गृह राज्य मंत्री राजेंद्र यादव से भी मुलाकात कर घटना से अवगत करवाते हुए न्याय की मांग की है। वहीं पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर भी घटना से अवगत करवाया है। गैदर ने पीड़ित परिवार को निष्पक्ष जांच व न्याय का भरोसा दिलाया है। जानकारी के अनुसार कोटपूतली में 20 वर्षीय विकास की संदिग्ध मौत की गुत्थी पुलिस एक सप्ताह में भी नहीं सुलझा पाई है। और सप्ताह भर बाद भी विकास की मौत से जुड़े सवाल जवाब मांग रहे हैं।

गौरतलब है कि विगत 4 नवंबर को, एक 20 वर्षीय युवक अपने परिजनों को अपने दोस्तों के साथ शादी में जाने की बात कह कर घर से निकला था। लेकिन अगली सुबह लड़के की डेड बॉडी बीडीएम अस्पताल की मोर्चरी में होने की सूचना मिली। दरअसल लड़के के दोस्त ही उसे देर रात अस्पताल में लावारिस भर्ती करा कर फरार हो गए थे। मृतक युवक की पहचान मोहल्ला बड़ाबास निवासी 20 वर्षीय विकास प्रजापत के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि मृत विकास की छाती व पैरों पर रस्सी से बांधे जाने जैसे निशान थे। साथ ही मृतक के शरीर पर अंडर गारमेंट्स भी नहीं थे। जूते व मोबाइल भी गायब था। ऐसे में परिजनों ने मृतक विकास की हत्या की आशंका जताते हुए थाने में दोस्तों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज करवा दिया था।

परिजनों का आरोप है कि पुलिस पिलर गिरने से विकास की मौत होना बता रही है, जबकि मृतक की छाती पर एक लम्बे निशान के अलावा कोई दूसरा निशान मौजूद नहीं है। मौके पर एफएसएल टीम को 5 दिन बाद बुलाया गया, जिसके बीच बारिश आ चुकी थी, ऐसे में घटनास्थल से साक्ष्य मिटने की आशंका है। वहीं पुलिस ने अभी तक आरोपियों से मृतक का मोबाइल व अंडर गारमेंट्स भी बरामद नहीं किए हैं। परिजनों का आरोप है कि पुलिस मृतक के पैरों व छाती पर रस्सी जैसी चीज से बांधे जाने के निशानों को नकार रही है जबकि तस्वीरों में यह निशान साफ दिखाई दे रहे हैं।

## सांभर को जिला घोषित करवाने की सात दशक पुरानी मांग को सरकार ने किया दरकिनार

■ जिला कलेक्टर ने एसडीएम दूदू से जयपुर जिले के पुनर्गठन के प्रस्ताव के सम्बन्ध में मांगी रिपोर्ट

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर को जिला घोषित करवाने के लिये वर्ष 1952 से अनवरत की जा रही वाजिब मांग को प्रदेश सरकार ने कथित रूप से दरकिनार करते हुये जिला कलेक्टर जयपुर के माध्यम से उपखण्ड अधिकारी, दूदू से नवीन जिला गठन किये जाने के संदर्भ में विस्तृत बिन्दुओं पर रिपोर्ट मांगी है। जिला कलेक्टर जयपुर के पत्रांक-भूअ-ई-3-2014-11849-861 दिनांक 20 सितम्बर के आधार पर एसडीएम दूदू ने पत्रांक-126 दिनांक 10-11-2022 को एक पत्र जारी कर इस बाबत उपखण्ड अधिकारी सांभर, जोबनेर, मालपुरा, रूपनगढ, किशनगढ रेनवाल व तहसीलदार मोजमाबाद, अराई, फागी, माधोराजपुरा, चाकसू, कोटखावदा सहित उप तहसीलदार बगरू से निर्धारित प्रोफार्मा में सूचना मांगी जाने की जानकारी सामने आने के बाद फुलेरा विधानसभा क्षेत्र में सम्मिलित सांभर को जिला घोषित किये जाने की सात दशकों पुरानी मांग पर गहरा प्रश्न चिंह लगने की संभावना को देखते हुये क्षेत्रवासियों के होश फाख्ता है।

जानकारी के अनुसार सांभर को जिला घोषित करवाने के लिये प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री रहे जयनारायण व्यास, मोहनलाल सुखाडिया, भैंरोसिंह शेखावत के कार्यकाल के दौरान उनके समक्ष रखी गयी प्रबल मांग के आधार पर उनकी ओर से भी इसके लिये आश्वस्त किया गया था, उसके पश्चात भी समय समय पर सरकार को ज्ञापन भिजवाये गये। निवर्तमान मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, व वर्तमान प्रदेश के मुखिया अशोक गहलोत को यहां के लोगों की ओर से व्यक्तिशः तौर पर विस्तृत रूप से प्रतिवेदन सौंपे गये थे। जानकारी में आया है कि इन दशकों में जब भी नवीन जिला गठन के लिये सरकार की ओर से कमेटी बनायी गयी तो उनकी तरफ से भी सांभर को हर दृष्टि से उपयुक्त मानते हुये अपनी अनुशंसा भी की गयी थी, लेकिन सांभर की वरीयता को गौण कर महज कुछ वर्षों पहले इसी सरकार के कार्यकाल में उपखण्ड बने दूदू को प्राथमिकता में शामिल करने की कथित तौर पर आ रही जानकारी व चल रहा चर्चाओं के दौर से यहां के लोगों की भावनाएं जबरदस्त तरीके से आहत है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2005 में जनहित संघर्ष समिति व 2012 व 2017 में बार एसोसिएशन की तरफ से भी सांभर को जिला घोषित करवाने के लिये आन्दोलन, धरना प्रदर्शन, रैलियां, पोस्टकोर्ड अभियान, हस्ताक्षर अभियान चलाया गया था तथा वर्तमान में भी इसके लिये आवाज उठायी जा रही है। इसी संदर्भ में सांभर निवासी व कांग्रेस नेता कैलाश शर्मा की ओर से अभी हाल ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात कर सांभर को जिला घोषित किये जाने, सांभर को उसका वास्तविक हक प्रदान कर उसके साथ न्याय किये जाने के लिये लिखित अभ्यावेदन भी सौंपा है। सांभर को जिला घोषित करवाने के लिये यहां 10 जुलाई से लगातार 121 दिवसीय रामरचित मानस अखण्ड पाठ व साधु संतों की ओर से हवन में आहुतियां देकर इसके लिये प्रार्थना की गयी है।

## अलौकिक समर्पण समारोह आयोजित



अभिनन्दन समारोह में रानी रत्ना कुमारी ने अतिथि के रूप में भाग लिया।

**शाहपुरा, (निसं)।** त्रिवेणी रोड स्थित चन्द्रमहल पैलेस में शिवशक्ति बहन का अलौकिक समर्पण-अभिनन्दन समारोह में रानी रत्ना कुमारी ने अतिथि रूप में भाग लिया। कार्यक्रम विशेषतः शाहपुरा सेवा केंद्र की बाल ब्रहमचारिणी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी बहन बी. के. पिंकी विश्वकल्याण की सेवा में स्वेच्छा एवं परिजनों की स्वीकृति से त्रिलोकीनाथ सर्वशक्तिनाथ भगवान शिव की समर्पिता बानी है इसके उपलक्ष्य में था। सेवाकेंद्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुलभा दीदी (शाहपुरा) ने भी अपने विचार साझा किये। कार्यक्रम में शाहपुरा विधायक की धर्मपत्नी सविता बेनीवाल, शाहपुरा प्रधान मंजू शर्मा, पूर्व शाहपुरा चैयरमेन श्री कृपा शंकर जी एवं हरीश बल्लीवाल जी, जयपुर से भाई कुणाल जी एवं बहन लक्ष्मी जी, बापू नगर से बहन जयंती जी एवं कोटपूतली से बहन लक्ष्मी जी भी उपस्थित रहे।

## प्रभारी सचिव ने बहरोड क्षेत्र का दौरा किया

**अलवर, (निसं)।** जिला प्रभारी सचिव एवं वन एवं पर्यावरण विभाग के प्रमुख शासन सचिव शिखर अग्रवाल ने रविवार को अलवर जिले के दौरे के तीसरे दिन बहरोड क्षेत्र में विभिन्न सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रभारी सचिव अग्रवाल ने आज प्रातः बहरोड में पहुंचकर राजकीय अम्बेडकर बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। प्रभारी सचिव व जिला कलेक्टर ने छात्रावास में विद्यार्थियों से बातचीत कर छात्रावास की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली व उनके शैक्षणिक स्तर को जांचा। उन्होंने उपखण्ड अधिकारी व वार्डन को निर्देश दिये कि छात्रावास में विद्यार्थियों की ओपन अलमारियों में अनटाइड फण्ड से पल्ले लगवाए। छात्रावास में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था करावें। उन्होंने निर्देश दिये कि विद्यार्थियों को दिए जा रहे भोजन में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने रसोई, शौचालय आदि का भी निरीक्षण किया। साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक मिली। इस दौरान मंथन फाउंडेशन के द्वारा दो दिव्यांग बेटियों को ट्राई साइकिल भेंट की।

ग्राम पंचायत कारोडा का किया निरीक्षण : प्रभारी सचिव अग्रवाल ने बहरोड की ग्राम पंचायत कारोडा में ग्राम पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया व बैठक लेकर निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत की सिवायचक व चारागाह भूमि पर नरेगा से तारबंदी करावे। उन्होंने सरकारी स्कूल की चार दीवारी नरेगा से कराने के निर्देश दिये। उन्होंने पेयजल टंकी की साफ-सफाई नियमित कराने व साफ-सफाई कर सफाई दिनांक अंकित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिये कि विद्युत कटौती की सूचना देवे। प्रभारी सचिव अग्रवाल ने ग्राम पंचायत कारोडा में स्वच्छ भारत मिशन-2 के तहत कराई जा रही स्वच्छता गतिविधियों का निरीक्षण किया।

# शिक्षित बालक-बालिकाओं से ही शिक्षित समाज का निर्माण होगा : प्रशांत बैरवा

■ नवीन महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल दतवास का लोकार्पण किया



निवाई में विधायक प्रशांत बैरवा ने उद्घाटन किये।

**निवाई, (निसं)।** ग्राम पंचायत दत्तवास के गांव राजधानपुरा की प्राथमिक स्कूल को उच्च प्राथमिक में क्रमोन्नत, ग्राम दतवास में बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय को बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत, राजकीय कन्या महाविद्यालय दतवास का शुभारम्भ एवं नवीन महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल दतवास का मुख्य अतिथि विधायक प्रशांत बैरवा द्वारा समारोह पूर्वक लोकार्पण किया गया।

समारोह में संबोधित करते हुए विधायक प्रशांत बैरवा ने कहा कि शिक्षा से ही हर क्षेत्र में विकास संभव है। उन्होंने कहा कि शिक्षित बालक-बालिकाओं से ही शिक्षित समाज का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि बालकों के साथ-साथ बालिकाओं को भी शिक्षा से जोड़े। जिससे दो परिवारों का विकास होगा। इस दौरान उन्होंने राजधानपुरा विद्यालय में दो कक्षा कक्षा, पेयजल के लिए जेड पंप के निर्माण कराने की घोषणा की एवं श्मशान घाट के चारदीवारी निर्माण एवं आम रास्ता को सुचारू करवाने का आश्वासन दिया। इसी प्रकार ग्रामपंचायत दतवास पंचायत में भी अभिनंदन समारोह व एवं जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने उप तहसील दत्तवास को तहसील का दर्जा दिलवाने एवं ग्रामीणों क्षेत्र में रात के बजाय दिन में बिजली देने की मांग की। जिस पर विधायक प्रशांत बैरवा ने उक्त मांगों का शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान समारोह में मौजूद छात्र छात्राओं का उत्साह बढ़ाने के लिए विधायक प्रशांत बैरवा, तहसीलदार प्रांजल कंवर एवं विकास अधिकारी रानू इंकिया उनके बीच में बैठकर छात्राओं से चर्चा करते हुए उनको उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त करके आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष राजेश चौधरी, शहर अध्यक्ष महावीर प्रसाद पराणा, पंचायत समिति सदस्य ब्रह्म प्रकाश गुर्जर प्रदीप पारीक सरपंच प्रतिनिधि पप्पू लाल मीणा पंचायत समिति सदस्य हनुमान मीणा हंसराज मीणा जरा एडवोकेट सतीश शर्मा सोनू गुर्जर सरपंच सुवालाल कोली रमेश चंद गुर्जर मुकेश मीणा तहसीलदार प्रांजल कंवर विकास अधिकारी रानू इंकिया प्रधानाचार्य सुविज्ञा चौहान प्राचार्य मीणा हजारी लाल मीणा निर्मल गोयल पूर्व प्रधान जयराम बैरवा सीताराम सोनी रतन लाल मीणा नायब तहसीलदार अरविंद शर्मा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## सार-समाचार

### यूरिया खाद का वितरण



**किशनगढ़ बास, (निसं)।** यूरिया खाद सब किसानों तक पहुंचे और आसानी से उपलब्ध हो इसके लिए एसडीएम गंगाधर मीणा ने कृषि पर्यवेक्षक और पटवारी की निगरानी में खाद विक्रेताओं के यहां किसानों को यूरिया खाद का वितरण कराया और स्वयं ने मौके पर पहुंचकर किसानों से बातचीत की और कहां सबको मिलेगा यूरिया गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई। किसानों से बात करने के बाद एसडीएम ने वितरण की व्यवस्थाओं को देखा और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसडीएम गंगाधर मीणा ने बताया कि यादव कृषि विकास केन्द्र पर 800, लख्याणी एजेन्सी पर 330, यादव खाद भंडार 110, खैरिया खाद भंडार 110, गुप्ता खाद भंडार 110, लोकेश खाद भंडार 110 , कपूर खाद भंडार तीतरका 180, यादव खाद तितरका 330, यादव खाद बोलनी 400 बैग यूरिया के कृषि पर्यवेक्षक व पटवारियों की निगरानी में किसानों को वितरण कराया गया।

### व्यर्थ बह रहा सैकड़ों लीटर पानी

**पावटा, (निसं)।** एक ओर जहां लोगों को पेयजल समस्या से जूंझना पडता है, वहीं दूसरी ओर जलदाय विभाग की लापरवाही के चलते प्रतिदिन सैकडों लीटर पानी रोड पर व्यर्थ पर बह निकलता है। विभागीय कर्मचारियों को जानकारी होते हुए भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। भाजपा एससी मोर्चा जिला महामंत्री बद्री प्रसाद चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि पावटा कस्बे के राठी कॉलोनी पुराना रोड चौराहे के पास जलदाय विभाग की मुख्य पाइप लाइन कई जगह से टूटी हुई है। जिसके कारण यहां से रोज सैकडों लीटर पानी व्यर्थ बह निकलता है। बार-बार जलदाय विभाग के कर्मचारियों को पाईप लाईन के लीक होने तथा अन्य घरों में सप्लाई नहीं पहुंचने की सूचना के लिए जब शिकायत के लिए जलदाय विभाग में जाते है तो जलदाय विभाग में कोई भी अधिकारी कार्यालय में नही मिलते। कई बार लिकेज पाइप लाइन के लिए जलदाय विभाग के ठेकेदार को भी अवगत कराने के बाद भी अभी तक लीकेज दूर नही हुआ। जलदाय विभाग का इस ओर कोई ध्यान नही जाता। लेकिन जलदाय विभाग के द्वारा इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे सैकडो लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है।

### दुर्घटनाओं को न्यौता देता रेलवे अण्डरपास



**फुलेरा, (निसं)।** एक तरफ तो केन्द्र व राज्य सरकार आमजन की सुविधाओं को लेकर विभिन्न प्रकार की योजनाएं लेकर आ रही है। तो वहीं दूसरी ओर रेलवे विभाग द्वारा फुलेरा-बिचून सड़क मार्ग के सामलपुरा स्टैंड पर डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) के नेतृत्व में बनाया गया अण्डरपास नम्बर 31094 इन दिनों आमजन के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। इसके चलते आमजन एवं वाहन चालकों के लिए अण्डरपास से निकलना खतरनाक साबित हो रहा है। गौरतलब है कि करीब चार वर्ष पूर्व जनउपयोगी कॉरिडोर की लाईन डाली गई। परन्तु उक्त अण्डरपास में आजतक भी बारिश के पानी निकासी का कोई स्थाई समाधान नही हो पाया है। वहीं अण्डरपास में बनी नालियों पर लगे फेरोकवर (जालियां) काफी समय पूर्व असामाजिक तत्वों के द्वारा हटा दी गयी थी। लेकिन विभाग के अधिकारियों ने उक्त नालियों पर जाली लगवाने की बजाय नालियों को ही बन्द कर दिया। इसके चलते यह नालियां अब पूरी तरह टूट चुकी है। जिससे इस अण्डरपास से निकलने वाले अधिकांश वाहन चालक कई बार दुर्घटना का शिकार भी हो रहे है। वहीं अण्डरपास से निकलने वाले दुपहिया वाहन चालक दुर्घटना से बचने के लिए अण्डरपास में बने फुटपाथ का उपयोग करते नजर आ रहे है। उपरोक्त समस्या को लेकर आकोदा निवासी संजय जैन ने दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा के अध्यक्ष अशोक वासदेव से उक्त समस्या को प्रशासन तक पहुंचाने का आग्रह किया। जिस पर अध्यक्ष वासदेव ने तुरन्त गौर-फरमाते हुए बताया कि उक्त अण्डरपास की समस्या को लेकर सम्बधित अधिकारीयों से बात की गई है जिस पर अधिकारी ने कहा कि जल्द ही टेण्डर प्रक्रिया जारी कर मात्र 1 माह के भीतर इसे दुरूस्त करा दिया जाएगा। जिससे आने जाने वाले लोगों को राहत प्रदान होगी।

### चिकित्सा मंत्री ने जन सुनवाई की

**मंडावरी, (निसं)।** चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा रविवार को निज निवास मंडावरी में जनता दरबार लगाया गया एवं जनसुनवाई कर लोगों को राहत प्रदान की गई। जन सुनवाई के दौरान लालसोट विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे लोगों द्वारा विभिन्न समस्याओं से चिकित्सा मंत्री मीणा को अवगत कराया गया जहां पर चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा मौके पर अधिकारियों को दूरभाष से अवगत कराते हुए संबंधित समस्याओं के त्वरित एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। जन सुनवाई के दौरान मंत्री मीणा से मंडावरी में विगत दो हफ्ते पहले हुई डकैती लूटपाट आदि की घटना को शीघ्र खुलासा करने को लेकर भी अवगत कराया गया। वहीं मंत्री मीणा द्वारा इस घटना के जल्द खुलासे का आश्वासन दिया गया। मंत्री मीणा ने कहा कि कस्बे की सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं एवं बाकी जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य एक-दो दिन में पूरा हो जाएगा। जनसुनवाई के दौरान लालसोट विधानसभा क्षेत्र एवं अन्य जगहों से आए लोग मौजूद रहे।

### खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**बोराज, (निसं)।** जी एन ग्लोबल अकैडमी सीनियर सैकेंडरी स्कूल बोबास में रविवार को 66वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता अंडर-14 का शुभारंभ भरतपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष अरुण सिंह, रोशन सिंह ढाका एवं संस्था संरक्षक हनुमान सहाय सिरसी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता गौशाला अध्यक्ष बाबूलाल प्रजापत ने की जबकि विशिष्ट अतिथि बोराज सरपंच सुरेंद्र सिंह मीणा, शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष हरि नारायण जाट, गोविंद नारायण कुमावत, छितरमल चौधरी, बिरजू सिंह, छोटूराम कलवानिया, मूलचंद मीणा रहे। विद्यालय के निदेशक चंद्रमोहन मीणा ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता में कुल 51 टीमें भाग ले रही है जिममें 18 टीमें क्रिकेट छात्र वर्ग 4 टीमें क्रिकेट छात्रा वर्ग,16 टीमें कबड्डी, जिमनास्टिक में छात्र वर्ग आठ टीमें व छात्रा वर्ग में 5 टीमें भाग लेगी। खेलकूद प्रतियोगिता का अतिथियों ने ध्वजारोहण कर खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलने की शपथ दिलाकर विधिवत शुभारंभ किया।

### कोरोना काल से बंद ट्रेन को शुरू कराने की मांग

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** कोरोना काल में बंद की गई जैसलमेर दिल्ली रुणिचा एक्सप्रेस ट्रेन को शुरू कराए जाने के लिए खैरथल से रोजी-रोटी कमाने के लिए दैनिक यात्रा करने वाले यात्रियों का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को पूर्व विधायक रामहेत यादव से मिला और केंद्र सरकार से पुनः ट्रेन को प्रारंभ कराए जाने की मांग की। पूर्व विधायक रामहेत यादव के किशनगढ़ बास अनाज मंडी स्थित निवास पर रविवार को कोरोना कॉल से बंद पड़ी जैसलमेर दिल्ली रुणीचा एक्सप्रेस ट्रेन को शुरू कराए जाने की मांग को लेकर पहुंचे दैनिक यात्रियों ने कहा ट्रेन के बंद होने से रोजी रोटी का नुकसान हो रहा है। पूर्व विधायक ने सैकड़ों की तादाद में पहुंचे दैनिक यात्रियों को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही दैनिक यात्रियों की समस्या को केंद्रीय रेल मंत्री तक पहुंचा कर शीघ्र ही ट्रेन शुरू हो इसके लिए प्रयास करेंगे।

# संक्षिप्त

## कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न

**बोराज, (निसं)।** कस्बे के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में रविवार को राजकीय सीनियर स्कूल जयपुर प्रथम की जिला स्तरीय 66वीं खेलकूद कबड्डी प्रतियोगिता अंडर 17 का समापन हुआ। कबड्डी का फाइनल मैच महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय व अल्फा इंटरनेशनल अकैडमी पांच्यावाला जयपुर के बीच खेला गया। जिसमें विजेता रही टीम महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बैगस व उपविजेता टीम अल्फा इंटरनेशनल अकैडमी को समारोह के मुख्य अतिथि सरपंच सुरेंद्र सिंह मीणा, विशिष्ट अतिथि गोपाल सांखला, प्रतियोगिता संयोजक प्रधानाचार्य गीता राजावत, वाइस प्रिंसिपल हरिशंकर जोनवाल व भामाशाह ओमप्रकाश कुमावत, राकेश नटवाडिया, सूबेदार सुरेश कुमावत, धारा सिंह चौधरी, अर्जुन कडवा एवं ग्राम के गणमान्य लोगों द्वारा विजेता व उपविजेता टीमों को पारितोषिक वितरण कर सम्मान किया।

## झगड़े में एक घायल

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा थाना क्षैत्र के सदरपुरा गांव के चरागाह में रविवार को मवेशी चराने को लेकर दो पशु चरवाहों में हुए झगडे में लाठी के हमले से घायल चरवाहे को मालपुरा अस्तपाल में भर्ति करवाया। सुचना पर थाना पुलिस पहुंची। परिजनो ने बताया कि रविवार को चरागाह मे राधेश्याम बैरवा अपने पशु चरा रहा था। इसी दौरान लक्ष्मीपुरा पीनणी निवासी सकराम गुर्जर पशु चरा रही अन्य महिलाओं के साथ झगडा कर गाली-गलोच कर रहा था जिसका उलाहना देने पर सकराम ने राधेश्याम पर लाठी से हमला कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजनो ने घायल राधेश्याम को मालपुरा अस्पताल मे उपचार के लिए भर्ति करवाया व पिडित की और से दी रिपोर्ट पर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

## चुनाव को लेकर बैठक आयोजित

**बोराज, (निसं)।** कस्बे के वीर तेजाजी गौशाला सेवा समिति सुरपुरा की बैठक रविवार को गौशाला कार्यकारी अध्यक्ष भैरूलाल चौधरी की अध्यक्षता एवं संरक्षक पूर्व सरपंच प्रेमचंद टेलर के सानिध्य में आयोजित हुई। सचिव बन्नाराम वर्मा ने अक्टूबर माह का आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से गौशाला की नवीन कार्यकारिणी के चुनाव रविवार 20 नवंबर को कराने का प्रस्ताव लिया गया। इस अवसर पर सरवन लाल तोड़ावता, शंकरलाल बैरवा, मुकेश मीणा, सत्यनारायण मीणा, रमेश खार्डिया, रामचंद्र कुमावत, सीताराम मीणा, ठाकुर सिंह सहित सदस्यगण उपस्थित रहे।

## बंधक बनाने का आरोपी गिरफ्तार

**मालपुरा, (निसं)।** लाम्बाहरिसिंह थाना क्षैत्र के भोपलावजी मंदिर पर अवैधानिक रूप से जातिय पंचायत करने तथा भाई-बहिन को बंधक बना 7 नवम्बर की रात्रि जंगल में मारपीट करते हुए शारीरिक व मानसिक की यातनाएं देकर विडियो बना वायरल किये जाने के मामले में पीडित कालू मोग्या व उसकी बहिन की और से दर्ज मामले में नामजद नवां आरोपी नवरतन पुत्र भूरा मोग्या निवासी झिरोता थाना बोराडा को गिरफतार किया गया। थाना प्रभारी भागीरथ सिंह ने बताया कि इससे पूर्व 8 आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

## मोहसीन खान अध्यक्ष नियुक्त

**टोंक, (नि.सं)।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष एम. सादिक खान के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराना की सहमति, पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल टोंक अध्यक्ष राजेश शर्मा की अभिशंषा पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अ. रशीद ने पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल टोंक के अध्यक्ष पद पर मोहसीन खान को नियुक्त किया है। साथ ही जल्दी से मंडल कार्यकारिणी का गठन कर संगठन को मजबूती प्रदान करने के निर्देश दिए है।

## यशवीर शुरा जिला प्रभारी नियुक्त

**मालपुरा, (निसं)।** राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी द्वारा सम्पूर्ण भारत वर्ष में निकाली जा रही भारत जोडो यात्रा के राजस्थान में आयोजन को लेकर कांग्रेस आलाकमान द्वारा युवा कांग्रेस नेता यशवीर शुरा को बूंदी जिला प्रभारी नियुक्त किया गया। बूंदी जिले मे भारत जोडो यात्रा को लेकर संगठन की बैठक लेने सहित सभी तैयारियों की अहम जिम्मेदारी लिये जाने पर युवा टीम मे उत्साह देखा गया तो यशवीर शुरा ने भी संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी पूर्ण किये जाने का विश्वास दिलाया।

# 56 लाख की फिरौती के लिये अगवा किये गये युवक को मुक्त कराया

**जयपुर।** ग्रामीण पुलिस की 7 टीमों ने शुक्रवार को भानपुर कला थाना क्षेत्र से किडनैप किए गए युवक को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से सकुशल छुड़ा लिया। हिस्ट्रीशीटर समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर टीम ने वारदात में प्रयुक्त इनोवा तथा लूटी गई हुंडई क्रेटा कार बरामद की है।

ग्रामीण एसपी मनीष अग्रवाल ने बताया कि गांव बुझ थाना जमवारामगढ़ निवासी हिस्ट्रीशीटर श्योराम उर्फ सियाराम मीणा पुत्र छोटू राम (32), गुल्ला राम उर्फ गुल्या मीणा पुत्र छोटूराम (28), मांगीलाल सैनी पुत्र भोरेलाल (19), सौरभ सैनी पुत्र सीताराम (21) एवं कमलेश सैनी पुत्र नारायण (20) तथा रामनगर वीरासना थाना आंधी निवासी हंसराज मीणा पुत्र बालूराम (28) को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि अपहृत युवक धरती सिंह बावरिया जमीन से गड़ा धन निकालने का लालच देकर ठगी किया करने का आदी है। इसके खिलाफ विभिन्न थानों में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। काफी मुकदमो में वांछित ईनामी



ग्रामीण पुलिस की सात टीमों ने युवक को मुक्त कराकर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

अभियुक्त है। धरती सिंह के पिता नारायण के विरुद्ध भी करीब 28 मुकदमे दर्ज हैं। धरती सिंह द्वारा जमीन से सोने की ईंट एवं आभूषण निकालने के नाम पर गिरफ्तार आरोपी गुल्ला राम उर्फ गुल्या के साथ 27 लाख रुपयों की धोखाधड़ी की गई थी। इसी वजह से अपहरण की वारदात को अंजाम दिया गया। शुक्रवार को किशनगढ़ रेनवाल निवासी करमा देवी ने भानपुर कला क्षेत्र से धरती सिंह को अगवा किए जाने तथा अनजान नंबर से 50-60 लाख की फिरौती की रकम मांगे जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। घटना की गंभीरता को देख एसपी अग्रवाल ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव व सीओ जमवारामगढ़ शिव कुमार भारद्वाज के सुपरविजन में एसएचओ जमवारामगढ़ कमल सिंह, एसएचओ रायसर रामधन सांडीवाल, एसएचओ आंधी रामकिशोर, डीएसटी प्रभारी राकेश कुमार एवं साइबर क्राइम इंचार्ज कमलेश कुमार के नेतृत्व में सात

- **6 अपहरणकर्ता गिरफ्तार, हड़पी गई रकम पाने के लिए किया गया था अपहरण**

अलग-अलग टीमें गठित की।

घटना को चुनौती के रूप में लेते हुए गठित टीम को सीडीआर व लोकेशन के आधार पर गांव बुझ, मानोता, नायला, कानोता व अन्य स्थानों पर भेजा गया। परिवादिया करमा देवी को एक प्राइवेट वाहन में ट्रैकिंग सिस्टम लगा आरोपियों के बताए जगह पर भेजा। लेकिन शंका होने पर उन्होंने उसे वापस भेज दिया। पुलिस ने रात भर संभावित स्थानों पर तलाश की। रविवार को जमवारामगढ़ थाना क्षेत्र के बुझ गांव के एक खंडहर नुमा मकान से अपहृत धरती सिंह को रिहा करवा 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। 13 अभियुक्तों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया था, बाकियों को पुलिस तलाश कर रही है।

## अब किसानों को खाद-बीज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा : इंद्राज गुर्जर

**पावटा, (निसं)।** राज्य सरकार ने विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर की अनुशंषा पर विराटनगर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोविंदपुरा धाबाई, बागावास चौरासी, तुलसीपुरा मे नवीन ग्राम सेवा सहकारी समितियों के गठन की अनुमति दी है। जिससे इन ग्राम पंचायत गांवों के किसानों को बडी राहत मिलेगी।

- **ग्राम पंचायत गोविंदपुरा धाबाई, बागावास चौरासी, तुलसीपुरा में नवीन ग्राम सेवा सहकारी समितियों के गठन की मिली अनुमति**

विधायक इंद्राज गुर्जर ने बताया कि ग्राम पंचायत गोविंदपुरा धाबाई, बागावास चौरासी, तुलसीपुरा में ग्राम सेवा सहकारी समिति की स्वीकृति से अब गावं एवं ढाणियों के किसानों को गांव से बाहर खाद-बीज के लिए नहीं जाना पडेगा। जिससे किसानों को अब कई किलोमीटर दूर जाने से छुटकारा मिल सकेगा तथा समय एवं आर्थिक बचत होगी। इन ग्राम पंचायत के किसानों को खाद-बीज तथा अल्पकालीन कृषि ऋणों के लिए के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पडता था। अब ग्राम पंचायतो में ग्राम सेवा सहकारी समिति खुलने से ग्रामीणों को फायदा मिलेगा। ग्राम सेवा सहकारी समिति खोलने पर ग्रामीणों ने विधायक का आभार जताया है।

## एसडीएम के औचक निरीक्षण में मतदान केन्द्र पर लटके मिले ताले

**मालपुरा, (निसं)।** निर्वाचन आयोग निर्देशानुसार एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशो पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी रामकुमार वर्मा के सुपरविजन मे मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षेत्र 94 ने रविवार को मतदाता सत्यापन के अन्तर्गत विशेष अभियान चलाया गया। जिसके अन्तर्गत 273 मतदान केन्द्रों पर बीएलओ उपस्थित होकर दावे व आपत्तियां प्राप्त करने के निर्देश दिये गये थे।

एसडीएम रामकुमार वर्मा द्वारा उक्त कार्य के निरीक्षण के लिए नियुक्त

- **बीएलओ को जारी किया नोटिस**



चांदसेन के बूथ संख्या 144 पर एसडीएम रामकुमार वर्मा को निरीक्षण के दौरान लटके मिले ताले।

किये गये अधिकारियों ने अपने-अपने आवंटित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची। जांच के दौरान अधिकांश मतदान केन्द्रों पर मतदाता सुची पुनर्रीक्षण कार्य सुचारू पाया गया। एसडीएम वर्मा ने भाग संख्या 144 महात्मा गांधी विद्यालय चांदसेन मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया तो बीएलओ पूरण मल ड्यूटी समय से पहले ही बूथ छोड चले गये तथा निरीक्षण में मतदान केन्द्र पर ताले लटके मिले। एसडीएम एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी के हस्ताक्षरों से कार्यालयों द्वारा बीएलओ के विरूद्ध आवश्यक अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने को लेकर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। एसडीएम वर्मा ने क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अपील करते हुए युवा मतदाताओं को जागरूक रहकर मतदाता सुची में नाम जुडवाने की अपील की है। निरीक्षण के दौरान सहायक प्रशासनिक अधिकारी निर्वाचन विभाग विष्णु बारेठ भी मौजूद रहे।

## सोसायटी के चुनाव संपन्न

**श्रीमाधोपुर।** डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान के चुनाव रविवार 13 नवंबर को डॉ. अम्बेडकर सामुदायिक भवन में शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाये गए। महेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि चुनाव संपन्न कराने में वेदप्रकाश बारोलिया, सुरेश चन्द्र वर्मा, दीपाराम वर्मा, सुखवीर सिंह बौद्ध, कन्हैयालाल शार्दूल, राजेश वर्मा, महेश प्रताप सामरिया आदि उपस्थित रहे।

## 66वीं जिला स्तरीय खेलकूद खो-खो प्रतियोगिता संपन्न

**चाकसू, (निसं)।** रविवार को कस्बा स्थित रा.उ.मा. विद्यालय के नेतृत्व में गणगौरी मैदान में आयोजित की गई 66 वीं जिला स्तरीय खेलकूद खो-खो प्रतियोगिता का समापन हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों ने विजेता टीम एवं उपविजेता टीम को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं पूर्व वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक राधेश्याम मीणा ने विजेता टीम को बधाई दी एवं एवं उपविजेता टीम को निराश नहीं होने की बात कहते हुए अगली बार नंबर वन पर आने की प्रेरणा दी। उन्होंने खिलाड़ियों को लगातार अभ्यास करने की सलाह दी कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार तंवर ने खिलाड़ियों अदम्य साहस और उनके जज्बे की प्रशंसा की। प्रतियोगिता के संयोजक एवं



रा. उ. मा. वि. पालावाला जाटान एवं राज सम्राट सी. से. प. स्कूल दूदू टीमें विजेता रही।

नोडल प्रभारी रामलाल मीणा ने बताया कि जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में 17 वर्षीय छात्र वर्ग में 38 टीमों ने भाग लिया एवं 19 वर्षीय छात्र वर्ग में 21 टीमों ने भाग लिया कुल 59 टीमों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में 17 वर्षीय छात्र वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पलावाला जाटान तुगा एवं विजय सेंट्रल एकेडमी पब्लिक स्कूल जयपुर के मध्य मुकाबला हुआ जिसमें राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पालावाला जाटान तुगा विजेता टीम रही। 19 वर्षीय छात्र वर्ग में राज सम्राट सीनियर सेकेंडरी स्कूल दूदू एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दूदू के मध्य जबरदस्त कड़ा मुकाबला देखने को मिला जिसमें राज सम्राट सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल दूदू विजेता टीम रही।

## न्याय के लिए लगाई गुहार

**उनियारा, (निसं)।** उनियारा उपखंड क्षेत्र में एक दलित व्यक्ति ने पंचायत से लेकर जिला कलेक्टर तक न्याय की गुहार लगाई। लेकिन इतना सभी कुछ करने के बाद भी नतीजा ढाक के तीन पात होने के चलते हुए आज दर दर भटकने को मजबूर बना हुआ है। फिर से एक बार आस लेते हुए उनियारा उपखंड अधिकारी नेहा मिश्रा को ज्ञापन सौंपते हुए यथाशीघ्र न्याय की गुहार लगाई है।

सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि खेड़ली ग्राम पंचायत में अपनी जमीन को 3 महीने पहले बंसी लाल मीणा ने जबरदस्ती फर्जी रजिस्ट्री करवा कर जमीन पर कब्जा कर लिया हैं। जिस व्यक्ति ने जमीन पर कब्जा किया है वह दबंग व्यक्ति है।

इसके कारण आज हम दर दर भटकने को मजबूर बने हुए है। उसको लेकर अलीगढ़ तहसीलदार, उपखंड अधिकारी उनियारा तथा जिला कलेक्टर टोंक को भी हमने ज्ञापन दिया। लेकिन हमारी जमीन अभी तक भी खाली नहीं करवाई गई हैं। हम जब जमीन खाली करवाने जाते हैं तो दबंग व्यक्ति हमको मारने पर उतारू हो जाता है तथा हमारे साथ अपमान जनक व्यवहार करता है !इस मामले को लेकर सभी को अवगत कराया जा चुका है ! लेकिन फिर भी हमारी जमीन को खाली नहीं करवाया गया है। जिसके कारण हमकों कई जटिल समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

## परामर्श शिविर आज

**श्रीमाधोपुर।** विश्व मधुमेह दिवस व चिल्ड्रंस डे पर लायंस क्लब की ओर से 14 नवंबर सोमवार को निःशुल्क मधुमेह, रक्त चाप जांच, वजन एवं परामर्श सेवा शिविर प्रातः 10 से 12 बजे तक डॉ महेंद्र प्रताप तिवाडी हॉस्पिटल स्टेशन रोड पर आयोजित किया जाएगा।

## 66वीं जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ

**चौंमू/कालाडेरा, (निसं)।** महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राधा स्वामी बाग चौंमू में 66 वी जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ। बैडमिंटन प्रतियोगिता 17 व 19 वर्ष की छात्रा के बिच आयोजित हुई।

प्रतियोगिता समापन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ शिखा मील बराला, अध्यक्ष प्रयास फाउंडेशन चौंमू ने बताया बालिकाएं खेल में भागीदारी कर आगे बढ़े व स्कूल में देश का नाम रोशन करें तथा बैडमिंटन की 17 वर्ष में विजेता टीम सोफिया पब्लिक स्कूल जयपुर, उपविजेता टीम जयश्री पेरीवाल ग्लोबल स्कूल जयपुर रहीं वहीं बैडमिंटन की 19 वर्ष में विजेता टीम आर्मी पब्लिक स्कूल जयपुर, व उपविजेता टीम संस्कार स्कूल जयपुर रही। विजेता व उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को प्रयास फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ शिखा मील बराला के द्वारा ट्रॉफी, शिल्ड देकर खिलाड़ियों का सम्मान किया। कार्यक्रम




विजेता व उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को प्रयास फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. शिखा मील बराला ने ट्रॉफी शिल्ड देकर खिलाड़ियों का सम्मान किया।

की अध्यक्षता गोपाल गुलिया पंचायत समिति सदस्य ने की। इस दौरान लालाराम ओला संयोजक, नरेंद्र कुमार सेठी कार्यवाहक प्रधानाचार्य, गुड़िया चौधरी, शारीरिक शिक्षक सरिता सिन्हा, प्रफुल्ल हरित, अभिलाषा शर्मा, मंजू चौधरी, कृष्णा कुमावत, नंदनवाला डूडी, नीरू गुर्जर, महेन्द्र शर्मा, राम प्रकाश शर्मा, सुनीता शर्मा, सुशीला मीणा, सुमन शर्मा, महेन्द्र मीणा सहित एनेक गणमान्य लोगों उपस्थित रहें। मंच संचालन संतोष सैनी के द्वारा किया गया विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया।

## खर्रा अध्यक्ष निर्वाचित हुए

**श्रीमाधोपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय)उपशाखा श्रीमाधोपुर के वार्षिक निर्वाचन 13 नवंबर रविवार को महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) में निर्वाचन अधिकारी रमाकांत शर्मा, प्रधानाचार्य महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय और जिला पर्यवेक्षक गोकुल कुमार जांगिड़ अतिरिक्त जिला मंत्री की देखरेख में संपन्न हुए। अतिरिक्त जिला मंत्री गोकुल कुमार जांगिड़ ने बताया कि चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए प्रभुदयाल खर्रा, मंत्री पद पर रामकिशन यादव, महिला मंत्री पद पर गोकुल वर्मा, कोषाध्यक्ष पद पर सागरमल जाखड़, सभा अध्यक्ष पद पर सत्यनारायण, उपसभापति पद पर संतोष अग्रवाल और महेंद्र कुमार मंगावा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मनीष कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष(पुरुष) पद पर कुंभाराम आर्य, उपाध्यक्ष (महिला) पद पर संतोष जाखड़, निर्वाचित सदस्य के रूप में अध्यापक अशोक कुमार यादव, पंचायत समिति सदस्य के रूप में श्यामलाल सैन, वरिष्ठ अध्यापक के पद पर बाबूलाल यादव, अशोक कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य के पद पर शिवपाल सिंह शेखावत आदि को मनोनीत किया गया।

# सार-समाचार

## चुनाव के लिए मतदान किया



**टोंक, (नि.स.)।** डॉक्टर अंबेडकर वेलफेयर सोसायटी राजस्थान के चुनाव के लिए रविवार को टोंक जिले के ब्लॉक स्तर पर मतदान हुआ। भीम सेना जिला अध्यक्ष अशोक बैरवा ने बताया कि टोंक जिले में वेलफेयर सोसायटी के लगभग जिले में उन्नीस सौ सदस्य भाग लिया और इसके लिए दो जगह मतदान केंद्र बनाए गए, जहां पर सभी मतदाताओं ने अपना अपना मतदान किया। अंबेडकर वेलफेयर सोसायटी अनुसूचित जाति समाज के सभी सदस्यों ने राजस्थान के लगभग 8000 आजीवन सदस्य हैं। चुनावी मतदान शुरुआत में पोलिंग एजेंट की जिम्मेदारी को लेते हुए मूलचंद बैरवा एडवोकेट, जयंती प्रकाश नकवाल, पूर्व विधायक कमल बैरवा मोहनलाल बंशीवाल, पी डी आजाद, विजय जोनी, सुदर्शन जोनवाल, भीम सेना जिला अध्यक्ष अशोक बैरवा, दूसरे पोलिंग बूथ पर रमेश बेरवा मनीष धवन बेनीवाल, विमला देवी ने जिम्मेदारी संभाली। भीम सेना जिला अध्यक्ष अशोक बैरवा ने बताया कि संपूर्ण भारत में लगभग आठ लाख गांव है, भारत में दलित हितेषी अंबेडकर संगठनों के नाम से आठ लाख संगठन बने हुए हैं, प्रत्येक संगठन एक एक गांव को भी अगर गोद ले लेता है तो समाज को न्याय मिलने में देरी नहीं लगेगी, अब समाज को एक सूत्र एक माला में जो पिरोए जाने का कार्य किया जा रहा है, वह सराहनीय है और समाज से संगठित होगा।

## क्रिकेट व टेनिस प्रतियोगिता शुरू



**टोंक, (निसं)।** शहर के आदर्श नगर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) टोंक में 66वीं जिला स्तरीय छात्र छात्रा 14 वर्ष क्रिकेट व टेनिस प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। दिल्ली पब्लिक स्कूल(डीपीएस) टोंक में 66वीं जिला स्तरीय छात्र छात्रा 14 वर्ष क्रिकेट व टेनिस प्रतियोगिता के उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि नगर परिषद सभापति एवं विशिष्ट अतिथि पार्षद सुनील बंसल, पं. शैलेन्द्र शर्मा, पूर्व सीआर फौजूराम मीणा ने विधिवत रुप से प्रतियोगिता का उदघाटन किया और अतिथियों ने खिलाडियों को खेल को खेल की भावना से खेलने का आव्हान किया। सभापति अली ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेले। उन्होने कहा कि खेल में हार से निराश नहीं होना चाहिये। एक सिक्के के दो पहलू होते है, और जीत होने पर और अधिक मेहनत करनी चाहिए। इस मौके पर शाला स्टाफ सहित क्रिकेट व टेनिस प्रतियोगिता के प्रतिभागी खिलाडी मौजूद थे।

## सायबर ठगी का मामला दर्ज

**मालपुरा, (निसं)।** व्हाटसप पर विडियो कॉल के जरिए अश्रील व आपत्तिजनक विडियो व फोटो के जरिए सायबर ठगी के शिकार हुए परिवादी ने मालपुरा थाने में मामला दर्ज कराया। थानाधिकारी भूराराम खिलेरी ने बताया कि परिवादी ने थाने में उपस्थित हो अपनी आपबीती बयां करवाया कि उसे व्हाटसप पर एक विडियो कॉल आने पर कॉल रिसिव की तो कुछ समय बाद व्हाटसप नम्बर पर उनके चेहरे का एडिट किया हुआ अश्लील विडियो डाल खाते में रूपये डाले जाने की मांग की गई तथा मांग पूरी नही होने पर वायरल किये जाने की धमकी दी गई। परिवादी की शिकायत पर सम्बन्धित के तीन मोबाईल नम्बर व तीन खाता नम्बरो को तत्काल ब्लॉक करवाया गया। थानाधिकारी ने आमजन से अपील करते हुए सायबर क्राईम के प्रति सचेत व जागरूक रहकर अज्ञात नम्बर से आये विडियो कॉल को रिसिव नही करने तथा ऐसे कॉल को नजर अंदाज कर साईबर ठगी से बचने की अपील की है।

## धरना प्रदर्शन 11 वें दिन भी जारी

**बौंली, बामनवास। (निसं)।** बामनवास थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग बालिका को पुलिस द्वारा अब तक भी बरामद नहीं करने को लेकर विभिन्न सामाजिक संगठनों ग्रामीणों व परिजनों ने सवाई माधोपुर जिला कलेक्टर के सामने धरना प्रदर्शन 11 वें दिन भी जारी रहा। इस मामले को लेकर आज धरना प्रदर्शन में भारतीय किसान सभा जिला सवाई माधोपुर के अध्यक्ष कांजी मीणा ने बताया कि 29 सितंबर को बालिका अपनी मार्कशीट लेने विद्यालय गई थी वापस लौटते समय भरतपुर निवासी निवीराज राजपूत ने अपने साथियों के साथ नाबालिग बालिका का अपहरण कर लिया। आरोपियों के खिलाफ बालिका के अपहरण का मामला भी बामनवास थाने में दर्ज है। आरोपी खुले में घूम रहे हैं और पीड़ित परिवार को धमकियां भी दे रहे हैं इस मामले को लेकर सामाजिक संगठनों में आक्रोश व्याप्त है। गंगापुर से आए जसवीर सिंह, रामप्रसाद, एसीपी मुरारी लाल, सिरजू छोटेलाल, गिर्राज प्रसाद, व नवयुवक मंडल गंगापुर आदि के लोगों ने धरने प्रदर्शन का समर्थन देकर 16 नवंबर तक बालिका के बरामद नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

## शिविर में 281 युनिट रक्त संग्रह


**पावटा, (निसं)।** राज्यमंत्री उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्रा राजेंद्र सिंह यादव के 64वें जन्मदिन पर पावटा कस्बे में जनप्रतिनिधियों व समर्थकों और कार्यकर्ताओं बडे ही उत्साह व धूमधाम से मनाते हुए फूल मालाओं साफा और तलवार, छाया चित्र भेंट कर शुभकामना दी। साथ ही केक कटवा कर भी जन्मदिन मनाया। वहीं राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह यादव के जन्मदिन पर समर्थकों, कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न संस्थाओ द्वारा सम्मान समारोह व पावटा होटल चंद्रमहल में जैन ईएनटी अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा नाक कान गला रोग चिकित्सा जाँच निशुल्क दवा वितरण शिविर एवं यादव सभा भवन पावटा में रक्तदान शिविर आयोजित किये गए। यादव महासभा अध्यक्ष भैरू हुल्डा, मैक्स संजीवनी हॉस्पिटल पावटा डॉ. सुरेंद्र यादव व लाडाकाबास पूर्व सरपंच मदन यादव, बजरंगलाल फतेहपुरा, जुगल यादव, जीतू हुल्डा ने बताया कि रक्तदान शिविर में लगभग 281 युनिट रक्त संग्रह किया गया।

## श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** लांस नायक शहीद शक्ति सिंह सैनी की द्वितीय पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन शहीद सैनिक के स्मारक स्थल पोलादास के पास श्रीमाधोपुर में किया गया। जिसमे हंसराज एडवोकेट, भगवान सहाय सैनी, राकेश सैनी, कमलेश सैनी, गिरधारीलाल सैनी, मूलचंद सैनी,भागीरथ मल सैनी, देबूलाल सैनी, प्रमोद सैनी, राजकुमार सैनी, शिवनारायण सैनी, रमेश सैनी, सुशील सैनी, हरिनारायण सैनी, महेश सैनी, मुकेश सैनी, जुगल किशोर शर्मा, रवि सैनी, विनोद सैनी,लच्छू टेलर व शहीद के पिता रतन लाल सैनी सहित सर्वसमाज के अनेक गणमान्य लोगों ने शहीद के स्मारक स्थल पर पहुंच कर शहीद सैनिक शक्ति सिंह सैनी के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## कार्यकारिणी का गठन

**पावटा, (निसं)।** ब्राह्मण अपने विवेक अपने आचरण और अनुशासन से ही विश्व में अग्रणी माना गया है हमारे पूर्वजों ने अपने तप अपनी दृढ इच्छाशक्ति के बलबूते समाज में अपना सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। इस सम्मान को सुरक्षित रखने के लिए हम सभी को उनका अनुसरण करना है। उक्त बात ग्राम सुदरपुरा में बालाजी मंदिर में तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा के तत्वधान में ब्राह्मण समाज सुदरपुरा द्वारा एक बैठक के आयोजन के दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा राजेश शर्मा ने उपस्थित विप्र समाज के बन्धुओं के बीच कही। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज सुदरपुरा इकाई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें ब्राह्मण समाज सुदरपुरा इकाई कार्यकारिणी की घोषणा की।



हार्दिक पंड्या निश्चित रूप से भविष्य में टीम की कमान संभालेंगे और कुछ खिलाड़ी संन्यास भी लेंगे, आप कुछ नहीं कह सकते। खिलाड़ी इस पर काफी विचार कर रहे होंगे। - सुनील गावस्कर

पूर्व भारतीय कप्तान, टी-20 विश्वकप में भारत की हार के बाद।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — **एलेक्स हेल्स**



कुछ महीनों पहले तक एलेक्स हेल्स इंग्लैंड के टी20 विश्व कप अभियान की योजना में भी शामिल नहीं थे लेकिन अब वह इस टूर्नामेंट में टीम के लिये सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ी हैं। 'रिक्रिएशनल' (नशे के लिये) ड्रग जांच में विफल होने के बाद इंग्लैंड की 2019 विश्व कप टीम से बाहर किये जाने के बाद हेल्स ने तीन साल क्रिकेट से बाहर अकेलेपन में गुजारे। वह केपटाउन में अपनी महिला मित्र के साथ चार हफ्ते के लिये छुट्टियों पर थे और भाग्य में कुछ और ही लिखा था। जॉनी बेयरस्टो को सितंबर में गोल्फ खेलते हुए टखने की गंभीर चोट लग गयी।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत को 1950 (ब्राजील) के विश्वकप फुटबॉल में फीफा ने इसलिए खेलने से रोक दिया क्योंकि वह नंगे पैर यहां खेलना चाहता था।

# इंग्लैंड ने पाकिस्तान को हराकर दूसरी बार टी-20 विश्वकप जीता

## जीत के नायक रहे बेन स्टोक्स ने खेली अर्द्धशतकीय पारी

मेलबर्न, 13 नवंबर। संकटमोचक हरफनमौला बेन स्टोक्स (52 नाबाद) के अर्द्धशतक की बदौलत इंग्लैंड ने टी20 विश्व कप 2022 के फाइनल में रविवार को पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर दूसरी बार टी20 विश्व कप खिताब जीत लिया।

इंग्लैंड ने खिताबी मैच में पहले गेंदबाजी करते हुए सैम करेन (12/3) की शानदार गेंदबाजी की मदद से पाकिस्तान को 137 रन पर रोक दिया था। टी20 चैंपियन बनने के लिये जॉस बटलर की टीम के सामने 138 रन का लक्ष्य था, जिसे उन्होंने एक ओवर शेष रहते हुए हासिल कर लिया।

एकदिवसीय विश्व कप 2019 के फाइनल में इंग्लैंड की जीत के नायक रहे स्टोक्स ने इंग्लैंड को यह यादगार विजय दिलाने के लिये 49 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के के साथ 52 रन बनाये।

इंग्लैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 45 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे और तब तक मैच पाकिस्तान की पकड़ में था। हैडिंग्ली और लॉर्ड्स के सूरमा स्टोक्स ने एक बार फिर अपनी टीम को संकट से निकालते हुए हैरी ब्रूक (20) के साथ 39 रनों की साझेदारी की, जबकि मोइन अली (19) के साथ 48 रन जोड़े। ब्रूक और मोइन के आउट होने के बाद भी स्टोक्स विकेट पर जमे रहे और उन्होंने 19वें ओवर में मोहम्मद वसीम जूनियर की गेंद पर विजयी रन बनाकर इंग्लैंड को दूसरी बार टी20 विश्व चैंपियन बना दिया।

इंग्लैंड ने अपना पहला टी20 विश्व कप 2010 में ऑस्ट्रेलिया को हराकर जीता था। बटलर, पॉल कॉलिंगवुड के बाद इंग्लैंड को टी20 विश्व कप जिताने वाले दूसरे कप्तान बन गए हैं। दूसरी ओर, पाकिस्तान अपना तीसरा फाइनल खेलते हुए दूसरा टी20 विश्व कप खिताब तलाश रही थी, लेकिन बाबर आज़म की टीम हारिस रऊफ (23/2) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बावजूद जीत की दहलीज को पार नहीं कर सकी।

शाहीन अफ़रीदी ने लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड को शुरुआती झटका देते हुए पहले ही ओवर में एलेक्स हेल्स को आउट कर दिया। कप्तान जॉस बटलर एक छक्के और तीन चौकों के साथ 26 रन बनाकर अच्छी लय में दिख रहे थे लेकिन हारिस ने उन्हें और फिलिप सॉल्ट को आउट करके इंग्लैंड की मुश्किलें बढ़ा दीं। इंग्लैंड ने पावरप्ले में तीन विकेट गंवाकर 49 रन बनाए, जिसके बाद बेन स्टोक्स और हैरी ब्रूक 39 रन की साझेदारी करके टीम के लिये जीत को आसान बना रहे थे। पाकिस्तान को छोटे स्कोर की रक्षा करने के लिये विकेट की आवश्यकता थी। शादाब ने हैरी ब्रूक (20) को आउट करके पाकिस्तान को यह सफलता दिलाई, जबकि दूसरे गेंदबाजों ने रनों पर लगाम लगा दी। ब्रूक का कैच पकड़ने के प्रयास में हालांकि शाहीन के घुटने में चोट लग गई और वह कुछ देर के लिये मैदान से बाहर चले गए। इंग्लैंड अगले नौ ओवरों में सिर्फ 38 रन बना सकी और उसे आखिरी पांच ओवरों में 41 रनों की आवश्यकता थी। कप्तान बाबर ने 16वां ओवर शाहीन को दिया, लेकिन वह घुटने की चोट के कारण एक ही गेंद फेंक सके और बाकी पांच गेंदें इफ्तिखार अहमद को फेंकने के लिये दी गईं। स्टोक्स ने इस ओवर में एक चौका और एक छक्का जड़कर मैच की लय बदल दी। मोइन अली ने अगले ओवर में मोहम्मद वसीम को तीन चौके जड़े जिससे मैच ने इंग्लैंड की ओर करवट ले ली। वसीम ने 19वें ओवर की दूसरी गेंद पर मोइन को आउट कर दिया, लेकिन स्टोक्स ने इसी ओवर में चौका लगाकर इंग्लैंड की जीत सुनिश्चित की। इंग्लैंड और वेस्ट इंडीज के बीच खेले गए टी20 विश्व कप 2016 के फाइनल में स्टोक्स अपनी टीम के लिये आखिरी ओवर में 19 रनों की रक्षा नहीं कर सके थे और विंडीज ने खिताब जीत लिया था। स्टोक्स ने इस बार यहां इंग्लैंड को जीत तक पहुंचाकर अपनी चूक दुरुस्त कर ली। इससे पूर्व, इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पाकिस्तान को बल्लेबाजी के लिये बुलाया और विपक्षी खिलाड़ियों को कभी तेज रफ्तार से रन बनाने का मौका नहीं दिया। सैम करेन ने पांचवें ओवर में मोहम्मद रिज़वान (15) को आउट करके इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई, जबकि मोहम्मद हारिस रन गति बढ़ाने के प्रयास में 12 गेंदों पर आठ रन बनाकर आउट हो गये। कप्तान बाबर आज़म ने 32 रन बनाये लेकिन इसके लिये उन्होंने 28 गेंदें खेलीं। इसके अलावा शान मसूद ने 38 (28) जबकि शादाब खान ने 20(14) रन का योगदान दिया। पाकिस्तान के छह बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके और टीम ने लगातार विकेट गंवाने के कारण आखिरी पांच ओवरों में सिर्फ 31 रन जोड़े। इंग्लैंड के लिये करेन ने किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में सिर्फ 12 रन देकर तीन विकेट लिये, जिनमें पाकिस्तान के लिये सर्वाधिक रन बनाने वाले शान का विकेट भी शामिल था। इसके अलावा आदिल रशीद ने चार ओवर में 22 रन देकर बाबर सहित दो बल्लेबाजों को आउट किया। क्रिस जॉर्डन ने दो विकेट लिये जबकि बेन स्टोक्स ने एक विकेट अपने नाम किया।




## मौजूदा टीम और 2014 विश्व कप के फाइनल में पहुंची टीम एक जैसीः मैसी

ब्यूनस आयर्स, 13 नवंबर। अर्जेंटीना के स्टार फॉरवर्ड लियोनल मैसी ने कहा है कि उन्हें मौजूदा टीम और ब्राजील में 2014 विश्व कप के फाइनल में पहुंचने वाली टीम में समानता नजर आती हैं। अर्जेंटीना अपने तीसरे विश्व कप की तलाश में उतरेगा। कतर में फुटबॉल विश्व कप की शुरुआत 20 नवम्बर से होनी है। अर्जेंटीना का पहला मुकाबला 22 नवम्बर को सऊदी अरब से होगा। अर्जेंटीना के ग्रुप सी की दो अन्य टीमें मैक्सिको और पोलैंड हैं। मैसी ने अर्जेंटीना के अखबार ओले से कहा, 'मुझे लगता है कि मौजूदा टीम और 2014 विश्व कप के फाइनल में पहुंची टीम में काफी समानता नजर आती है। यह एक ऐसी टीम है जो उसी गंभीरता और दृढ़ता के साथ खेलती है और यह बात सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। हम जानते हैं कि हम खिताब के लिए लड़ेंगे, लेकिन हम इस बारे में नहीं सोच रहे हैं कि हम चैंपियन बनेंगे जैसा अर्जेंटीना के प्रशंसक सोचते हैं'।

## नये कलेवर के साथ आई-लीग में उतरेगी सुदेवा

नयी दिल्ली, 13 नवंबर। सुदेवा दिल्ली फुटबॉल क्लब नये तेवर और नये कलेवर के साथ हीरो आई-लीग 2022-23 के अपने पहले मुकाबले में मुम्बई के केंकरे फुटबॉल क्लब का सामना करेगा।

सुदेवा के लिए इस बार कोच भी नया होगा, घरेलू मैदान भी नया होगा और पहली बार विदेशी खिलाड़ी इस क्लब का हिस्सा होंगे। हीरो आई-लीग खेलने वाले दिल्ली के एकमात्र क्लब का पहला मुकाबला उसके घरेलू मैदान राजधानी मॉडल टाउन स्थित छत्रसाल स्टेडियम पर होगा।

सुदेवा एफसी का घरेलू मैदान दिल्ली का प्रसिद्ध फुटबॉल स्थल डॉ. अम्बेडकर स्टेडियम हुआ करता था लेकिन इस बार राजस्थान यूनाइटेड ने इस मैदान को अपना घरेलू मैदान बना लिया है, लिहाजा सुदेवा को छत्रसाल स्टेडियम को अपना घरेलू मैदान बनाना पड़ा। सुदेवा के क्लब के अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने कुछ दिन पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में संकेत दे दिया था कि यह मैदान उनकी टीम के लिए नया होगा, क्योंकि खिलाड़ी इस पर कोई भी मैच नहीं खेले हैं और उनको अभ्यास के लिए कम समय मिला है। सुदेवा लीग में पहली बार विदेशी खिलाड़ियों के साथ मैदान पर उतरने जा रही है, जो कि क्लब की ओर से दूसरा बदलाव है। पिछली बार सुदेवा जब आई-लीग में खेली थी, तब क्लब ने सिर्फ भारतीय खिलाड़ियों को मैदान पर उतारा था, लेकिन इस बार त्रिनिदाद के नामी खिलाड़ी डेनियल साइरस (डिफेंडर), घाना के इसाक एस्सेल, नाईजीरिया के फेलिक्स चिडी ओडिली (दोनों फॉरवर्ड) और जापान के कोसुके यामाजाकी उचिडा (मिडफील्डर) सुदेवा की ताकत को बढ़ाएंगे।

इन विदेशियों के शामिल होने से अध्यक्ष अनुज गुप्ता काफी उत्साहित हैं और उन्हें बेहतर परिणाम की उम्मीद है। जब सुदेवा पहली बार हीरो आई-लीग सीजन 2021-22 में उतरी थी, तब उसने 11 टीमों की तालिका में आठवें स्थान पर रहकर अपना अभियान समाप्त किया था।

## उदिता क्रिकेट कुम्भ का शानदार समापन




जयपुर, 13 नवम्बर। रोटरी क्लब बापू नगर द्वारा आयोजित की गई उदिता क्रिकेट चैंपियनशिप 2022 के दिनांक 12 एवं 13 को आर्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी कूकस में खेले गए घमासान फाइनल क्रिकेट मैचों का शानदार समापन हुआ ! इसमें राजस्थान एवं गुजरात की 8 टीमों के मध्य खेले गए फाइनल मैचों के अंतिम दौर में रोटरी क्लब अहमदाबाद सुप्रिम एवं जयपुर रॉयल के मध्य खेले गए रोमांचक फाइनल मैच में अहमदाबाद सुप्रिम द्वारा 10 ओवरों में 138 रनों का लक्ष्य दिया गया जिसमें अहमदाबाद सुप्रिम ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए जयपुर रॉयल टीम को 111 रन पर ही समेट दिया!

इस प्रकार राजस्थान में प्रथम बार खेले गए इस मैच की विनर ट्रॉफी गुजरात अहमदाबाद सुप्रिम ने अपने कब्जे में कर ली! आर्य कॉलेज के चेयरमैन अनुराग अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी नीरज अग्रवाल, रोटरी क्लब बापुनगर प्रेसिडेंट आर एस गुप्ता, इवेंट चेयरमैन श्री पीसी संघी, अरूण आर्य एवं कॉर्डिनेटर के. एस. ढिल्लो द्वारा अहमदाबाद सुप्रिम की टीम को विनर ट्राफी प्रदान की गई! फाइनल मैचों का उद्घाटन पीडीजी अजय काला द्वारा किया गया। 12 नवंबर को आयोजित गाला डिनर में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बलवंत सिंह चिराना, जयपुर के सभी रोटरी क्लबों के प्रेसिडेंट, सेक्रेटरी, डिस्ट्रिक्ट पदाधिकारी, एवं रोटरी क्लब जयपुर बापू नगर के सदस्यों सहित लगभग 400 व्यक्तियों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया एवं बापूनगर की महिलाओं द्वारा खेले गए फनमैच ने आयोजन को रोमांचक बना दिया के समस्त सदस्यों को सहयोग एवम सहभागिता के लिए आभार

## 'सॉरी ब्रदर, इसे कर्म कहते हैं'



नई दिल्ली, 13 नवंबर। इंग्लैंड टी-20 क्रिकेट का नया चैम्पियन बन गया है, उसने पाकिस्तान को हराकर यह खिताब अपने नाम किया है। मेलबर्न में पाकिस्तान का सपना टूटा तो कई रिएक्शन सामने आए, इस बीच सोशल मीडिया पर टीम इंडिया के पेसर मोहम्मद शमी का एक ट्वीट वायरल हो गया।

फाइनल के नतीजे के बाद पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर्स का रिएक्शन भी आया, जो सोशल मीडिया पर छाया रहा। पाकिस्तान के पूर्व तेज़ गेंदबाज़ शोएब अख्तर ने वर्ल्ड कप में मिली हार के बाद टूटे हुए दिल की इमोजी ट्वीट की तो उसपर भारत के तेज़ गेंदबाज़ मोहम्मद शमी ने जवाब दिया, जो वायरल हो गया. मोहम्मद शमी ने लिखा कि सॉरी ब्रदर, इसे कर्म कहते हैं। बता दें कि वर्ल्ड कप के दौरान शोएब अख्तर लगातार टीम इंडिया की बुराई कर रहे थे और सेमीफाइनल में टीम इंडिया की हार पर जश्न मना रहे थे। ऐसे में अब जब पाकिस्तान की फाइनल में हार हुई, तब मोहम्मद शमी ने उनपर भी इस तरह का तंज कसा जो वायरल हो गया।

कुछ ही मिनटों में मोहम्मद शमी के इस ट्वीट को हजारों रिट्वीट और लाखों लाइक्स मिल गए और यह बयान ट्रेंड में भी आने लगा। यूज़र्स ने भी मोहम्मद शमी के इस ट्वीट पर मज़े लिए और लिखा कि शमी भाई एक दम रॉकी मोड में आ गए हैं और फायर कर रहे हैं।

## करेन बने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट




मेलबर्न, 13 नवंबर। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज और हरफनमौला सैम करेन ने रविवार को आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीता। टी20 विश्व कप जीतने वाली इंग्लैंड टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा रहे करेन ने टूर्नामेंट के सुपर-12 चरण में सर्वाधिक 13 विकेट लिये। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ खिताबी भिड़ंत में भी 12 रन देकर तीन विकेट चटकाए। करेन ने टूर्नामेंट में अपने 13 विकेट 11.38 की औसत से लिये, जबकि बल्लेबाज उनके खिलाफ सिर्फ 6.52 के रनरेट से ही रन बना सके। चोट के कारण टी20 विश्व कप 2021 से बाहर रहने वाले करेन ने इस साल के आयोजन में इंग्लैंड के लिये डेथ ओवरों में खास भूमिका निभाई। इंग्लिश गेंदबाज ने पावरप्ले और डेथ ओवरों जैसे महत्वपूर्ण मौकों पर गेंदबाजी करते हुए अपनी विविधता का बखूबी इस्तेमाल किया। करेन ने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार मिलने के बाद कहा, जिस तरह से मैं गेंदबाजी करता हूं, मैं अपनी धीमी गेंदों के साथ विकेट को निशाना बनाता हूं और बल्लेबाजों को अनुमान लगाने देता हूं। विश्व चैंपियन होना कितना अच्छा है।

## डेली ने नेशनल यूनाइटेड को जीत दिलाई

नयी दिल्ली, 13 नवंबर। नेशनल यूनाइटेड ने सफीला डेली के दो गोलों की मदद से रविवार को फुटबाल दिल्ली सीनियर डिवीजन लीग में दिल्ली यूनाइटेड को 3-2 से मात दी। नेहरू स्टेडियम पर खेले गए दिन के दूसरे मैच में शास्त्री एफसी ने यूनाइटेड भारत को 3-1 से हराया। डेली को उनके दो शानदार गोलों के लिये मैन आफ द मैच चुना गया। नेशनल का तीसरा गोल सौम्या ने किया। विपुल और सैवीश ने पराजित दिल्ली यूनाइटेड के गोल जमाए। दिन के दूसरे मुकाबले में शास्त्री एफसी के लिए सूफियान, राजीव और गोंटों मारियस ने गोल बनाए। यूनाइटेड भारत का गोल शुभम ने किया।

## टीम से बाहर हुए ग्लेन मैक्सवेल



मेलबर्न, 13 नवंबर। ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज और हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल पैर में फ्रैक्चर होने के कारण अनिश्चितकाल के लिये टीम से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि एक जन्मदिन की पार्टी में फिसलकर गिरने से उनके बाएं पैर में फ्रैक्चर हो गया जिसके बाद उनकी सर्जरी की गई। मैक्सवेल टी20 विश्व कप 2022 के ठीक बाद इंग्लैंड के खिलाफ आगामी एकदिवसीय शृंखला से बाहर हो गए हैं और ऐसी आशंकाएं हैं कि वह ऑस्ट्रेलिया के पूरे ग्रीष्म सत्र में क्रिकेट से दूर रह सकते हैं। उनकी अनुपस्थिति में, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 17 नवंबर से शुरू होने वाली शृंखला के लिये शॉन एबॉट को एकदिवसीय टीम में शामिल किया है। ऑस्ट्रेलिया के चयन प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा, ग्लेन अच्छी स्थिति में हैं। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना थी। हमें ग्लेन के लिए बुरा महसूस हो रहा है क्योंकि वह अपने पिछले कुछ मैचों में अच्छी लय में थे। ग्लेन हमारी सफेद गेंद टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। हम उनके इलाज और रिहैब के माध्यम से उनका समर्थन करना जारी रखेंगे।

## स्टोक्स 'सर्वश्रेष्ठ प्रतियोगी' हैंः बटलर




मेलबर्न, 13 नवंबर। इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने रविवार को टी20 विश्व कप 2022 का खिताब जीतने के बाद बेन स्टोक्स को 'सर्वश्रेष्ठ प्रतियोगी' की उपाधि दी। इंग्लैंड ने खिताबी मैच में 138 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 49 के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिये थे, लेकिन एकदिवसीय विश्व कप 2019 के फाइनल में इंग्लैंड के नायक रहे स्टोक्स ने यहां भी अपनी टीम को संकट से निकालकर जीत दिलाई। बटलर ने 49 गेंदों पर पांच चौके और एक छक्का लगाकर 52 रन की नाबाद पारी खेली, जबकि मोइन अली के साथ (19) के साथ 48 रन की मैच जिताऊ साझेदारी भी की। बटलर ने मैच के बाद कहा, टी20 विश्व कप जीतना बेहतरीन अनुभव है। यह एक शानदार टूर्नामेंट रहा है। हमने लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत की लेकिन यह आसान नहीं था। बेन स्टोक्स अंत में बेहतरीन थे। वह कुछ भी करें, उसमें सर्वश्रेष्ठ प्रतियोगी होते हैं। उनके पास अनुभव भी है। मोइन अली के साथ उनकी साझेदारी ने मैच को पाकिस्तान की पहुंच से दूर कर दिया। इंग्लैंड ने खिताबी मैच पांच विकेट से जीत लिया, लेकिन बटलर की टीम ने स्टोक्स की करिश्माई पारी से पहले सैम करेन (12/3) और आदिल रशीद (22/2) की शानदार गेंदबाजी से पाकिस्तान को 137 रन पर रोक दिया था। बटलर ने रशीद की तारीफ करते हुए कहा, आदिल का (12वां) ओवर मैच में बड़ा मौका था। वह पिछले तीन मैचों में हमारे लिये बेमिसाल रहे हैं। वह हमारे लिये चीजों को अंजाम देते हैं।

## 'शाहीन की चोट ने मैच से बाहर कर दिया'



मेलबर्न, 13 नवंबर। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आज़म ने टी20 विश्व कप 2022 के फाइनल में रविवार को इंग्लैंड के हाथों हारने के बाद कहा कि शाहीन शाह अफ़रीदी की चोट ने उन्हें मैच से बाहर कर दिया। इंग्लैंड की पारी के 13वें ओवर में हैरी ब्रूक का कैच लेते हुए शाहीन के घुटने में चोट लग गई थी। शाहीन विश्व कप से पहले ही घुटने की चोट से उभरकर टीम में वापस आए थे। शाहीन ने कैच सफलतापूर्वक पकड़ लिया, लेकिन इसके बाद वह मैदान से बाहर चले गए। जब बाबर ने उन्हें 16वें ओवर के लिये बुलाया तो वह एक गेंद ही फेंक सके और दोबारा मैदान से बाहर चले गए। इसके बाद इफ्तिखार अहमद ने 13 रन देकर ओवर पूरा किया। बाबर ने मैच के बाद कहा, इंग्लैंड को बधाई, उन्होंने अच्छी लड़ाई की। हमें यहां घर जैसा महसूस हुआ, हर मैदान पर ज़बरदस्त प्यार मिला। समर्थन के लिये आपका (प्रशंसकों का) शुक्रिया। मैंने लड़कों से कहा कि वह अपना स्वाभाविक खेल खेलें, लेकिन हम 20 रन कम बना पाए। फिर भी लड़कों ने गेंद से शानदार संघर्ष किया। हमारी गेंदबाजी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आक्रमणों में से एक है। दुर्भाग्यवश, शाहीन की चोट ने हमें मैच से बाहर कर दिया लेकिन यह खेल का हिस्सा है। इंग्लैंड ने दूसरी बार टी20 विश्व चैंपियन बनने के लिये फाइनल में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया। रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान ने इंग्लैंड को 138 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे इंग्लैंड ने बेन स्टोक्स (52 नाबाद) के अर्द्धशतक की मदद से छह गेंदें रहते हुए हासिल कर लिया।

## स्टोक्स के लिये बंधे तारीफों के पुल

मेलबर्न, 13 नवंबर। क्रिकेट के दिग्गजों और विशेषज्ञों ने टी20 विश्व कप 2022 के फाइनल में इंग्लैंड को जीत की दहलीज़ के पार पहुंचाने वाले बेन स्टोक्स के लिये रविवार को तारीफों के पुल बांधे। पाकिस्तान ने खिताबी मैच में इंग्लैंड को 138 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे जॉस बटलर की टीम ने पांच विकेट के नुकसान पर 19 ओवर में हासिल कर लिया। स्टोक्स ने 49 गेंदों पर पांच चौके और एक छक्का लगााकर नाबाद 52 रन बनाये, और एक समय पर 45 रन पर तीन विकेट गंवा चुकी इंग्लैंड को लक्ष्य तक पहुंचाया। इंग्लैंड लक्ष्य का पीछा करते हुए जब संकट में थी, तब मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने ट्वीट किया था, मैच बराबरी पर है। पाकिस्तान के लिये शादाब खान और इंग्लैंड के लिये बेन स्टोक्स महत्वपूर्ण साबित होंगे। इंग्लैंड की जीत के बाद पूर्व इंग्लिश क्रिकेटर मार्क वॉन ने कहा, इंग्लैंड दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सफेद गेंद टीम है। उनके पास खिलाड़ियों का एक अविश्वसनीय समूह है, जो अब दोनों सफेद गेंद के विश्व कप जीत चुका है। बेन स्टोक्स में उनके पास एक ऐसा खिलाड़ी है जो सिर्फ बड़े पलों को जीतना जानता है। महान टीमों को महान व्यक्तियों की आवश्यकता होती है। इंग्लैंड के पास ऐसे बहुत (खिलाड़ी) हैं। इंग्लैंड की महिला क्रिकेटर एलेक्ज़ैंड्रा हार्टली ने कहा, बेन स्टोक्स इन्हीं परिस्थितियों के लिये जन्मे हैं। बेन स्टोक्स के बल्ले से विजयी रन निकलते ही कमेंट्री बॉक्स में बैठे इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन बोल उठे कोलकाता के बुरे ख्वाब से स्टोक्स ने मुक्ति पा ली है। उल्लेखनीय है कि इंग्लैंड ने कोलकाता के ईडन गार्डन पर खेले गए टी20 विश्व कप 2016 के फाइनल में वेस्ट इंडीज का सामना किया था, जहां स्टोक्स को आखिरी ओवर में 19 रनों की रक्षा करनी थी। कारलोस ब्रैथवेट ने स्टोक्स की पहली चार गेंदों पर चार छक्के लगाकर विंडीज को विजयी बनाया था, लेकिन यहां स्टोक्स ने अपनी चूक सुधार ली।

## मुंबई किरोन को रिलीज कर सकती है

नई दिल्ली, 13 नवंबर। इंडियन प्रीमियर लीग के 16वें सीजन की तैयारियां शुरू हो गई है। बीसीसीआई ने अगले सीजन के लिए फ्रेंचाइजियों को अपने रिटेन और रिलीज करने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट देने के लिए 15 नवंबर तक का वक्त दिया है। मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स ने अपनी-अपनी लिस्ट बीसीसीआई को सौंप दी है। मुंबई इंडियंस ने कई नए खिलाड़ियों को साइन किया है। लेकिन चेन्नई सुपर किंग ट्रेडिंग के जरिए कोई बदलाव नहीं किया है। मुंबई इंडियंस ने एक चौकाने वाला फैसला लिया है। दरअसल मुबई ने कैरेबियन स्टार ऑलराउंडर और 12 साल से लगातार मुंबई इंडियंस का हिस्सा रहे किरोन पोलार्ड को रिलीज करने का फैसला लिया है। आईपीएल 2022 में पोलार्ड का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। वह पूरे सीजन काफी स्ट्रगल करते नजर आए। उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास भी ले लिया है। मुबई ने पोलार्ड के अलावा वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर फैबियन एलन और इंग्लैंड के तेज गेंदबाज टायमल मिल्स को भी रिलीज कर दिया है। वहीं मुंबई ने ट्रेडिंग के जरिए ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जेसन बेहरेनडोर्फ को साइन किया है। बेहरेनडोर्फ रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के हिस्सा भी थे। कीरोन पोलार्ड मुंबई इंडियंस में लंबे समय से जुड़े रहे हैं। वह मुंबई के एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने मुंबई के लिए कई मैचों को अपने दम पर जिताया है। आईपीएल 2022 में मुंबई ने पोलार्ड को 6 करोड़ में रिटेन किया था। लेकिन आईपीएल 2022 में पोलार्ड का प्रदर्शन खराब रहा। उन्होंने 11 मैचों में सिर्फ 144 रन बनाने और गेंदबाजी में महज 4 विकेट हासिल किए थे। ऐसे में मुबई अपने सबसे पुराने खिलाड़ी पोलार्ड को रिलीज कर सकती है।



*दुनिया का सबसे ऊँचा प्राकृतिक मेहराब (आर्च) चीन के पश्चिमी क्षेत्र "शिन्जिएंग" में है। इसे खोजने वाले अंग्रेज पर्वतारोही एरिक शिप्टन के नाम पर इसे "शिप्टन'स आर्च" नाम दिया गया। यद्यपि स्थानीय निवासी तो लम्बे समय से इस मेहराब से परिचित थे, लेकिन पश्चिमी जगत को 1947 में उस समय इसके बारे में जानकारी मिली, जब एरिक शिप्टन ने, इसे खोजने के बाद, "माउन्टेन्स ऑफ तार्तरी" नामक पुस्तक लिखी। ऐरिक शिप्टन उस समय काशहार में ब्रिटिश वाण्जियदूत थे। शिप्टन ने दक्षिण की तरफ से शिप्टन आर्च तक पहुंचने के कई असफल प्रयास किये, पर हर बार ऊँचे-ऊँचे दर्रों, घाटियों तथा चट्टानों की भूलभुलैया में फंसकर रह जाते थे। शिप्टन की खोज के सालों बाद, इस आर्च को "सर्वाधिक ऊंचे प्राकृतिक आर्च" के रुप में गिनीज़ बुक ऑफ रिकॉर्ड्‌स में शामिल करने के लिए सूचीबद्ध किया गया। लेकिन गिनीज़ बुक का सम्पादक मंडल इसकी ऊँचाई का सत्यापन करने के लिये गया, तो वहां उन्हें आर्च नहीं मिला। तब इसे गिनीज़ बुक में शामिल करने का विचार त्याग दिया गया। इस घटना के करीब 50 साल बाद, वर्ष 2000 में, "नेशनल ज्योग्राफिक" ने फिर से आर्च खोजने का अभियान स्पॉन्सर किया। बेहतर किस्म के मानचित्रों तथा इलेक्ट्रॉनिक नैविगेशन सिस्टम से युक्त इस ग्रुप को न केवल आर्च ढूंढने में कामयाबी मिली, जिसे गिनीज़ बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के सम्पादक नहीं ढूंढ पाये थे, बल्कि यह ग्रुप उसके शिखर तक चढ़ने में भी कामयाब रहा और उपयुक्त मार्ग मिलने के बाद ऊपर पहुँचकर इस आरोही दल ने आर्च की ऊँचाई का मापन किया, ताकि यह बात प्रमाणित एवं सत्यापित हो सके कि, यह दुनिया का सबसे ऊंचा प्राकृतिक आर्च है। इसकी ऊंचाई 1500 फीट (457.2 मीटर) तथा इसका द्वार 1200 फीट (366 मीटर) का है। अब यह क्षेत्र विकसित होकर पर्यटन स्थल का रुप ले चुका है।*

# वनरक्षक भर्ती परीक्षा का दूसरी पारी का पेपर निरस्त

## राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने पेपर लीक होने की संभावना और इस संबंध में मुकदमा दर्ज होने के बाद आदेश जारी किए

- **पेपर लीक के मामले में एसओजी टीम और राजसमंद पुलिस ने दरिबा में तकनीकी सहायक को गिरफ्तार किया।**
- **गिरोह के 10 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।**

जयपुर/राजसमंद, 13 नवम्बर (कासं)। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से शनिवार को दोपहर की पारी में आयोजित की गई वनरक्षक भर्ती परीक्षा निरस्त कर दी गई है। वहीं पेपर लीक करने के मामले में एसओजी टीम और राजसमंद पुलिस ने दरिबा के बिजली विभाग में तकनीकी सहायक के पद पर कार्यरत कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं इस गिरोह के 10 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

बोर्ड अध्यक्ष हरिप्रसाद ने इस संबंध में रविवार शाम निर्देश जारी करते हुए कहा कि इस पारी की परीक्षा अब जल्द ही दोबारा आयोजित की जाएगी। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि राजसमंद पुलिस की ओर से 12 नवंबर को दूसरी पारी में आयोजित की गई परीक्षा के पेपर के संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस की ओर से दर्ज मुकदमे और एसओजी से प्राप्त प्राथमिक सूचनाओं के आधार पर पेपर लीक होने की संभावना होने से बोर्ड ने दोपहर की पारी में हुए पेपर को निरस्त कर दिया है।

उधर इस मामले में एसओजी टीम और राजसमंद पुलिस ने दरिबा के बिजली विभाग में तकनीकी सहायक दीपक शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। उसने प्रश्न पत्र व आंसर शीट को सोशल मीडिया पर शेयर किया था। एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि राजस्थान कर्मचारी चयन आयोग की ओर से आयोजित वनरक्षक भर्ती परीक्षा पूरे राजस्थान में विभिन्न केन्द्रों पर आयोजित करवाई गई। शनिवार को एसओजी जयपुर की ओर से रेलमगरा थाना पुलिस को परीक्षा की दूसरी पारी के प्रश्न पत्र की आंसर शीट को परीक्षा शूरू होने से करीब एक घंटे पहले वाटसअप पर प्राप्त कर अन्य अभ्यर्थियों को भेजे जाने की सूचना मिली।

इस पर पुलिस ने पेपर लीक करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर मुख्य आरोपी दरीबा में बिजली विभाग में कार्यरत तकनीकी सहायक दीपक कुमार शर्मा (30) पुत्र नंदलाल शर्मा निवासी जाखौदा सपोटरा जिला करौली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके मोबाइल पर वाट्सएप की जांच कि तो उसमें वनरक्षक भर्ती परीक्षा सम्बन्धित प्रश्न पत्र व शनिवार को दूसरी पारी के प्रश्न पत्र के उत्तर के विकल्प सहित अन्य जानकारी मिली।

एसपी ने बताया कि मामले में अन्य 10०लोगों पवन (33) पुत्र रामलाल माली निवासी महुवाखुर्द गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर, जितेन्द्र कुमार (26) पुत्र लक्ष्मीचंद सैनी निवासी जाखौदा सपोटरा जिला करौली, हेमराज उर्फ हेतराम (24) पुत्र हजारीलाल मीणा निवासी अजयपुरा लालसौट जिला दौसा, गिरीराज (30) पुत्र मूलचन्द मीणा निवासी थली आंधी जिला जयपुर ग्रामीण, योगेन्द्र (27) कप्तान जाट निवासी टोहिला लखनपुर जिला भरतपुर, राजेश (26) पुत्र अर्जुनलाल मीणा निवासी हीरापुर कोट जिला जयपुर ग्रामीण, सांवलराम (28) पुत्र कल्याणमल मीणा निवासी हीरापुर कोट जिला जयपुर ग्रामीण, मनीष (19) सीताराम सैनी निवासी बागडोली बोली जिला सवाईमाधोपुर, विजेन्द्र (24) श्रीलाल सैनी निवासी जाखौदा सपोटरा जिला करौली सहित दिल्ली से अन्य आरोपी भरत चौधरी को हिरासत में लिया है। पुलिस इन सभी से पूछताछ करने में जुटी है।

एसपी चौधरी ने बताया कि आरोपी दीपक से पूछताछ में सामने आया कि पेपर की सूचना पवन पुत्र श्यामलाल सैनी निवासी गंगापुर सिटी सवाईमाधोपुर ने उसके वाटसअप पर वॉइस कॉल के जरिए शनिवार को दूसरी पारी के पेपर से एक घंटा पहले दी। इस दौरान आंसर शीट पांच लाख रुपए में उपलब्ध कराने की बात तय हुई। दीपक ने परीक्षा प्रश्न मय आंसर शीट उसके परिचित जितेन्द्र कुमार सैनी व हेतराम को परीक्षा से पहले वाटसअप नम्बर पर 6-6 लाख रुपयों में भेजे। चौधरी ने बताया कि दूसरी पारी के मूल प्रश्न पत्र की आंसर शीट का मिलान करने पर 62 प्रश्नों के विकल्प आरोपी दीपक शर्मा के वाट्सअप पर पाए गए। इस पर पुलिस ने पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

गौरतलब है कि 2300 पदों के लिए हुई वनरक्षक भर्ती परीक्षा के 12 नवंबर के दूसरी पारी की आंसर शीट शनिवार को पेपर शुरू होने से पूर्व ही राजसमंद के रेलमगरा थाना क्षेत्र में वायरल हो गई थी।

जिसके बाद इस मामले में पुलिस ने करौली के दीपक शर्मा को हिरासत में लिया था। दीपक ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि दौसा में लालसोट क्षेत्र के गांव अजयपुरा के हेमराज मीणा से उसने पेपर लिया। पुलिस की स्पेशल टीम ने परीक्षा देकर लौटते वक्त मोबाइल लोकेशन ट्रेस के आधार पर लालसोट रेलवे स्टेशन के पास से हेमराज मीणा को दबोचा। दौसा के पीजी कॉलेज में हेमराज का सेंटर आया था। हेमराज ने परीक्षा शुरू होने के साथ ही आंसर शीट भेजने की बात स्वीकार की है। कोतवाली पुलिस हेमराज से भी पूछताछ कर रही है।

# सचिन पायलट को मुख्यमंत्री क्यों नहीं बनाया जा रहा है?

## अपने गृह जिले जोधपुर में यह सवाल सुनते ही मुख्यमंत्री गहलोत असहज हो गए और बिना जवाब दिए रवाना हुए

- **जुलाई 2020 के बाद से यह सवाल आज भी यूं ही बना हुआ है, लेकिन कांग्रेस आलाकमान जवाब नहीं ढूंढ पा रहा है।**
- **अब राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान आने से पहले इस सवाल का जवाब मिलेगा या फिर परिस्थितियों में बड़ा बदलाव होने वाला है।**

जयपुर/ जोधपुर, 13 नवम्बर (का.प्र.) । 11 जुलाई 2020 को सचिन पायलट ने राजस्थान के उपमख्यमंत्री रहते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को चुनौती देते हुए दावा किया था कि, अशोक गहलोत अल्पमत में आ चुके हैं और 30 विधायक उनके खिलाफ हैं। उसके बाद से आज सवा 2 साल से ज्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन अशोक गहलोत राजस्थान के मुख्यमंत्री हैं और सचिन पायलट सिर्फ विधायक हैं। लेकिन आज भी सचिन पायलट के नाम पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत असहज हो जाते हैं। रविवार को जोधपुर में एक महिला पत्रकार का यह सवाल कि सचिन पायलट को मुख्यमंत्री क्यों नहीं बनाया जा रहा है, इस पर भी अशोक गहलोत असहज हो गए और बिना जवाब दिए ही रवाना हो गए हैं।

दरअसल राजस्थान में कांग्रेस की राजनीति में पिछले करीब ढाई साल से जो स्थिति बनी हुई है, उससे कोई भी अछूता नहीं है। मुख्यमंत्री के तौर पर अशोक गहलोत बने हुए हैं, तो दूसरी ओर पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट किसी भी तरह से अशोक गहलोत को चुनौती देने के मामले में पीछे नहीं रहना चाहते। तमाम स्थितियों, परिस्थितियों के बावजूद अभी तक कांग्रेस आलाकमान जो कि, अभी तक तो कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर सोनिया गांधी थी, वहीं अब कांग्रेस अध्यक्ष पद पर गैर गांधी अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुए मलिकार्जुन खड़गे हैं, यह अभी तक तय नहीं कर पा रहे हैं कि, आखिरकार राजस्थान में होना क्या है। यही कारण है कि राजस्थान कांग्रेस ने आलाकमान को जो सीधी चुनौती, जिसमें कि समानांतर विधायक दल की बैठक बुलाई गई थी। इसके बाद आलाकमान की ओर से तीन नेताओं को नोटिस भी दिए गए थे, लेकिन इतना होने के बावजूद आज भी आलाकमान ना तो समानांतर विधायक दल की बैठक बुलाने वालों के खिलाफ कुछ कर पाया है, ना यह तय कर पाया है कि, राजस्थान कांग्रेस में जो टकराव बना हुआ है, उसे कैसे खत्म किया जाए।

इन सारी बातों के बीच आज भी एक सवाल सबसे बड़ा जो बना हुआ है। वह यह है कि, क्या आलाकमान से मिलने अपने 18 साथियों के साथ दिल्ली मानेसर गए हुए सचिन पायलट को पार्टी आलाकमान आगे आने वाले समय में किस स्थिति में देखना चाहता है। यहां यह बात तो बहुत महत्वपूर्ण है कि, सचिन पायलट को कांग्रेस आलाकमान उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव, मध्यप्रदेश विधानसभा उपचुनाव, आसाम विधानसभा चुनाव, हिमाचल विधानसभा चुनाव में बतौर स्टार प्रचारक तो काम लेना चाहता है, लेकिन क्या जिस वादे के साथ उन्हें राजस्थान भेजा गया था, वह वादा भी निभाना चाहता है। यहां यह बात भी महत्वपूर्ण है कि, क्या वास्तव में सचिन पायलट से कांग्रेस आलाकमान ने कोई वादा किया था। या सिर्फ पायलट समर्थक ही इस बात का प्रचार कर रहे हैं। इस बात का खुलासा भी या तो गांधी परिवार कर सकता है, या उस परिवार के नजदीकी लोग इस बात का खुलासा कर सकते हैं। इन बातों का खुलासा नहीं होता है तब तक हर दिन नया सवाल खड़ा होता रहेगा।

इन सभी सवालों के बीच अब 3 दिसंबर से राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में प्रवेश करने वाली है। जिस क्षेत्र में यह यात्रा प्रवेश करेगी, वहां से लेकर जिस क्षेत्र से यह यात्रा राजस्थान से बाहर जाएगी, उस तमाम क्षेत्र में सचिन पायलट का वर्चस्व माना जाता है।

भारत जोड़ो यात्रा के लिहाज से तो यह वर्चस्व सकारात्मक है, लेकिन यदि इस क्षेत्र से गुजरने के दौरान राहुल गांधी की यात्रा में सचिन पायलट के चाहने या नहीं चाहने के बावजूद कुछ इस तरह की बातें हो जाती हैं, जो कि राजनीति में सहज नहीं कही जा सकती, तो कांग्रेस इन बातों को किस तरह से लेगी, यह सवाल बहुत महत्वपूर्ण है।

उल्लेखनीय है कि, 2 दिन पूर्व जयपुर में प्रियंका गांधी के बेहद नजदीकी माने जाने वाले नेता आचार्य प्रमोद कृष्णन ने राजस्थान को लेकर कहा है कि, यहां के लिये कांग्रेस आलाकमान फैसला ले चुका, जिसे सुनाया जाना बाकी है।

अब इस बात में भी सवाल यही है कि यह फैसला क्या 3 दिसंबर से पहले सुनाया जाएगा या फिर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान से जाने के बाद यह फैसला होगा। इन दोनों ही परिस्थितियों में सचिन पायलट के समर्थक और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ रहने वाले विधायक किस तरह का व्यवहार करते हैं, यह बात बहुत महत्वपूर्ण है।

वैसे तो 25 सितंबर को जब कांग्रेस आलाकमान की ओर से राजस्थान में विधायक दल का नेता चुनने के लिए मलिकार्जुन खड़गे, जो कि अब कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन चुके हैं और राजस्थान के प्रभारी अजय माकन को भेजा गया था। उस दौरान समानांतर बैठक बुलाई गई थी और उसी आधार पर तीन नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। 50 दिन के बावजूद ना तो उन तीन नेताओं पर कोई कार्यवाही हुई और ना कांग्रेस आलाकमान यह तय कर पाया कि उसे करना क्या है। उसके बाद से ही अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। अब देखना यह है कि जिस तरह के सवाल उठ रहे हैं और 3 दिसंबर को राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में प्रवेश कर रही है। उस यात्रा से पहले क्या कांग्रेस आलाकमान बड़ा फैसला लेने वाला है, या फिर यात्रा के दौरान होने वाली घटनाएं राजस्थान कांग्रेस की परिस्थितियों को बदलने वाली है।

### मुंबई एयरपोर्ट...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

की ईंटें छिपाकर रखी थीं।

अधिकारियों ने यू.ए.ई. की बनी 53 किलो सोने की ईंटें बरामद की हैं। यह बेल्ट दोहा में एक सूडानी नागरिक ने उसे दी थी। एयरपोर्ट पर ट्रांजिट के समय चुपके से उसे यह बेल्ट दे दी गई थी। चार लोगों को इस मामले में गिरफ्तार किया गया और कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। इस सोने की कीमत 28 करोड़ रुपये के लगभग बताई गई है।

इसी तरह दुबई से आने वाले तीन लोगों के पास से 8 किलो सोना बरामद किया गया जिसकी कीमत 3.88 करोड़ रुपये बरामद किया गया। इनमें तीन महिलाएं भी शामिल थीं। वे वैक्स के रूप में सोना लाए थे। इस सोने के कमर के पास छिपाया गया था। इसमें से एक महिला ऐसी भी थी जिसकी उम्र 60 साल के आसपास थी। वह व्हीलचेयर पर थी। इन तीनों को भी गिरफ्तार करके हिरासत में भेज दिया गया है।

# भारत के पहले निजी रॉकेट की लॉन्चिंग टली

## खराब मौसम रॉकेट की समय पर लॉन्चिंग में परेशानी बना, अब 18 नवम्बर के बाद लॉन्च करने का कार्यक्रम तय हुआ

- **हैदराबाद स्थित कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस ने देश का पहला निजी रॉकेट विकसित किया है। रॉकेट लॉन्चिंग के लिए पहले 15 नवंबर की तारीख निर्धारित की गयी थी।**
- **इस मिशन के साथ स्काईरूट अंतरिक्ष में रॉकेट प्रक्षेपित करने वाली भारत की पहली निजी अंतरिक्ष कंपनी बनने को तैयार है। इससे अंतरिक्ष क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत होगी।**

हैदराबाद, 13 नवम्बर। हैदराबाद स्थित अंतरिक्ष स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस ने रविवार को कहा कि खराब मौसम की वजह से भारत के पहले निजी तौर पर विकसित रॉकेट विक्रम-एस का उप-कक्षीय प्रक्षेपण तीन दिनों के लिए (18 नवंबर तक) स्थगित हो गया है। स्काईरूट एयरोस्पेस के प्रवक्ता ने कहा, खराब मौसम के पूर्वानुमान के कारण, हमें श्रीहरिकोटा से हमारे विक्रम-एस रॉकेट प्रक्षेपण के लिए 15-19 नवंबर तक एक नयी विंडो दी गई है, जिसकी सबसे संभावित तारीख 18 नवंबर को सुबह 11.30 बजे है। प्रक्षेपण के लिए पहले 15 नवंबर की तारीख निर्धारित की गयी थी।

स्काईरूट एयरोस्पेस का प्रारम्भ नामक पहला मिशन दो भारतीय और एक विदेशी ग्राहकों के अंतरिक्ष उपकरण (पेलोड) को ले जाएगा और श्रीहरिकोटा में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रक्षेपण स्थल से प्रक्षेपण को तैयार है। इस मिशन को स्काईरूट के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जाता है, क्योंकि यह उन 80 प्रतिशत तकनीकों को मान्यता दिलाने में मदद करेगा, जिनका उपयोग विक्रम-1 कक्षीय वाहन में किया जाएगा, जिसे अगले साल प्रक्षेपित करने की योजना है। स्काईरूट के एक प्रवक्ता ने कहा, जिस प्रमुख क्षेत्र की हम बारीकी से निगरानी करेंगे, वह हमारे ठोस ईंधन वाले रॉकेट इंजन कलाम -1 का प्रदर्शन होगा।

चेन्नई स्थित एयरोस्पेस स्टार्टअप स्पेसकिड्ज भारत, अमेरिका, सिंगापुर और इंडोनेशिया के छात्रों द्वारा विकसित 2.5 किलोग्राम पेलोड फन-सैट प्रक्षेपित करेगा। इस मिशन के साथ स्काईरूट अंतरिक्ष में रॉकेट प्रक्षेपित करने वाली भारत की पहली निजी अंतरिक्ष कंपनी बनने को तैयार है। इससे अंतरिक्ष क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत होगी। निजी क्षेत्र की भागीदारी को सुविधाजनक बनाने के लिए इसे 2020 में खोला गया था।

### चुनाव आते ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के खिलाफ कांग्रेसी नेताओं के गलत शब्दों को भाजपा भुना लेती है। पी.एम. पर अटैक होता है तो भाजपा इसे कांग्रेस की मानसिकता बताने लगती है। इस तरह वह आम जनता की सहानुभूति हासिल कर लेती है। नतीजा, कांग्रेस का प्रदर्शन लगातार पूरे देश में कमजोर होता चला जा रहा है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी लगातार हावी होती गई है।

प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ गलत शब्दों का इस्तेमाल करने वाले कांग्रेसी नेताओं की फेहरिस्त काफी लंबी है। इसमें राहुल गांधी तक का नाम शामिल है। इसके अलावा मणिशंकर अय्यर, सुबोधकांत सहाय, रणदीप सुरजेवाला, अलका लांबा, शेख हुसैन, अजय राय भी यह कारनामा अंजाम दे चुके हैं। अब इन कांग्रेसी नेताओं की जुबान फिसल जाती है या फिर वह किसी रणनीति के तहत ऐसा करते हैं यह तो वही जाने, लेकिन लांग टर्म में यह कांग्रेस के लिए कहीं से भी फायदा पहुंचाने वाली नहीं दिख रही।

# कांग्रेस ने कमल के निशान से जी-20 के लोगो के राजनीतिकरण का आरोप लगाया

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, कमल का फूल देश की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है, 1857 की आजादी की लड़ाई में भी कमल की भूमिका रही थी

- **कांग्रेस ने इस लोगो पर निशाना साधते हुए कहा था कि, जी-20 के लोगो में भाजपा के चुनाव चिह्न का इस्तेमाल चौकाने वाला है। कांग्रेस ने कहा था कि, प्रधानमंत्री प्रचार का कोई मौका नहीं छोड़ते।**
- **कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा था कि, पं. जवाहरलाल नेहरू ने कांग्रेस के झण्डे को राष्ट्र ध्वज बनाने से इनकार कर दिया था, लेकिन आज भाजपा अपने चुनाव चिह्न का इस्तेमाल जी-20 के लोगो में कर रही है।**

नई दिल्ली, 13 नवम्बर। जी-20 के नए लोगो पर सवाल उठाने वालों पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जमकर निशाना साधा है। असल में जी20 के लोगो में कमल का निशान होने को लेकर सवाल उठाए गए थे। अगले महीने से भारत जी 20 की अध्यक्षता करने जा रहा है। इसी सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी 20 का नए लोगो का अनावरण किया था। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि इस बार जी 20 का मंत्र है, एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य। उन्होंने कहा था कि इस लोगो में कमल कठिन समय में उम्मीद की किरण दिखाता है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हरियाणा के झज्जर में एक जनसभा में कहा, हमारी विरासत को लेकर भी सवाल उठाए जाते हैं। ये हमारे भारत की अस्मिता से जुड़े हुए प्रतीक हैं। जी-20 यानी दुनिया के ऐसे देशों का सम्मेलन यहां होने जा रहा है जो कि दुनिया की 85 फीसदी अर्थव्यवस्था पर पकड़ रखते हैं। ऐसे सारे बड़े बड़े सम्मेलन भारत में होने जा रहा है। उस सम्मेलन के लिए हमारे प्रधानमंत्री ने लोगो जारी किया। लोगो में कमल का फूल बना हुआ है। कमल का फूल देखकर लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया और कहा कि कमल का फूल तो भाजपा का चुनाव चिह्न है। उन्होंने कहा, आरोप लगाने की भी एक सीमा होती है। सच्चाई यह है कि कमल का फूल भारत में ही सरकार ने 1950 में राष्ट्रीय पुष्प घोषित कर दिया था। कमल का फूल देश की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। 1857 में पहले संग्राम के वक्त तो आजादी के मतवालों ने एक हाथ में रोटी और दूसरे में कमल का फूल लेकर लड़ाई लड़ी। क्या यह करके प्रधानमंत्री ने कोई अपराध किया? यानी किसी राजनीतिक पार्टी का चुनाव चिह्न पंजा है तो क्या पंजा ही काट देना चाहिए। क्या किसी का चुनाव चिह्न साइकल है तो साइकल पर बैठना ही नहीं चाहिए?

### हवा में टकराकर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वीडियो भी शेयर किए गए हैं। इनमें से एक में नजर आ रहा है कि बहुत ज्यादा ऊंचाई पर नहीं उड़ रहे दो विमान पंखों के जरिए टकरा गए। एक्सीडेंट के तुरंत बाद ही दोनों विमान आग का गोला बनकर जमीन पर गिरे। बोल्डर काउंटी शैरिफ ऑफिस की तरफ से जारी जानकारी के अनुसार, एक मलबे से दो लोगों के शव मिले हैं। जबकि, एक अन्य दूसरे मलबे मे मिला।

इधर, घटना की गंभीरता के मद्देनजर फेडरल एविएशन एडमिनिसट्रेशन और नैशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड ने जांच शुरू कर दी है। डेलास मेयर ने ट्वीट किया, जैसे कि आप में कई लोगों ने देखा कि हमारे शहर में एयरशो के दौरान एक दुखद घटना हुई। फिलहाल, पूरी जानकारी नहीं मिल पाई है या मिली जानकारी की पुष्टि नहीं हो सकी है। नैशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड ने घटनास्थल की कमान संभाल ली है। डेलास पुलिस विभाग और डेलास फायर रेस्क्यू की तरफ से मदद पहुंचाई जा रही है।

### हिमाचल में...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उन्होंने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के तहत दत्तानगर मतदान केन्द्र 49 पर तैनात मतदान दल के छह कर्मियों को तुरंत निलंबित कर दिया।

# राष्ट्रपति पर टिप्पणी करने वाले मंत्री का आदिवासी समाज ने भारी विरोध किया

- **आदिवासी समाज के लोगों ने तृणमूल के मंत्री की कार रोकी, विवादित बयान देने वाले मंत्री अखिल गिरी के खिलाफ एफ.आई.आर दर्ज।**
- **अखिल गिरी की टिप्पणी के विरोध में आदिवासी समाज के लोगों ने रविवार को बांकुड़ा में सड़क जाम कर दी। कई आदिवासी समितियों के समर्थक आज खटड़ा, बांकुड़ा में सड़कों पर उतर आए। इन लोगों ने पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री ज्योत्सना मंडी की कार को रोक दिया और जोरदार प्रदर्शन किया।**

कोलकाता, 13 नवम्बर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर अपमानजनक टिप्पणी करने वाले तृणमूल कांग्रेस के नेता अखिल गिरी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। भाजपा सांसद लॉकेट चटर्जी ने रविवार को गिरी के खिलाफ नॉर्थ एवेन्यू पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। चटर्जी ने गिरी के खिलाफ आईपीसी और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) अधिनियम की धाराओं के तहत तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि पार्टी चीफ ममता बनर्जी को गिरी को बर्खास्त कर देना चाहिए और खुद राष्ट्रपति मुर्मू से इस घटना के लिए माफी मांगनी चाहिए।

एफ आई आर दर्ज कराने के बाद चटर्जी ने कहा, ममता बनर्जी को इस मामले पर बयान देना चाहिए। अखिल गिरी उनकी सरकार में मंत्री हैं, उन्हें उन्हें तुरंत बर्खास्त किया जाना चाहिए। वे दिल्ली आएं और माफी मांगें। वह जनता के बीच राष्ट्रपति के बारे में बहुत कुछ कह सकती हैं, लेकिन उनके मंत्रियों की यही असली भावना है।

वहीं, अखिल गिरी की टिप्पणी के विरोध में आदिवासी समाज के लोगों ने रविवार को बांकुड़ा में सड़क जाम कर दी। कई आदिवासी समितियों के समर्थक आज खटड़ा, बांकुड़ा में सड़कों पर उतर आए। इन लोगों ने पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री ज्योत्सना मंडी की कार को रोक दिया।

### अमेरिका में...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

राष्ट्रपति ट्रंप के लिए 2024 की राह मुश्किल हो सकती है। ट्रंप 2024 में दोबारा चुनाव लड़ना चाहते हैं। वहीं यह चुनाव बाइडन की नीतियों और अब तक उनकी ओर से कराए गए कार्यों और शासन का सोशल ऑडिट जैसा होगा। यदि बाइडन बढ़त को कायम रखते हैं तो यह उनके लिए अच्छा संकेत माना जाएगा।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंभाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908